3 राजधानी
जैन की मालिश करने वाला फिजियोथैरैपिस्ट नहीं

6 अभिमत
गुजरात बर्बाद करेंगे 'आप' या कांग्रेस

9 राष्ट्रीय
मैं किसी से नहीं डरता: शशि थरूर

10 विदेश
नेपाल में बहुमत की ओर एनसी नीत गठबंधन



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 21
नई दिल्ली, बुधवार, 23 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




बातचीत के लिए दरवाजे खुले हैं
स्पोर्ट्स-12

# असम-मेघालय सीमा पर हिंसा, छह की मौत

**मरने वालों में असम का एक वनकर्मी भी शामिल, अवैध रूप से लकड़ी लेकर जा रहे ट्रक को असम पुलिस के रोकने के बाद भड़की हिंसा**

- दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद पर दूसरी दौर की बातचीत से कुछ दिन पहले हुई घटना, सीमा पर सुरक्षा कड़ी
- असम सरकार ने एसपी का किया तबादला, हिंसा में शामिल पुलिस और वन कर्मियों पर कार्रवाई के आदेश, तटस्थ एजेंसी करेगी जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी/शिलांग



असम-मेघालय सीमा पर मंगलवार को भड़की हिंसा में चार लोगों की हुई मौत

**अवैध** रूप से लकड़ी ले जा रहे ट्रक को रोके जाने पर असम-मेघालय सीमा पर मंगलवार को हिंसा भड़क उठी। इसमें वन रक्षक समेत छह लोगों की मौत हो गई। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा को टैग करते हुए शिकायत की है कि असम पुलिस और वन रक्षकों ने उनके राज्य की सीमा में घुसकर अकारण ही फायरिंग की।

संगमा की नेशनल पीपल्स पार्टी भाजपा नीत एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। असम सरकार ने कहा कि हिंसा के मामले की जांच किसी केंद्रीय या तटस्थ एजेंसी से कराई जाएगी। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य सरकार ने घटना में कथित रूप से शामिल पुलिस और वन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का भी आदेश दिया है और कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया गया है। हालांकि असम पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि लकड़ी ले जा रहे ट्रक को राज्य के पश्चिमी कार्बी आंगलोंगजिले में वन विभाग की टीम ने पकड़ा था। इसके बाद मेघालय की तरफ से एक भीड़ आई और पुलिस तथा वन विभाग की टीम पर हमला बोल दिया। हालात को काबू करने के लिए असम पुलिस को गोलीबारी करनी पड़ी। मेघालय के मुख्यमंत्री संगमा ने कहा कि मारे गए छह लोगों में पांच मेघालय के पश्चिमी जैंतिया जिले के मुकरोह गांव के रहने वाले थे और एक असम वन विभाग का कर्मी था।

असम पुलिस ने मरने वालों की संख्या वन कर्मी समेत चार बताई है। संगमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेघालय सरकार इस घटना की कड़ी निंदा करती है। उन्हें उम्मीद है कि फायरिंग के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी और न्याय किया जाएगा। उन्होंने अपने राज्य के लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की है। पश्चिमी कार्बी आंगलोंग के एसपी इमदाद अली ने कथित रूप से कहा कि तड़के करीब तीन बजे असम वन विभाग के कर्मियों ने अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहे ट्रक को मुकरु इलाके में रोका। यह ट्रक मेघालय के पश्चिमी जैंतिया हिल्स जिले की ओर जा रहा था। जब इस ट्रक ने भागने की कोशिश की तो वन रक्षकों ने इस पर फायरिंग की और एक टायर पंक्चर कर दिया। एक व्यक्ति के साथ चालक को पकड़ लिया गया। अन्य लोग भाग गए। इसके बाद मेघालय की तरफ से हाथों में खंजर लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और गिरफ्तार किए लोगों की रिहाई की मांग करने लगे। भीड़ ने वन विभाग के कर्मियों और पुलिस को घेर लिया तथा उन पर हमला किया, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को गोलियां चलानी पड़ी। पुलिस अधीक्षक अली ने कहा कि घटना में वन विभाग के एक होम गार्ड और मेघालय से खासी समुदाय के तीन लोगों की मौत हो गई। स्थिति अब नियंत्रण में है।

उन्होंने बताया कि जिले के शीर्ष अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। वन कर्मी विद्यासिंग लेखटे की मौत कैसे हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। संगमा ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा भी की है। उन्होंने ट्वीट किया कि आज मंत्रिमंडल की बैठक होगी और इस घटना के संबंध में सरकार की आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस बीच, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेघालय की सीमा से लगते सभी जिलों को सतर्क कर दिया गया है और वहां पुलिस को चौकन्ना रहने के लिए कहा गया है। हालांकि राज्यों के बीच वाहनों या लोगों के आने-जाने पर कोई पाबंदी नहीं है। गुवाहाटी पुलिस ने प्रदेश की राजधानी के जोराबात इलाके में जांच चौकियां बनाई हैं, ( शेष पेज 8 )

# खिताब की दावेदार अर्जेंटीना 49वें नंबर की टीम सऊदी अरब से हारी

- 2-1 से हारकर ग्रुप में आखिरी पायदान पर पहुंची अर्जेंटीना

## फीफा विश्व कप में बड़ा उलटफेर

**एजेंसी।** लुसैल (कतर)



सऊदी अरब से हार के बाद निराश खड़े अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेसी

**सऊदी** अरब ने मंगलवार को यहां लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की टीम को 2-1 से हराकर विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों को हतप्रभ कर दिया। मेसी की टीम को शुरू में ही हार मिलने से इस स्टार स्ट्राइकर की पहली बार विश्व चैंपियन बनने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा।

अर्जेंटीना की इस हार ने 1990 के विश्व कप में डियागो माराडोना की अगुवाई वाली टीम की कैमरून के हाथों पहले मैच में1-0 से हार की यादें भी ताजा हो गई। सऊदी अरब की तरफ से सालेह अलशहरी और सलेम अल्दावसारी ने दूसरे हाफ में पांच मिनट के अंतराल में दो गोल करके अर्जेंटीना के प्रशंसकों को निराश कर दिया। अर्जेंटीना की तरफ से मेसी ने 10वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला था। यह विश्वकप के सबसे बड़े उलटफेर में से एक है। इस फुटबॉल महासमर में इससे पहले भी कुछ बड़े उलटफेर हुए हैं, जैसे कि 2002 में सेनेगल की तत्कालीन मौजूदा चैंपियन फ्रांस पर 1-0 की जीत और 1950 में अमेरिका का इंग्लैंड को इसी अंतर से हराना। मेसी के पांचवें और संभवत: अंतिम विश्वकप में मिली इस हार से अर्जेंटीना का पिछले 36 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान भी थम गया।

अर्जेंटीना को अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए मैक्सिको और पोलैंड के खिलाफ होने वाले मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से खेलने वाले मेसी ने मैच समाप्त होने के बाद सऊदी अरब के कोचिंग स्टाफ से हाथ मिलाया लेकिन उनके चेहरे से निराशा साफ झलक रही थी। वह मैच समाप्त होने के बाद अपने हाथों को कूल्हों पर रखकर चुपचाप खड़े हो गए थे। सऊदी अरब की असंभव जीत के नायक अल्दावसारी रहे जिन्होंने खेल के 53वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर ऊंची गेंद को संभाल कर एक डिफेंडर को छकाया और फिर दूसरे डिफेंडर को चकमा देकर करारा शाट जमाया।

अर्जेंटीना के गोलकीपर इमी मार्टिनेज ने गेंद पर हाथ लगाया लेकिन शॉट इतना करारा था कि वह उसे रोक नहीं पाए। मेसी के चेहरे से साफ लग रहा था कि वह गोल होने से सकते में हैं। दूसरी तरफ सऊदी अरब के दर्शकों ( शेष पेज 8 )

# आफताब का पॉलीग्राफी टेस्ट शुरू, रिमांड 4 दिन और बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पॉलीग्राफी प्रक्रिया में लग सकता है एक-दो दिन का समय, पुलिस आयुक्त ने की केस की समीक्षा
- प्रेमी जोड़े के फ्लैट में बाथरूम से मिले खून के धब्बे, डीएनए जांच को भेजे गए

**अपनी** लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का पॉलीग्राफ टेस्ट अदालत की मंजूरी के बाद मंगलवार शाम को किया गया। पुलिस को प्रेमी जोड़े के फ्लैट की जांच के दौरान वहां से खून के धब्बे सहित अन्य सबूत भी मिले हैं। इससे पहले दिन में अदालत ने पूनावाला की पुलिस हिरासत चार दिन के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान पूनावाला ने अदालत को बताया कि उसने क्षणिक आवेश में आकर हत्याकांड को अंजाम दिया और ऐसा उसने जानबूझ कर नहीं किया है।

हालांकि आरोपी के वकील अविनाश कुमार ने पूनावाला से बात करने के बाद कहा कि उसने अदालत में कभी यह कबूल नहीं किया कि उसने वालकर की हत्या की है। सूत्रों ने कहा कि पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए सिलसिलेवार प्रश्नों की सूची तैयार की गई, ताकि इस जघन्य हत्याकांड में पूरे घटनाक्रम को समझा जा सके। पॉलीग्राफ टेस्ट के बाद पुलिस के नार्को टेस्ट कराने की संभावना है, जिसकी अनुमति अदालत ने पिछले सप्ताह दी थी। विशेषज्ञों ने मंगलवार शाम को आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू किया। एफएसएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पॉलीग्राफ टेस्ट की प्रक्रिया में समय लग रहा है। यह कैसे आगे बढ़ता है, इसके आधार पर यह एक या दो दिन तक चल सकता है। पुलिस को अभी वालकर का कटा हुआ सिर और शरीर के अन्य अंग नहीं मिले हैं।

हत्या में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य महत्वपूर्ण सबूत जुटाने बाकी है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसने हत्या में प्रयुक्त हथियार और औजारों को मई के बाद गुड़गांव में डीएलएफ फेज तीन के वन क्षेत्र में फेंक दिया। पांच दिन की पुलिस हिरासत मंगलवार को समाप्त हो गई थी। इसी के साथ पूनावाला को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उसकी हिरासत चार दिन और बढ़ा दी। पुलिस ने इस आधार पर उसकी हिरासत बढ़ाने की मांग की कि उसके द्वारा किए गए खुलासों के आधार पर शरीर के और अंग तथा हथियार बरामद किए ( शेष पेज 8 )

# चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 6 को सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह सरकार की हालिया अधिसूचना को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर की उस याचिका पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विधानसभा चुनावों वाले साल के लिए चुनावी बॉन्ड की बिक्री की अवधि 15 दिन और बढ़ाने संबंधी प्रावधान किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि वह 2018 की चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ कांग्रेस नेता जया ठाकुर की नई याचिका पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगी। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बॉन्ड को पेश किया गया है। सरकार ने दो जनवरी 2018 को चुनावी बॉन्ड योजना



को अधिसूचित किया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, भारत के किसी भी नागरिक, भारत में निगमित या स्थापित निकायों द्वारा चुनावी बॉन्ड की खरीद की जा सकती है।

केवल वही दल चुनावी बॉन्ड प्राप्त करने के लिए पात्र हैं, जो जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल हैं और जिन्होंने पिछले आम चुनाव में लोकसभा में या राज्य की विधानसभा चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत मत प्राप्त किए हैं। अधिसूचना के अनुसार, पात्र राजनीतिक दल द्वारा अधिकृत बैंक खाते के माध्यम से ही चुनावी बॉन्ड को भुनाया जा सकता है।

# पटना में आज तेजस्वी से मिलेंगे आदित्य ठाकरे

**भाषा।** नई दिल्ली/मुंबई

**विपक्ष** को एक मंच पर लाने के प्रयास के तहत शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे बुधवार को पटना जाएंगे, जहां पर वे बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात करेंगे। शिवसेना सूत्रों के मुताबिक आदित्य ठाकरे के साथ पार्टी के अन्य नेता भी रहेंगे जिसमें पार्टी के सचिव और सांसद अनिल देसाई तथा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी शामिल हैं। भाजपा के साथ रिश्ते तोड़ने के बाद, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला महागठबंधन विपक्ष को लगातार एकजुट करने का प्रयास कर रहा है, वहीं उसी तरह का प्रयास जूनियर ठाकरे भी कर रहे हैं। पिछले हफ्ते आदित्य ने पार्टी के कुछ नेताओं के साथ राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया था। यह यात्रा अब महाराष्ट्र की सीमा पार कर चुकी है। आदित्य ठाकरे युवा शिवसेना के अध्यक्ष हैं तथा महाविकास अघाड़ी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। एमवीए सरकार के पतन के बाद से अपने गुट की शिवसेना को एकजुट रखने का भरसक प्रयास कर रह हैं।

# भारत ने म्यांमार से उठाया मानव तस्करी का मुद्दा

- पिछले दो महीने में 50 से अधिक बंधकों को वहां से छुड़ाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट द्वारा अपने नागरिकों की मानव तस्करी का मुद्दा म्यांमार के साथ उठाया है। नौकरी का झांसा देकर दर्जनों भारतीय नागरिकों को म्यांमार के म्यावाडी क्षेत्र में बंधक बना लिया गया था और पिछले दो महीने के भीतर 50 से अधिक लोगों को वहां से निकाल लिया गया है।

बीते 20 नवंबर को अपनी दो दिवसीय यात्रा पर गए भारतीय के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने अपने समकक्षों के साथ इस मामले में विस्तृत चर्चा की। थाईलैंड की सीमा से सटे दक्षिणपूर्वी म्यांमार के कायिन राज्य में म्यावाडी क्षेत्र पूरी तरह से म्यांमार सरकार के नियंत्रण में नहीं है और कुछ जातीय सशस्त्र समूहों का इस पर नियंत्रण है। बीते अक्टूबर में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अब तक बचाए गए भारतीयों की संख्या का विवरण देते हुए कहा था कि इस नौकरी रैकेट में कथित रूप से शामिल एजेंटों का विवरण उचित कार्रवाई के लिए विभिन्न राज्यों के साथ साझा किया गया है। उन्होंने कहा था कि लाओस और कंबोडिया में भी इसी तरह के जॉब रैकेट के मामले सामने आए हैं।

वियनतियाने, नोम पेन्ह और बैंकॉक में हमारे दूतावास वहां से लोगों को वापस लाने में मदद कर रहे हैं। इससे पहले 5 जुलाई को भारतीय मिशन ने नौकरियों की पेशकश करने वाले ठगों के खिलाफ एक चेतावनी जारी की थी। ये जालसाज म्यांमार के सुदूर पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित डिजिटल स्कैमिंग/फर्ज क्रिप्टो गतिविधियों में लगी कुछ आईटी कंपनियां रोजगार के अवसरों के बहाने अपने एजेंटों के माध्यम से भारतीय श्रमिकों की भर्ती करती हैं। भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में म्यांमार महत्वपूर्ण ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,418 ↑ 274 | |
| निफ्टी | 18,244 ↑ 84 | |
| सोना | 52,731 ↑ 30 | /10g |
| चांदी | 61,518 ↑ 856 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत जोड़ो यात्रा में 23 से शामिल होंगी प्रियंका

**बुरहानपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा बुधवार से मध्य प्रदेश मे चार दिनों के लिए भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी। यह जानकारी कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने दी। भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस नेता एवं प्रियंका गांधी के भाई राहुल गांधी कर रहे है। ऐसा पहली बार होगा जब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी इस यात्रा मे शामिल होंगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि यात्रा बुधवार को सुबह बुरहानपुर जिले से मध्य प्रदेश मे प्रवेश करेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी यात्रा में शामिल होने के लिए कल शाम पहुंचेगी। इससे पहले दिन में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सुबह ट्वीट करके प्रियंका गांधी के भारत जोड़ो यात्रा मे शामिल होने के बारे मे जानकारी दी थी।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कानून न होने का लाभ उठाना कष्टप्रद:कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कोई कानून नहीं होने का फायदा उठाए जाने की प्रवृत्ति को तकलीफदेह करार दिया। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 324 के विषय को उठाया जिसमें निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में कहा गया है। अदालत ने कहा कि इसमें इस तरह की नियुक्तियों के लिए प्रक्रिया नहीं दी गई है।

अदालत ने कहा कि इसके अलावा, उसने इस संबंध में संसद द्वारा एक कानून बनाने की परिकल्पना की थी, जो पिछले 72 वर्षों में नहीं किया गया है, जिसके कारण केंद्र द्वारा इसका फायदा उठाया जाता रहा है। अदालत ने कहा कि 2004 से किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है और संप्रग सरकार के 10 साल के शासन में छह मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे, वहीं राजग सरकार के आठ साल में आठ मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे हैं। न्यायमूर्ति के एम जोसफ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने कहा, जहां तक देश की बात है यह तकलीफदेह प्रवृत्ति है। संविधान में इस बाबत कोई नियंत्रण और संतुलन नहीं है।

संविधान की चुप्पी को किस तरह भुनाया जा रहा है। कोई कानून नहीं है और कानूनन वे सही हैं। कानून की अनुपस्थिति में कुछ नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत कुछ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग की गई है। पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और ( शेष पेज 8 )

# भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिया: योगी

- यूनेस्को इंडिया हैकाथान का किया उद्घाटन, कहा- भारत व अफ्रीका के रिश्ते संबंधों की अद्भुत मिसाल हैं

**रिंकू यादव।** नोएडा



कार्यक्रम में शिरकत करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**यूनेस्को** इंडिया हैकाथान में शामिल होने के लिए 22 अफ्रीकी देशों के 347 और करीब 200 भारतीय युवाओं ने आयोजन स्थल गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है।

इस हैकाथान का उद्घाटन सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि भारत और अफ्रीका के रिश्ते संबंधों की एक अद्भुत मिसाल हैं। उन्होंने आगे कहा कि उपनिवेशवाद के खिलाफ एकजुटता विकासशील देशों के मध्य सहयोग की सच्ची भावना भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मजबूत रिश्तों की आधारशिला रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध दिया है। सीएम योगी ने कहा कि राज्यों की सूची में उत्तर प्रदेश देश के टाप 5 राज्यों में शामिल है। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश को भारत का हृदय प्रदेश बताया जो नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। इस प्रतियोगिता में 20 विजेता टीमों को 60 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा।

युवाओं के द्वारा जिन समस्याओं का हल निकाला जाएगा उसे पेटेंट भी कराया जाएगा। छात्रों के स्टार्टअप फंड को आर्थिक मदद भी दी जाएगी।

### इन अफ्रीकी देशों के छात्रों ने लिया हिस्सा

**बोत्सवाना,** कैमरून, इस्वातिनी, इथियोपिया, इक्वेटोरियल गिनी, गाम्बिया, घाना, गिनी बिसाऊ, केन्या, लेसोथो, मलावी, माली, मॉरीशस, मोरक्को, मोजाम्बिक, नामीबिया, नाइजर, सिएरा-लियोन, तंजानिया, टोगो, युगांडा और जिम्बाब्वे आदि।

उन्होंने कहा कि भारत ने कभी भी तलवार के बल पर किसी पर प्रभुत्व स्थापित नहीं किया। पीएम मोदी ने सयुंक्त राष्ट्र को शांति का संदेश दिया था। अफ्रीका के मारीशस द्वीप में श्री राम की आराधना सर्वविदित है। उप्र भगवान श्रीराम, कृष्ण और माहत्मा बुद्ध का जन्म स्थली है। महात्मा गांधी ने अपने अहिंसक आंदोलन की ( शेष पेज 8 )

# प्रबुद्ध वर्ग समाज का ओपिनियन मेकर : योगी

## सीएम ने किया गाजियाबाद में 877 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी कविनगर रामलीला मैदान में प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिले में 877 करोड़ रुपए लागत की विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसमें धोबीघाट और हिंडन पुल के अलावा ईडब्ल्यूएस भवनों की सौगात मुख्यमंत्री ने दी। इसके अलावा मुरादनगर में पेयजल योजना के प्रोजेक्ट और लोनी में सीवरेज योजना को भी हरी झंडी दिखाई।

सीएम योगी ने 509.55 करोड़ की 409 परियोजनाओं का लोकार्पण किया तो वहीं 368 करोड़ रुपये की 346 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया धोबीघाट आरओबी के शुरू होने से जिले के लाखों लोगों को फायदा होगा।

इस मौके पर प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 2017 के पहले गाजियाबाद प्रदेश के सबसे गंदे शहरों में जाना जाता था। इसकी अपनी कोई पहचान नहीं थी कि देश.दुनिया के निवेशक इसे अच्छी निगाहों से देख सकें। 2017 के बाद जिस मजबूती से गाजियाबाद ने काम करना आरंभ किया, उसके परिणाम आज सबके सामने हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण.2022 में गाजियाबाद ने यूपी में प्रथम और देश में 12वां स्थान प्राप्त किया है। मैं इसके लिए सबको बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, देश का पहला छह लेन का एलिवेटेड रोड गाजियाबाद को जोड़ते हुए आगे बढ़ा। देश की पहली रीजनल रैपिड रेल अगले साल गाजियाबाद से प्रारंभ होने जा रही है। गाजियाबाद का अपना एयरपोर्ट है। यहां हर तरह से बेहतर कनेक्टिविटी है। मैं आज स्वयं 878 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात गाजियाबाद वासियों को देने के लिए यहां आया हूं। योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रबुद्ध वर्ग समाज के ओपिनियन मेकर हैं। वे अपना आशीर्वाद भाजपा पर बनाए रखें। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जनरल वीके सिंह, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह, महापौर आशा शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल सहित सभी सांसद.विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आने से पहले ही पुलिस ने सुबह कई लोगोंको नजरबंद कर लिया।

पुलिस को अंदेशा था कि ये लोग मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी के घर पर सुबह 5 बजे ही पुलिस पहुंच गई। उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। इसी तरह कई और किसान नेताओं के घर भी पुलिस के पहुंचने की सूचना है।



गाजियाबाद में मंगलवार को प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**शिलान्यास** जीडीए की ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण कार्य, नगर निगम की पूर्वांचल भवन का निर्माण कार्य, उत्तरांचल भवन का निर्माण, इंदिरापुरम शक्तिखंड- 4 में हरित शवदाह गृह का निर्माण, नगर पालिका मोदीनगर में, खोड़ा मकनपुर में, मुरादनगर में , लोनी में , नगर पंचायत फरीदनगर में , पतला में , निवाड़ी में, डासना में , लोनी सीवरेज योजना पार्ट-1 में , अमृत 2.0 के तहत मुरादनगर पुर्नगठन पेयजल योजना में, जिला पंचायत के निर्माण कार्य में, ग्राम पंचायत में नाला निर्माण, पंचायत घर में, आरआरसी सेन्टर, नाली व इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य, कॉमन सर्विस सेन्टर, अंत्येष्टि स्थल में, मुरादनगर विकास खंड में निर्माण कार्य , भोजपुर में, रजापुर में, लोनी में , स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में ड्रग वेयर हाउस, 20 बैड का वार्ड, छह बेड का वार्ड, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण, परिवार कल्याण उपकेन्द्र में, खोडा थाने का निर्माण, तालाब जीर्णोद्वार, पाइप पेयजल योजना का शिलान्यास किया गया। कुल मिलाकर शिलान्यास योजनाओं में 36828.02 लाख रुपए की लागत की होंगी।

**लोकार्पण** जीडीए व राज्य सेतु निगम द्वारा हिंडन नदी पर नए सेतु का निर्माण कार्य, कोट गांव फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण, नगर निगम के 148 निर्माण कार्य, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेन्टर का निर्माण एवं नाले निर्माण, नगर पालिका मुरादनगर के सात निर्माण कार्य , लोनी के 102 निर्माण कार्य, निवाड़ी में तालाब सौन्दर्यीकरण कार्य , मोदीनगर सीवरेज योजना, जिला पंचायत के 53 कार्य पर, नाला निर्माण, पंचायत घर, अन्त्योष्टि स्थल, एमडीएस भवन निर्माण, सीसी कार्य निर्माण, तालाब जीर्णोद्वार, आरसीसी नाला, ग्राम गुज्जर गढ़ी में पाइप पेयजल योजना, मुरादनगर में 5 निर्माण कार्य लागत, भोजपुर में 17 निर्माण कार्य, रजापुर में 8 निर्माण कार्य लागत, सात हेल्थ एटीएम, छह हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, सीएचसी बम्हेटा, बीज विधायन संयत्र एवं गोदाम , कृषि विज्ञान केन्द्र तलहैटा में रिनोवेशन, रीजनल ट्रेनिंग सेन्टर मोहनगर में , गो सरंक्षण केन्द्र मीरपुर हिन्दू, पशु चिकित्सालय बम्हेटा, वन स्टॉप सेन्टर, गोदान एवं कार्यालय, इंटर लॉकिंग एवं नाली निर्माण होंगे, यानि कुल 50955.37 लाख की लागत के कार्य होंगे।

### अनिल दुजाना को जयचंद्र प्रधान हत्याकांड मामले में तीन साल की सजा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के टॉप 10 बदमाशों में शामिल अनिल दुजाना को 3 साल की सजा हुई है। यह सजा अनिल दुजाना को जयचंद्र प्रधान हत्याकांड में फरारी काटने के मामले में हुई है।

अनिल दुजाना वेस्ट यूपी का कुख्यात बदमाश है। यह जानकारी बादलपुर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अनिल दुजाना इस समय जेल में बंद है, लेकिन जयचंद्र प्रधान हत्याकांड में उसने फरारी काटी थी। इसी को लेकर आईपीसी की धारा 174ए के तहत उसको 3 साल की सजा हुई है। इस मामले में बादलपुर कोतवाली पुलिस की तरफसे कोर्ट में पैरवी की गई थी। जिसके बाद कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना को 3 साल की कैद हुई है। यह गौतमबुद्ध नगर पुलिस की बड़ी कामयाबी है। जिसमें पुलिस की कार्रवाई और मजबूत पहले से यह संभव हो सका।

# 11 साल की मासूम लड़की की अपहरण के बाद हत्या बुलंदशहर से शव बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम के बाद पुलिस मामले का करेगी खुलासा

नंदग्राम थाना क्षेत्र से रविवार को अगवा की गई 11 साल की बच्ची खुशी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुलंदशहर से बच्ची का शव बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक अपहरण के बाद ही बच्ची की हत्या कर दी गई थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के बाद पुलिस मामले का खुलासा करेगी। दो मुख्य आरोपितों समेत पुलिस ने कई को किया गिरफ्तार। मुख्य आरोपित बब्लू मेला दिखाने के बहाने खुशी को बाइक पर मेरठ ले गया था। मेरठ में अपने साथी अमित के सुपुर्द की थी बच्ची। सीएम योगी के शहर में आगमन से ठीक पहले तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय छात्रा खुशी का दिनदहाड़े अपहरण कर 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। घटना रविवार सुबह 10 बजे के बाद थाना नंदग्राम क्षेत्र की नई बस्ती कालोनी की थी, जिसमें एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल और एसपी क्राइम डा दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच और सर्विलांस सेल समेत पांच टीम छानबीन कर रही थीं। सूत्रों के मुताबिक फिरौती मांगने को जिस नंबर से काल आई थी उसके आधार पर आरोपी को धरा गया है।

# जयंती पर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धा-सुमन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने नेता को याद किया



सपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेक्टर 102 स्थित सपा कार्यालय पर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की 83वीं जयंती मनाई गई। सपा के निवर्तमान महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे एवं व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने सपा नेताओं के साथ नेता जी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नम आंखों से याद किया।

सपा महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि नेता जी हमारे बीच नहीं रहे और उनके बिना भारी मन से कार्यकर्ता जयंती मना रहे हैं। एक साधारण किसान परिवार में जन्मे नेता जी ने अपनी संघर्ष क्षमता के दम पर राजनीति के शिखर पुरुष की यात्रा तय की। उत्तरप्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रहे नेता जी राजनीति के अजात शत्रु थे। गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान के हित के लिए आजीवन काम किया। जो भी नेता जी से मिला उनका मुरीद हो गया। नेता जी से हम सभी कार्यकर्ताओं ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना सीखा। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाजवाद की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज चौधरी, वरिष्ठ नेता जयकरण चौधरी, उपाध्यक्ष बबलू चौहान, बाबूलाल बंसल, सुरेंद्र गौतम, मुकेश तोमर, मुसरफ खान, शैलेंद्र यादव, पुष्पेंद्र बंसल, विनोद सिंह, सुबोध गोयल, रोहित कुमार, अनिल जिंदल आदि मौजूद थे।

### खराद मिस्त्री का शव मिला

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास पानी भरे गड्ढे में खराद मिस्त्री नवीन कुमार निवासी देवदत्तनगर मुरादनगर का शव मिला है। एसओ डॉ नीरज कुमार तोमर ने इसकी पुष्टि की है।

**FOR SALE**

Two bedroom flat area 1200 sq ft 4th floor, Sigma 11, Bhiwadi, Distt. - Alwar, Rajasthan. Price Rs 25 lakh. Enquiries call 9958444752.

**सार्वजनिक सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद गुलफाम पुत्र श्री बाबू खान, संपत्ति Plot area measuring 300 Sq. Yards i.e., 250.83 Sq. Meters, comprised in Khasra No. 79, situated at Village Ukhalarasi, in the Limits of Nagar Palika Murad Nagar, Pargana Jalalabad, Tehsil Modi Nagar, District Ghaziabad, Uttar Pradesh, मूल बिक्री विलेख दिनांक 05.11.1997, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 3844, के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, मेसर्स पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 05.11.1997, नष्ट हो गए और शेष पृष्ठ खो गए है।
यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**PUBLIC NOTICE**

The general public is informed that my client Bharpai W/o Late Nathu Ram R/o 78,Harijan Basti Block-A, Sultan Puri, New Delhi-110086, has disowned and disinherited her daughter Om Vati W/o Ramesh, daughter Lali W/o Shyam, daughter Sunita W/o Raju and grandson Sangam S/o Late Jite, Grandson Ashwani S/o Late Jite from all her movable/ immovable properties and severed all her relations both legal & social due to disrespectful behavior by them with Bharpai. Any person any relation/dealing with them shall be doing so at his/her own risk, and my client shall not be responsible for the same.
**Sanjeev Dwivedi (Advocate)**
48, Gajanand Block,Tis Hazari Courts,ND-54

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that **Mrs. Jagmohan Kaur Kochhar** intends to purchase & mortgage the **SFS Flat No. 128, on Third Floor, in Pocket No. III, situated at Madipur, Delhi,** with our client against the financial assistance. Whereas Mrs. Harvinder Kaur had acquired the Said Property by way of Sale Deed dated 27-09-2011 and after her death, her legal heirs namely, **1) Mr. Paramjeet Singh, 2) Mr. Parminder Singh Anand, 3) Mr. Jaspreet Singh & 4) Mr. Jatinder Pal Singh (as per SMC) becomes the owners of Said Property. Now, 1) Mr. Paramjeet Singh, 2) Mr. Parminder Singh Anand, 3) Mr. Jaspreet Singh & 4) Mr. Jatinder Pal Singh** intend to sell the same to **Mrs. Jagmohan Kaur Kochhar.**
If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the Said Property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** will proceed with the mortgage process.
**DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn.-II,
New Dehi-110049 # 011-40587824.

# ग्रेनो वेस्ट में 16वें फ्लोर से कूद महिला ने दी जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक महिला द्वारा सोसायटी की 16वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने वाली 35 वर्षीय महिला पीएचडी कर रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित इको विलेज सोसायटी में रहने वाली श्वेता यादव ने सोमवार सुबह 16वी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। सूचना पर ग्रेटर नोएडा पुलिस ने शव को कब्जे पुलिस लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कड़ी में शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि श्वेता बैनेट विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही थी और उनके पति सुभाष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पत्रकार हैं। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात पति.पत्नी के बीच शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता–700020

सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार राजोटिया/नंदलाल राजोटिया/बसंत कुमार राजोटिया/तारा राजोटिया/प्लॉट नंबर 1090 7 रत्ना विला बारामुंडा, पी एस खांडागिरि, ओडिशा, भुवनेश्वर–751015/ एलबीबीबीएस00003623745 | प्लॉट नंबर 1090 सब–प्लॉट नंबर 7, खाता नंबर 268, मौजा भुवनेश्वर शहर, यूनिट नंबर 19, बारामुंडा, पी एस खांडागिरि, तहसील भुवनेश्वर, एस.आर. खांडागिरि, जिला खुरडा, ओडिशा (परिमाप क्षेत्रफल ए.ओ. 0.034 डेसी जो ए.ओ. 516 डेसी का हिस्सा है) | 31–10–2022 रू. 63,54,539/– | 02–08–2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 23–नवम्बर–2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

[ नियम 8(6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई–नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहाँ है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री राम सागर यादव (कर्ज़दार), श्रीमती अनीता यादव (सह–कर्ज़दार) QZDEL00005008304 | संपत्ति संख्या 3411, संपूर्ण भूतल वार्ड नं –12, आर्य पुरा, सब्जी मंडी, दिल्ली– 110007। क्षेत्रफल 809.87 वर्ग फीट। | रु. 39,46,067/- (नवंबर 17, 2022 तक) | रु. 26,60,000/- / रु. 2,66,000/- | दिसंबर 03, 2022 को दो. 02:30 बजे से शाम 04:00 बजे तक | दिसंबर 30, 2022 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 29, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ इन संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में **दिसंबर 29, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **दिसंबर 29, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 29, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s**पर संपर्क करे ।

तिथि : नवंबर 23, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# बुजुर्ग दंपति की हत्या, शक की सुई अपनों पर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- पुलिस को वारदात की सूचना मंगलवार सुबह आठ बजे मिली

बीती रात ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की चर्च कॉलोनी में रहने वाले दंपति इब्राहीम खान (60 वर्षीय)व उनकी पत्नी हाजरा बेगम (50 वर्षीय) की हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात की सूचना पुलिस को मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे मिली। सूचना पर एसएसपी मुनिराज व एसपी देहात डॉ इरज राजा के अलावा पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये।

इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल की जांच के लिये मौके पर डॉग स्क्वॉड व फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया। गहन जांच करने के बाद पुलिस ने पति-पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर कई ऐंगल पर जांच शुरू कर दी।

एसएसपी मुनिराज ने बताया कि आज सुबह डायल 112 के माध्यम से ट्रोनिका सिटी के एसएचओ पुनित कुमार को सूचना मिली थी कि चर्च कॉलोनी में रहने वाले 60 वर्षीय इब्राहीम खान व उनकी 50 वर्षीय पत्नी हाजरा बेगम की हत्या कर दी गई है। इस सूचना के मिलते ही ट्रोनिका सिटी थाने के एसएचओ पुनित कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। कप्तान ने बताया उक्त डबल मर्डर का पता चलते ही वह एसपी देहात डॉ इरज राजा और सीओ लोनी रजनीश उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी और क्राइम ब्रांच की टीम भी जांच में जुट गई।

कप्तान ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान जो बात सामने आई है उससे पता चला है कि 60 वर्षीय इब्राहीम खान और उसके परिजन कबाड़ इकट्ठा करके और थोड़ा बहुत कबाड़ खरीदकर अपना गुजारा करते थे। आर्थिक तंगी के चलते अधेड़ अपनी पत्नी और दूसरी पत्नी की पुत्री व उसके 17.18 साल से लेकर 5.6 साल तक के बच्चों के साथ एक कमरे में रहता था। उन्होंने बताया कि इब्राहीम खान ने दो शादी की थीं। एसएसपी मुनिराज का कहना है कि प्रथम दृष्टया घटनास्थल को देखकर ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा है कि दंपति की हत्या लुटेरों ने की। उन्होंने बताया कि कमरे में सारा सामान यथावत स्थिति में रखा हुआ था।

### ठेकेदार की पीट-पीटकर हत्या, रजाई से शव ढका

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र के भट्ठा नंबर पांच स्थित वरदान अस्पताल के पास एक निर्माणाधीन मकान में ठेकेदार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। सोमवार शाम शव मकान के पास खाट पर पड़ा मिला। शव को रजाई से ढका गया था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मकान में काम कर रहे साथी कामगारों पर शराब पीने के बाद हुए विवाद में हत्या का अंदेशा जताया जा रहा है। पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। भोजपुर के बाबूराम 37 पुत्र नौरंग सिंह ठेकेदार के साथ राजमिस्त्री भी थे।

# सीसीटीवी कैमरे से होगा क्राइम-ट्रैफिक कंट्रोल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- ग्रेटर नोएडा में जल्द लागू होगा एकीकृत सुरक्षा और कुशल यातायात प्रबंधन प्रणाली

ग्रेटर नोएडा में जल्द ही एकीकृत सुरक्षा और कुशल यातायात प्रबंधन प्रणाली लागू होगी। प्राधिकरण ने परियोजना के लिए साइट सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया है। जिससे पता लगाया गया है कि शहर में किन.किन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पिछले महीने प्राधिकरण ने दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विशेषज्ञों को परियोजना के लिए एक अनुमान तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों ने साइट सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार कर रहे हैं। अगले करीब एक महीने में डीपीआर दे देंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक सलिल यादव ने कहा सर्वेक्षण का काम पहले ही पूरा हो चुका है अब आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ जल्द से जल्द डीपीआर जमा करेंगे। हमने दिसंबर के अंत में निविदा जारी करने और बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए परियोजना शुरू करने वाली फर्म को किराए पर लेने का लक्ष्य रखा है। आईआईटी दिल्ली ने कम से कम 300 ट्रैफिक जंक्शनों की पहचान की है, जिन पर हाई-डेफिनिशन कैमरों से इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की जाएगी।

प्रमुख संस्थान के विशेषज्ञ इस महीने के अंत तक बजट को अंतिम रूप देंगे। डीजीएम ने आगे बताया सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सेफ सिटी परियोजना को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल करेगा।

# आस्ट्रेलिया में भी जल्द बनाया जाएगा इंडिया गेट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा मीडिया क्लब में लिटल इंडिया, हैरिस पार्क बिजनेस एसोसिएशन द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जानकारी दी की कोविड महामारी के बाद अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा फिर से सामान्य हो गई है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय छात्रों एवं कुशल कर्मचारियों हेतु शानदार भविष्य बनाने के लिए अपने रास्ते खोल दिए हैं।

ज़्यादा से ज़्यादा भारतीय लोग उत्कृष्ट अवसरों के लिए ऑस्ट्रेलिया को चुनें, इसी के मद्देनजर साझेदारी को सशक्त बनाते हुए, फेडरल गवर्नमेन्ट ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने लिटल इंडिया हेरिस पार्क, सिडनी ऑस्ट्रेलिया के विकास के लिए 3.5 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया है।



नोएडा में आस्ट्रेलिया में भारतीय छात्रों के लिए अवसर की जानकारी देते हुए।

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के बीचों.बीच स्थित लिटल इंडिया भारत की सांस्कृतिक भावनाओं और मूल्यों का प्रतीक है। विशेष सांस्कृतिक एवं वाणिज्यिक पहचान बनाने के दृष्टिकोण से लिटल इंडिया की स्थापना की गई है। लिटल इंडिया में निवेश का फैसला, ऑस्ट्रेलियाई सरकार का उल्लेखनीय कदम है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि ऑस्ट्रेलिया अपने सुरक्षित वातावरण में अच्छा भविष्य बनाने के लिए भारतीयों का स्वागत कर रहा है। 3.5 मिलियन डॉलर की इस अनुदान राशि का उपयोग क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा इसे पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। भारत के गर्व इंडिया गेट का प्रतीक इस क्षेत्र में रीक्रिएट किया जाएगा। यह स्थायी संरचना के निर्माण का ऐतिहासिक कदम है, जो भारत का प्रतीक है और भारत को सलाम करता है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संजय देशवाल ने बताया कि उनकी एसोसिएशन 2015 से ऑस्ट्रेलिया में प्रवासी भारतीयों के लिए सार्थक प्रयास कर रही है। विकास के बारे में बात करते हुए संजय देशवाल, प्रेजीडेन्ट, लिटल इंडिया, हैरिस पार्क बिजनेस एसोसिएशन इंक ने कहा लिटल इंडिया के सपने को साकार करने में कई साल लगे, हमें गर्व है कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के लिए समर्थन मिला है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मैजिक-म्यूजिक शो से रिझाएगी आप और भाजपा चलाएगी महाजनसंपर्क अभियान

## डांस व गिटार शो के साथ 1000 नुक्कड़ सभाओं की रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री गोपाल राय।

केजरीवाल की सरकार, केजरीवाल का पार्षद' थीम के साथ बुधवार से आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम चुनाव प्रचार का दूसरा चरण शुरू करेगी। इसे लेकर आप 1000 नुक्कड़ सभा, डांस फार डेमोक्रेसी, गिटार शो, मैजिक शो जैसे कार्यक्रमों से मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करेगी। यह प्रचार अभियान 2 दिसंबर यानी कि चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले तक चलता रहेगा।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक एवं मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एमसीडी चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी का प्रचार अभियान पिछले एक हफ्ते से पूरे जोर-शोर से चल रहा है। पहले चरण में एमसीडी में भी केजरीवाल की थीम को लेकर अलग-अलग बूथों में सभी उम्मीदवारों की पदयात्रा, जनसंवाद और डोर टू डोर कैंपेन किया। इसके माध्यम से यह संदेश पहुंचाने की कोशिश की कि जिस तरह से दिल्ली वालों ने केजरीवाल को प्रचंड बहुमत देकर मुख्यमंत्री बनाया। इसी तरह निगम में भारी जीत का परचंम लहराता है तो एमसीडी में भी उसी तरह काम होगा जिस तरह से दिल्ली सरकार में हो रहा है।

राय ने दूसरे चरण के कैंपेन की घोषणा करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी बुधवार से प्रचार के दूसरे चरण केजरीवाल की सरकार केजरीवाल का पार्षद की शुरुआत की जाएगी। इसके साथ अलग-अलग कैंपेन के लिए भी अपनी टीम उतारने का निर्णय लिया है।

## जनता के समर्थन को केंद्रीय मंत्री, सीएम, सांसद-विधायक खटखटाएंगे घर-घर कुंडी



भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम चुनाव की तारीख जैसे-जैसी नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे राजनीति दल अपने चुनाव प्रचार को धार देने में जुट गए हैं। इसी कड़ी भाजपा 27 नवंबर को महाजनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। जिसमें पार्टी के एक लाख कार्यकर्ता एक करोड़ से अधिक मतदाताओं के घर पहुंचेंगे। इस महा जनसंपर्क अभियान में 10 बड़े केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक भी शामिल होंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के मुताबिक, रविवार के दिन 27 नवंबर को भाजपा के कार्यकर्ता घर घर में पहुंचेंगे। ये कार्यक्रम सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक चलेगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का प्रचार बहुत ही संगठित तरीके से चल रहा है। पार्टी के सभी उम्मीदवारों को आम लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब पार्टी नुक्कड़ सभाओं और सीधा जनसंपर्क पर जोर दे रही है।

रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम भी होने जा रहा है। नगर निगम चुनावों में अब प्रचार के लिए दस दिन ही बचे हैं, इसको देखते हुए पार्टी प्रचार के सभी तरीकों पर जोर लगा रही है। पिछले रविवार को रोड़ शो निकाले गए थे। इस रविवार जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाओं को भाजपा द्वारा गत पांच सालों में निगम किए गए कार्यों के बारे में बताया जाएगा और अगले पांच साल का खाफा भी बताएंगे। उन्होंने दावा किया कि निगम में पिछले पांच सालों में बहुत काम किया है। 5 हजार से से ज्यादा पार्कों को चमका दिया है, निगम के स्कूलों का भी कायाकल्प हुआ है। वेस्ट टू एनर्जी के चार प्लांट लग गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में झुग्गीवासियों को फ्लैट देने की शुरुआत कर दी है।

# माकन ने बिजली सब्सिडी को बताया घोटाला

## कांग्रेस महासचिव ने कहा, पैसा सीधे उपभोक्ताओं को देते तो मिलती अधिक बिजली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षी मुफ्त बिजली योजना पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता ने दिल्ली वालों को हर महीने 200 यूनिट फ्री बिजली योजना पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एआईसीसी महासचिव अजय माकन ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने सब्सिडी की आड़ में बड़ा घोटाला किया है। इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि केजरीवाल की अगुवाई वाली सरकार ने बिना किसी ऑडिट के ही प्राइवेट कंपनियों को सब्सिडी के पैसे दिए। अगर सब्सिडी का पैसा सीधे उपभोक्ताओं को दिया जाए तो 200 के बजाय 500 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा सकती है। जितना केजरीवाल सरकार सब्सिडी पर खर्च कर रही है। दिल्ली सरकार ने बिना किसी ऑडिट के ही निजी बिजली वितरण कंपनियों को सब्सिडी के पैसे दिए।

अजय माकन ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिल्ली को छोड़कर देश के किसी दूसरे राज्य में सब्सिडी का पैसा सीधे निजी बिजली वितरण कंपनियों को नहीं दिया जा रहा है। साल 2015 से लेकर अब तक निजी कंपनियों को 14,731 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई है। सिर्फ वर्ष 2021-22 में ही 3090 करोड़ रुपए की राशि सब्सिडी के रूप में दी गई। उन्होंने दावा किया, केजरीवाल सरकार ने कुछ महीने पहले उपभोक्ताओं से स्वैच्छिक सब्सिडी योजना के तहत पंजीकरण करवाया। दिल्ली के कुल 58 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से करीब 37 लाख यानी 60 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करवाया।

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-बार कहते हैं कि उनकी सरकार 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं को सब्सिडी दे रही है। लेकिन स्वैच्छिक सब्सिडी योजना के तहत सिर्फ 60 प्रतिशत लोगों ने पंजीकरण करवाया। 30 प्रतिशत लोगों ने पंजीकरण क्यों नहीं करवाया। उन्होंने आरोप लगाया, 30 प्रतिशत उपभोक्ताओं की सब्सिडी की आड़ में भ्रष्टाचार हो रहा है। यह एक बड़ा घोटाला है। कांग्रेस नेता ने कहा, केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि इस घोटाले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। माकन ने दावा किया कि केजरीवाल का बिजली मॉडल फ्रॉड है, जिससे न सिर्फ दिल्ली, बल्कि गुजरात के लोगों को भी सचेत होना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को लेकर सीबीआई से शिकायत करेगी और जरूरत पड़ी तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सभी दलों की नजर पूर्वांचली मतदाताओं पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● सभी विधानसभा सीटों में पूरबिया लोगों की अच्छी खासी है तादाद**

भाजपा आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने दिल्ली नगर निगम चुनावों के लिए पूर्वांचली मतदाताओं को रिझाना शुरू कर दिया है। इस क्षेत्र के लोगों का दिल्ली में बड़ा वोट बैंक है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को छठ पूजा समितियों के सदस्यों से बातचीत करते हुए पूर्वांचली लोगों से चार दिसंबर को होने वाले एमसीडी चुनाव में पार्टी को आशीर्वाद देने का आग्रह किया। नड्डा का प्रारंभिक जीवन का बहुत बड़ा भाग पटना में बीता था। उन्होंने कहा, वह छठ में ठेकुआ का प्रसाद चखता था। चार दिसंबर को छठ का प्रसाद फिर मांग रहा हूं।

भाजपा और आप दोनों ने पूर्वांचली पृष्ठभूमि से आने वाले करीब 50-50 लोगों को टिकट दिया है। माना जाता है कि दिल्ली के सभी विधानसभा सीटों में इस क्षेत्र के लोगों की अच्छी खासी तादात है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा, भाजपा ने एमसीडी चुनाव में करीब 50 पूर्वांचली उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। पूर्वांचल के लोग पूरे शहर में रहते हैं और वे पार्टी के समर्थक हैं।

# कांग्रेस सत्ता में आई तो करेगी एमसीडी का कायाकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● त्रिलोकपुरी में प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय का किया उद्घाटन**

प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कह त्रिलोकपुरी वार्ड न: 192 के प्रत्याशी अमरदीप के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से जन सम्पर्क किया तथा कांग्रेस प्रत्याशी के साथ पदयात्रा करके महंगाई से तंग जनता की परेशानियों को जानने के लिए बाजार का भ्रमण भी किया। महिलाओं और स्थानीय लोगों ने बताया कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के शासन में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि जहां पार्षदों की शह पर निगम अधिकारी प्रत्येक लैंटर पर भारी उगाही करते है वहीं केजरीवाल सरकार के डीएम, एसडीएम हर बोरवेल पर लाखों की मांग कर रहे है। अनिल कुमार ने कहा कि निगम चुनावों में कांग्रेस भाजपा-आप की भ्रष्ट, प्रदूषित दिल्ली बनाम मेरी चमकती दिल्ली के संकल्प के साथ मैदान में उतरी है।

# तिहाड़ में जैन की मालिश करने वाला फिजियोथेरेपिस्ट नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● भाजपा और कांग्रेस ने सत्येंद्र को मंत्री से पद से बर्खास्त करने की मांग की**

तिहाड़ जेल में मंत्री सत्येंद्र जैन की मालिश करते हुए विडियो में दिख रहा व्यक्ति फिजियोथेरैपिस्ट नहीं है बल्कि एक कैदी है जो बलात्कार मामले में वहां बंद है। आम आदमी पार्टी ने दावा किया था कि जैन फिजियोथेरैपी करा रहे थे।

सूत्रों ने दावा किया कि वीडियो में जैन की मालिश करते हुए दिख रहा व्यक्ति रिंकू नाम का एक कैदी है। वह दुष्कर्म तथा पोक्सो कानून के एक मामले में जेल में बंद है। रिंकू फिजियोथेरैपिस्ट नहीं है। इस बीच भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने ट्वीट कर कहा कि डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि यह फिजियोथेरैपी नहीं है और तिहाड़ जेल में जैन की मालिश कर रहा बलात्कारी है, पोक्सो के तहत आरोपी है न कि फिजियोथेरैपिस्ट है जैसा कि आप दावा कर रही है।

भाजपा और कांग्रेस ने उन्हें बर्खास्त करने की मांग की तथा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाए। वहीं भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नए आरोपों का जवाब देने की चुनौती दी। साथ ही आप को एक अराजक अपराधी पार्टी करार दिया और उस पर जेल में किए जा रहे गलत कृत्यों के बचाव का आरोप लगाया। भाटिया ने कहा केजरीवाल को पूरे राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा केजरीवाल का पाखंड हर पल और हर दिन उजागर हो रहा है। ये लोग राजनीति बदलने आए थे और खुद बदल गए। अब सच्चाई सामने आई है कि वह नाबालिग बच्चियों से बलात्कार के मामले में बंद रिंकू से मालिश करवा रहे थे।

# भोजन देने की जैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● मंत्री ने फल, सूखे मेवे मुहैया कराने का किया है अनुरोध**

तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से दिल्ली एक अदालत ने मंगलवार को जवाब तलब किया, जिसमें जैन ने जेल के अधिकारियों को उनकी धार्मिक आस्था के अनुसार फल, सूखे मेवे और खजूर जैसे खाद्य पदार्थ मुहैया कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने एजेंसी को नोटिस जारी किया और उसे बुधवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। आवेदन में मंत्री की तत्काल चिकित्सा जांच के लिए भी जेल अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि मंत्री जैन धर्म के नियमों का सख्ती से पालन करते हैं, लेकिन जेल में उन्हें उनकी धार्मिक मान्यताओं के हिसाब से भोजन नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली कारागार नियम के अनुसार ऐसे आहार कैदियों को दिए जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोगों का अभिवादन करते हुए।

### व्यापार मेले में पहुंचे उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान मे चल रहे 41वें भारत अन्तराष्ट्रीय व्यापार मेले में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड पवेलियन पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड दिवस समारोह और आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि दर्शकों के साथ भाग लिया। इस अवसर पर नाट्यशाला थियेटर में उत्तराखण्ड के लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास में उत्तराखण्ड के साथ प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों का योगदान है। राज्य के विकास की यह हम सबकी सामूहिक विकास यात्रा है।

### तेज हवाओं से गिरा प्रदूषण, खराब श्रेणी में एक्यूआई

**नई दिल्ली।** तेज हवाओं के असर से दो ही दिन बाद मंगलवार को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिल गई। राजधानी दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) बहुत खराब से खराब श्रेणी में आ गया। दिल्ली एनसीआर में सभी जगह वायु गुणवत्ता सूचकांक। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआइ 255 दर्ज किया गया। सोमवार को यह 310 रहा था। 24 घंटों के दौरान इसमें 55 अंकों की कमी आई। दिल्ली में सबसे ज्यादा प्रदूषित इलाके बुराड़ी और एनएसआईटी द्वारका रहे, जहां प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में रहा। इनके अलावा अन्य सभी जगहों पर प्रदूषण स्तर खराब श्रेणी में रहा। सफर के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक दिल्ली में एक्यूआइ खराब श्रेणी में ही बना रहेगा। पराली के धुएं की हिस्सेदारी भी अगर बढ़ती है तो यह बेहद खराब श्रेणी के शुरुआती हिस्से में जा सकता है।

### दिल्ली देहात को लेकर नीतियां स्पष्ट करें राजनीतिक दल

**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव की सरगर्मी के बीच दिल्ली देहात के 360 गांव ने इस बार कमर कस ली है। पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा है कि दिल्ली को बनाने और विकसित करने में दिल्ली देहात के लोगों ने सबसे बड़ी भूमिका अदा की है, इसके बावजूद अभी तक राजनीतिक दल ने देहात के मुद्दों की अनदेखी ही की है। इसलिए इस बार दिल्ली देहात ने मन बना लिया है कि जो राजनीतिक हमारे मुद्दों के प्रति संजीदा होगा और झूठे वादों की जगह हमारी मांगों पर अमल करेगा। इस चुनाव में उस दल को ही दिल्ली देहात का समर्थन मिलेगा। सोलंकी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देहात के हितों से जुड़े प्रमुख मुद्दे वर्षों से लंबित पड़े हैं। इसलिए इस बार हमने तीनों पार्टियों के प्रमुखों को पत्र लिखकर साफ कर दिया है कि उसी को समर्थन मिलेजा जो पार्टी तय करेगी कि गांव में सभी विकास के कार्य होंगे।

### आप विधायक के साथ धक्कामुक्की में दो मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुलाब सिंह यादव के साथ उनकी ही पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से धक्कामुक्की करने को लेकर दो मामले दर्ज किए हैं। यह घटना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक मामला यादव की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है जबकि दूसरा मामला एक महिला के बयान पर दर्ज किया गया है जिसने आरोप लगाया है कि आप विधायक ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया है। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच जारी है। यादव और आप कार्यकर्ताओं के बीच सोमवार को कहासुनी हो गई थी।

# गोगी गिरोह का शूटर प्रदीप यादव मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। रोहिणी जेल में गोगी की हत्या कर दिए जाने के बाद दीपक बाक्सर के साथ मिलकर गैंग संभाल रहे प्रदीप यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस की तरफ से इसपर 50 हजार का ईनाम था। वह कुख्यात दिनेश कराला का भी सक्रिय सहयोगी है। अमन विहार में एक घर में घुसकर फायरिंग करने व हत्या के प्रयास सहित दो मामलों में वांछित था। उसके कब्जे से एक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल दो कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा के मुताबिक प्रदीप यादव घेवरा का रहने वाला है लेकिन कई सालों से वह कराला में रह रहा था।

वह हत्या, हत्या के प्रयास, फायरिंग, डकैती, आपराधिक धमकी और आर्म्स एक्ट आदि कई मामले में शामिल है। एसीपी अतर सिंह, इंस्पेक्टर रंजीत सिंह व सतविंदर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 19 नवंबर को प्रदीप यादव को घेवरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस उसको एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।

## किशोर की पिटाई पर बाल आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) ने गोविंदपुरी इलाके में 15 वर्षीय किशोर की एक कांस्टेबल द्वारा कथित रूप से पिटाई किए जाने के बाद पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग ने कहा कि कालकाजी में नेहरू कैंप के एक निवासी ने उसके समक्ष शिकायत की है कि गोविंदपुरी थाने के कांस्टेबल ने सोमवार रात बेटे पर हमला किया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बेटे को नेहरू कैंप में पड़ोसियों के सामने कांस्टेबल ने थप्पड़ मारा था। डीसीपीसीआर द्वारा पुलिस को जारी किए नोटिस में कहा कि उसको इस संबंध में शिकायत मिली है।

# कुतिया को पीटकर मारने पर चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● क्रिकेट खेलने के दौरान भौंकती थी कुतिया, इसलिए दिया वारदात को अंजाम**

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के डॉन बॉस्को तकनीकी संस्थान के चार छात्रों को एक निराश्रित कुतिया को पीटकर मार डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे जब भी संस्थान के मैदान में क्रिकेट खेलते थे तो कुतिया उन पर भौंकती थी। इससे उन्हें उस पर क्रोध आया।

आरोपियों की पहचान यहां खानपुर निवासी अविनाश मिंज (24), उत्तराखंड निवासी अनीश होरहोरिया (18), झारखंड निवासी राहुल कुजूर (19) और उत्तर प्रदेश के संभल निवासी गुरुवचन (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि कुतिया को प्रताड़ित कर 30 अक्टूबर को मार डाला गया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के बाद यहां न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया।

वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपी गर्भवती कुतिया को घेरकर संस्थान के परिसर में स्थित एक टिनशेड में ले जाते हैं। एक आरोपी हाथ में लोहे की छड़ के साथ वहां आता जिसे बाकी छात्र बाहर से हमले के लिए उकसाते हुए दिखते हैं।

वीडियो में एक व्यक्ति को कॉलेज परिसर में कुतिया को घसीटते हुए भी देखा जा सकता है, हालंकि यह नहीं पता चल पाया है कि वह छात्र है या नहीं।

जांच के तहत पुलिस ने वीडियो में दिख रहे छात्रों के बारे में जानकारी जुटाई और उस टिनशेड का भी पता लगाया जहां कुतिया को प्रताड़ित किया गया था।

उन्होंने कहा कि मामला बढ़ने के बाद आरोपी मिंज ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था, लेकिन उसे खानपुर के देवली इलाके से उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कुतिया के शव को खोदकर निकाला गया।

# केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों के उत्पादन को देगी बढ़ावा

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और हरित ऊर्जा के थिंक टैंक विज्ञान और पर्यावरण केंद्र ने मंच बनाने को हाथ मिलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**● मौजूदा समय में इलेक्ट्रिकल व्हीकल के कीमत 20 फीसद से 30 फीसद अधिक**

पर्यावरण के प्रति लोगों में बढ़ती जागरुकता के साथ ईंधन के बढ़ते दाम की वजह से इलेक्ट्रिकल व्हीकल की लोकप्रियता में दिनों-दिन बढ़ोतरी देखी जा रही है लेकिन लोगों के सामने इसकी लागत, सुरक्षा और चार्जिंग सुविधाओं से संबंधी चुनौतियां हैं।

केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और हरित ऊर्जा के थिंक टैंक विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र ने इस समस्या से निपटने के लिए एक ऐसा मंच बनाने के लिए हाथ मिलाया है जो भारतीय लोगों की आवश्यकताओं के अनुकूल नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरियां बनाने में मदद करेगा।

सीएसई ने मंगलवार को कहा कि भारत में नई बैटरियों की प्रौद्योगिकियां विकसित करने के लिए रूपरेखा पर एक श्वेत पत्र तैयार किया जाएगा। इसके बाद इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए विशेषज्ञ-उद्योग मंच बनाया जाएगा। सीएसई की अनुसंधान प्रभाग की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी ने कहा, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों को आगे बढ़ाने के लिए फास्टर अडोप्शन एंड मैन्यूफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एफएएमई) के साथ और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों पर काम कर रहा है लेकिन इसकी लागत, सुरक्षा और चार्जिंग सुविधाओं के संबंध में चुनौतियां हैं। सीएसई की एक अन्य अधिकारी मौसमी मोहंती ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य इन चुनौतियों से निपटना है। नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान (एनईएमएमपी) वर्ष 2020 के तौर पर भारी उद्योग विभाग ने इलेक्ट्रिक और हाईब्रिड वाहन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने तथा इसके सतत विकास के लिए वर्ष 2015 में फेम योजना बनाई थी।

देश में इलेक्ट्रिकल वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता में दो पहिया वाहनों का बहुत बढ़ा हाथ है। मौजूदा समय में सामान्य वाहनों के मुकाबले इलेक्ट्रिकल व्हीकल के कीमत 20 फीसद से 30 फीसद अधिक हैं। इसकी मुख्य वजह है इसमें इस्तेमाल किये जानेवाले लीथियम आयन बैटरी सेल के ऊंचे दाम हैं। मगर अब ऐसा माना जाना रहा है कि आने वाले सालों में इलेक्ट्रिकल व्हीकल के दाम भी सामान्य वाहनों के बराबर हो जाएंगे। ऐसे में इलेक्ट्रिकल व्हीकल की लोकप्रियता पहले से और भी अधिक बढ़ने की संभावना है।

भविष्य में आम लोग भी बड़ी तादाद में इलेक्ट्रिकल व्हीकल खरीद पाएंगे। इतना ही नहीं, भविष्य में इलेक्ट्रिकल व्हीकल की मांग में बढ़ोत्तरी होने और लीथियम ऑयन सेल की कीमतों में कमी आने का दूरगामी असर पूरी तरह से तैयार उत्पाद पर भी देखने को मिलेगा।

# धूम्रपान नहीं, वायु प्रदूषण ने एक किसान को दिया फेफड़े का कैंसर

### 34 साल के किसान ने जीवन में कभी नहीं किया धूम्रपान

### परिवार में पहले किसी को नहीं हुआ कैंसर

### चौथे स्टेज के फेफड़े के कैंसर से परिवार हुआ प्रभावित




संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कैंसर** होने के लिए भले ही हम शराब, धूम्रपान, गुटखा समेत तमाम बुरी लत को कारण मानते हों, लेकिन यहां एक किसान ने जीवन में इन चीजों को कभी छुआ तक नहीं और उसे फेफड़े का कैंसर हो गया। समर सिंह नामक किसान रेवाड़ी का रहने वाला है। उसे कैंसर होने का चौथे स्टेज में पता चला। इससे पहले चिकित्सक उसे टीबी समझकर उपचार करते रहे। चिकित्सकों ने इस कैंसर का कारण पर्यावरण प्रदूषण को बताया है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर काफी खतरनाक रहता है।

चिकित्सा जगत में इस फेफड़े के कैंसर को बहुत ही दुर्लभ केस बताया गया है। क्योंकि जो समर सिंह इस कैंसर की चौथी स्टेज में है, उसने जीवन में कभी धूम्रपान नहीं किया। यहां के एक निजी अस्पताल में 34 साल कि रेवाड़ी निवासी किसान की

### फेफड़ों के दोनों तरफ दिखे पैच

**समर** सिंह का उपचार करने वाले डॉ. अरुणेश सिंह के मुताबिक इस मरीज के सीटी स्कैन की रिपोर्ट में उसके फेफड़ों के दोनों तरफ पैच के साथ दिल के चारों ओर लिम्फ नोड्स (ग्रंथियों) के बढ़ने का पता चला। डॉक्टरों ने बायोप्सी की, जिसमें पता चला कि यह एडेनोकार्सिनोमा का केस था। वर्तमान में मरीज अस्पताल में कीमोथेरेपी करा रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक घंटों बाहर काम करने से लोगों में न केवल पल्मोनरी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है, बल्कि कई तरह की क्रोनिक बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। जो मरीज फेफड़े के कैंसर से प्रभावित है, पिछले पांच महीनों से कई अस्पतालों में टीबी का इलाज भी करवा रहा है। क्योंकि उसकी स्क्रीनिंग इस तरह से नहीं हुई कि उसमें कैंसर होने का पता चल सके। ऐसे में डॉक्टर्स ने उसे टीबी की बीमारी होने की बात कहकर उपचार किया। यहां निजी अस्पताल में उसकी बारीकी से जांच हुई तो फेफड़े का कैंसर होने का पता चला।

### पराली जलाने के मामलों में 9.66 प्रतिशत बढ़ोतरी

चिकित्सकों ने इस बात को भी प्रमुखता से कहा है कि हाल ही में हरियाणा राज्य में पराली जलाने के मामलों में 9.66 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यहां एक ही स्थान से अस्थमा और फेफड़ों की अन्य बीमारियों के कई केस देखने को मिले हैं। मरीज की स्थिति का अध्ययन करने और रिजल्ट की जांच करने के बाद यह पता चला कि पिछले पांच महीनों में उनकी हालत खराब हुई। वातावरण में मौजूद हानिकारक पदार्थों में सांस लेने से यह बीमारी और भी ज्यादा गंभीर हो जाती है। बता दें कि रेवाड़ी और इसके आसपास इलाकों में वायु प्रदूषण बहुत ज्यादा रहता है। यही कारण है कि यहां डॉक्टरों के पास और स्वास्थ्य केन्द्रों में ऐसे मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा हो जाती है, जो हवा में हानिकारक पदार्थों के होने से सांस लेते हैं।

जब बायोप्सी की गई तो रिपोर्ट में पता चला कि वह किसान चौथे स्टेज के फेफड़े के कैंसर से पीड़ित है। कई तरह की स्टडी में यह परिणाम सामने आया कि खराब हवा की गुणवत्ता और वातावरण में हानिकारक पदार्थों के बीच सांस लेने से एडेनोकासीनोमा होता है। इस सीधे हमारे फेफड़ों को प्रभावित करता है।

# बाल महोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी धमाकेदार प्रस्तुति

### बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा ऑडिटोरियम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम के सेक्टर-43 में बाल महोत्सव में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। विजेताओं को पुरस्कृत करते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**जिला** बाल कल्याण परिषद की ओर से सेक्टर-43 स्थित पावर ग्रिड ऑडिटोरियम में बाल महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियों ने धमाकेदार प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समारोह में बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। विजेता व अन्य प्रतिभागी बच्चों को अपने कर-कमलों से पुरस्कार वितरित किए।

एडीसी ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा हुडा भी उपस्थित रही। समारोह में निजी व सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त ने विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि परिषद् द्वारा 17 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक रंगोली, पेंटिंग, गायन, भाषण, नृत्यकला सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों द्वारा भाग लेते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धाओं के लिए विद्यार्थियों द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।

उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को केवल इसी प्रतियोगिता तक सीमित ना रखें, बल्कि भविष्य में जहां भी अवसर मिलें प्रतिस्पर्धाओं में भाग लें और आगे बढ़ें। बच्चों में प्रतिभा को निखारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, अलग-2 प्लेटफार्म जैसे-सोशल मीडिया आदि के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा को लोगों के बीच पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए स्कूलों के अध्यापकों को भी विद्यार्थियों का समय समय पर मार्गदर्शन करना चाहिए।

समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़कीदौला की छात्रा स्नेहा द्वारा ठेठ हरियाणवी अदांज में रागिनी प्रस्तुत की। रागिनी ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी तो सूरज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा-वो कृष्णा है गीत पर सामूहिक नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसी प्रकार एसएन सिद्धेश्वर स्कूल, आवर लेडी ऑफ फातिमा कॉन्वेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल सेक्टर-14, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-50, यूरो इंटरनेशनल स्कूल, सीसीए स्कूल सेक्टर-4 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

# निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम पर मेहरबान है स्वास्थ्य विभाग!

### लंबे समय से किसी अस्पताल, नर्सिंग होम का नहीं किया निरीक्षण

### निजी अस्पतालों पर लगातार उठते हैं सवाल, फिर भी विभाग की सक्रियता नहीं

**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के अस्पतालों पर इसे स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी कहें या फिर लापरवाही। यहां सिविल सर्जन ने काफी समय से इन अस्पतालों, नर्सिंग में किसी तरह का कोई निरीक्षण नहीं किया है। ऐसे में सवाल उठते हैं कि स्वास्थ्य विभाग की यह निष्क्रियता अस्पतालों को कुछ भी करने की छूट देती है।

सेक्टर-23ए निवासी तरुण वर्मा पुत्र जगन नाथ वर्मा ने 27 सितम्बर 2022 को सिविल सर्जन कार्यालय में एक सूचना का अधिकार (आरटीआई) लगाई। जिसमें उन्होंने सवाल किया कि गुरुग्राम के निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम आदि का सिविल सर्जन द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया। सिविल सर्जन की ओर से 14 नवम्बर 2022 को इस आरटीआई का जवाब तरुण वर्मा को डाक द्वारा भेजा गया। जवाब में कहा गया है कि गुरुग्राम में निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम आदि का सिविल सर्जन की ओर से कोई निरीक्षण नहीं किया गया है।

आरटीआई लगाने वाले तरुण वर्मा ने कहा है कि सिविल सर्जन के इस जवाब से यह स्पष्ट होता है कि गुरुग्राम का स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पतालों पर मेहरबान है। कोरोना काल में निजी अस्पतालों की ओर से जो लापरवाही, लूट की गई, वह सबके सामने आ चुकी थी। उन पर भी जिला स्वास्थ्य विभाग किसी भी तरह की कार्यवाही करने में नाकामयाब रहा है। आम जनता को भारी जान-माल का नुकसान झेलना पड़ा। तरुण वर्मा के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया क्लिनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट वर्ष 2010 में लागू किया गया है। उसे हरियाणा ने वर्ष 2018 में अपनाया व इसके संबंध में नियम भी बनाए गए। प्रत्येक क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट यानी अस्पताल, नर्सिंग होम आदि का उसके मालिक द्वारा पंजीकरण करवाना व जिला प्रशासन व सिविल सर्जन द्वारा निरीक्षण करने का कानून है।

उन्होंने यह भी कहा कि गुरुग्राम में अनेक झोलाछाप डॉक्टर जनता को लूट भी रहे हैं और उनकी जान भी खतरे में डाल रहे हैं। ऐसे लोगों पर जिला स्वास्थ्य विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। गली-मोहल्लों में अनेक ऐसे छोटे नर्सिंग होम हैं, जहां वेंटिलेटर सुविधा नहीं है और वे सर्जरी तक कर रहे हैं। आपातकालीन स्थिति आने पर किसी और बड़े अस्पताल में भेज देते हैं। तरुण वर्मा ने मांग की है कि विभाग की कार्यप्रणाली पर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को संज्ञान लेना चाहिए। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## संक्षिप्त-समाचार

### रक्तदान शिविर में 109 यूनिट रक्त किया गया एकत्रित



**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से स्पेस आईटी कंपनी सेक्टर-49 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 109 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। शिविर में लविंग सिंह सतीजा और डॉ. भल्ला का पूरा सहयोग रहा। रक्तदान लेने के लिए दिल्ली से टीम को आमंत्रित किया गया। जिसमें डॉ. गुलाम सिंह स्नेह, सविंद्र, रमेश रेखी, बिजेंद्र, शिव कुमार शामिल रहे। जिला रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से लिपिक अतुल कुमार और अजय कुमार आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अतुल कुमार ने कहा कि रेडक्रॉस समाज सेवा के क्षेत्र में सदा अग्रणी रहती है। समाज के लोगों को अपने साथ जोड़कर यह संस्था समाज में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के नाम पर ही रेडक्रॉस सोसायटी बनी है। रक्तदान शिविर के अलावा अन्य सामाजिक कार्यों को समय-समय पर सोसायटी की ओर से किया जाता है।

### आठ माह पूर्व चोरी हुए लाखों रुपये के पाइपों का सुराग नहीं

**सोहना।** खंड के गांव बिहलाका में करीब आठ माह पहले हुए पेयजल सप्लाई की लाइन के पाइप चोरी का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा चोरी हुए पाइपों को लौटाने के लिए मुनादी तक करा दी गई है। खंड के गांव बिहलाका में जनस्वास्थ्य विभाग ने केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन के तहत हर नल को जल देने की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया था। गांव की प्रत्येक गली व आम रास्तों में हर नल को जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछा दी गई। लाइन बिछाने के दौरान व कार्य पूरा होने के बाद शेष पाइपों को ठेकेदार द्वारा एक स्थान पर रखे गए थे। एक स्थान पर रखे पाइप में से धीरे-धीरे चोरी होने शुरू हो गए। जिनकी संख्या 50 के लगभग बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार चोरी हुए पाइप को खेतों में फसल को पानी देने के उद्देश्य से जमीन के अंदर दबा दिया है। इसके अलावा अपने निजी कार्यों में चोरी हुए पाइप इस्तेमाल किये जा रहे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग ने पाइप चोरी करने वालों को वापस लौटाने के लिए गांव में मुनादी भी कराई थी। उसके बावजूद एक भी पाइप नहीं लौटाया गया। जिसके कारण जनस्वास्थ्य विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। एसडीओ ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि पाइप चोरी करने वालों की अभी तक कोई पहचान नहीं हो सकी है। विभाग जल्द ही पाइप चोरी करने वाला की पहचन होने पर मामला दर्ज कराया जाएगा।

# नियमों की अवहेलना पर 231 लोगों पर 25.47 लाख रुपये का जुर्माना

**गुरुग्राम।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान के तहत प्रतिबंधित गतिविधियां करने के मामले में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अब तक 231 उल्लंघनकर्ताओं पर 25.47 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनमें कचरे में आग जलाने, तंदूर एवं कोयला भट्टी का इस्तेमाल, कचरा एवं मलबा फेंकने, धूल उड़ाने संबंधी गतिविधियां करने, बिना पंजीकरण निर्माण एवं तोड़फोड़ करने, बिना ढके निर्माण सामग्री रखने एवं परिवहन करने आदि शामिल हैं।

नगर निगम गुरुग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की पालना में नगर निगम गुरुग्राम गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है। इसके तहत प्रतिबंधित गतिविधियां करने वालों के चालान किए जा रहे हैं। साथ ही वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव तथा मैकेनाईज्ड स्वीपिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि टैंकरों तथा दमकल वाहनों के माध्यम से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से शोधित पानी का इस्तेमाल छिड़काव के लिए किया जा रहा है। वहीं मैनुअल स्वीपिंग के समय भी पानी का छिड़कव करने की प्रक्रि अपनाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि नागरिकों को भी जीआरएपी के नियमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चल रहे हैं। इसके लिए होर्डिंग एवं मुनादी के माध्यम से नागरिकों को जागरुक किया जा रहा है कि वे प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां ना करें तथा अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उसके बारे में सूचना दें

# कैंडल मार्च निकाल श्रद्धा को न्याय दिलाने की मांग

### पंजाबी बिरादरी महा संगठन से जुड़े लोग सड़कों पर उतरे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में श्रद्धा वालकर को न्याय देने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकालते सामाजिक संगठनों के सदस्य।

**दिल्ली** में श्रद्धा वालकर की हत्या करके उसके शव के 35 टुकड़े करने को अमानवीयता करार देते हुए पंजाबी बिरादरी महासंगठन, केंद्रीय श्रीसनातन धर्म सभा और आर्य केंद्रीय सभा गुरुग्राम ने मिलकर शहर में कैंडल मार्च निकाला। शांतिपूर्वक कैंडल मार्च के माध्यम से श्रद्धा को न्याय दिलाने की मांग की गई। पूर्व सात सदस्यों की एक कमेटी ने बोधराज सीकरी की अगुवाई में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन भी सौंपा।

पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी, केन्द्रीय श्रीसनातन धर्म सभा से सुरेंद्र कुमार खुल्लर, आर्य केन्द्रीय सभा से अशोक आर्य, कन्हैया लाल आर्य, ओम कथूरिया ने शांति कैंडल मार्च की अगुवाई की। श्रद्धा की हत्या और शव के टुकड़े करने के विरोध में पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने प्रधान बोधराज सीकरी ने इस जघन्य अपराध की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज को दहला देती हैं। इस घटना ने मानवीय संवेदनाओं को कुरेदने का काम किया है। श्रद्धा के साथ हुई क्रूरता, बर्बरता और हैवानियत से हत्या को मीडिया में प्रमुखता से दिखाया जा रहा है। अब समाज में जागरुकता की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो। उन्होंने मांग की कि दोषी को कड़ी सजा देकर श्रद्धा के परिवार को न्याय दिया जाना चाहिए।

कैंडल मार्च सेक्टर-7 से शुरू होकर कबीर भवन शिवमूर्ति चौक तक निकाला गया। कैंडल मार्च प्रारम्भ होने से पूर्व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हवन भी किया गया। बोध राज सीकरी ने पुरुष ब्राह्मण द्वारा यज्ञ करवाने की बजाए, महिला ब्राह्मण विभा आर्य, सुषमा आर्य से हवन कराया, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। शांति मार्च में सुरेश सीकरी, सुनीता खुल्लर, अशोक आर्य, पूनम भटनागर, प्रमोद सलूजा, राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, यदुवंश चुघ, दीपक वर्मा, ज्योत्सना बजाज, गजेंद्र गोसाई, रमेश कामरा, देविन्दर, बालकृष्ण खत्री, राजकुमार कथूरिया एडवोकेट अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन, किशोरीलाल डूडेजा, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, अनिल कुमार, रमेश कुमार, सुभाष नगपाल समेत अनेक लोग शामिल हुए।

# छात्रा सागरिका यूजीसी नेट में बनीं राष्ट्रीय टॉपर



गुरुग्राम विवि में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व साइकोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गायत्री रैना के साथ यूजीसी नेट में साइकोलॉजी विषय में टॉपर सागरिका फोगाट।

### रोहतक की रहने वाली हैं सागरिका फोगाट

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय की छात्रा सागरिका फोगाट ने यूजीसी नेट/जेआरएफकी परीक्षा में पूरे भारत में पहला स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया है। विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। सागरिका फोगाट पुत्र देवेंद्र सिंह फोगाट रोहतक की रहने वाली हैं।

यूजीसी की तरफ से आयोजित यूजीसी-नेट की परीक्षा में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी की साइकोलॉजी विभाग की छात्रा सागरिका फोगाट ने पहला स्थान प्राप्त कर ना केवल सफलता का एक नया कीर्तिमान रच दिया, बल्कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। गुरुग्राम विवि के प्रवक्ता के मुताबिक नवंबर महीने में आएं परीक्षा परिणाम के अनुसार सागरिका ने यूजीसी नेट की परीक्षा 100 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। इतना ही नहीं, छात्रा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए भी चयनित हुई है। सागरिका की इस दोहरी सफलता से परिवार, विश्वविद्यालय में भी खुशी की लहर है।

सागरिका ने अपनी इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय अपने कठिन परिश्रम के साथ ही कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद सागरिका ने जेआरएफ या असिस्टेंट प्रोफेसर की जॉब के लिए क्वालीफाई कर अपनी मंजिल की ओर कदम बढ़ा दिया है। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सागरिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से जीवन में किसी भी सपने को पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर साइकोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गायत्री रैना भी उपस्थित रहीं।

# प्रख्यात साहित्यकार डॉ. राजेंद्र गौतम की तीन पुस्तकों का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में प्रख्यात साहित्कार डॉ. राजेंद्र गौतम की पुस्तकों का लोकार्पण करते अतिथि।

**प्रख्यात** साहित्यकार डॉ. राजेंद्र गौतम की तीन पुस्तकों आवाज मौसम की (गीत संग्रह), ठहरे हुए समय में-कुछ प्रेम कवितायें और कुछ दोहे इस दौर के (दोहा संग्रह) का लोकार्पण किया।

सुरुचि साहित्य कला परिवार के तत्वावधान में आयोजित समारोह में पुस्तक चर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात साहित्यकार डॉ. राजेंद्र गौतम की तीन पुस्तकों को लोकार्पित किया गया। वक्ताओं ने प्रमाणिकता के साथ संग्रह के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता दूरदर्शन के पूर्व निदेशक अमरनाथ अमर ने की। गजलकार विज्ञान व्रत, साहित्यकार अलका सिन्हा, गीतकार वेद प्रकाश शर्मा एवं डॉ. राजेंद्र गौतम कार्यक्रम में मौजूद रहे। संचालन मदन साहनी ने किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. धनीराम अग्रवाल ने संस्था का संक्षिप्त परिचय दिया। वेद प्रकाश शर्मा ने आवाज मौसम की संग्रह के विषय में अपनी बात रखी। उनके गहन अध्ययन, गीतों की समझ एवं सामर्थ्य की सराहना की गयी। उन्होंने कहा कि इसमें प्रकृति के त्रास और सौन्दर्य दोनों पक्षों की रचनायें हैं। आरोह, अवरोह और क्रम का ध्यान रखते हुए सन्दर्भ के साथ जोड़कर गीत के प्रति न्याय करने में सहज व स्वाभाविक रचनाकार डॉ. गौतम सफल हुए हैं। नाद सौंदर्य और बिम्ब प्रभावशाली बन पड़े हैं। गीतों में प्रेम की शुचिता सराहनीय है।

विज्ञान व्रत ने दोहा संग्रह कुछ दोहे इस दौर के, के विषय में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि झरबेरी, कोथड़ी, पाड़ा जैसी शब्दावली का प्रयोग कर रचनाकार ने नयी पीढ़ी पर उपकार किया है। संग्रह से एक दोहा उद्धृत करते हुए उनकी आंखें नम हो गयीं। पाकर मां की कोथड़ी-भूल गयी सब क्लेश, मन पीहर में जा बसा-तन था इस देश।

अलका सिन्हा ने ठहरे हुए समय में कविता संग्रह के विषय में अपनी बात रखते हुए कहा कि सिद्धहस्त समीक्षक, भाषाविद डॉ. गौतम ने बीत चुके समय को बटोरने-टटोलने का प्रयास इन प्रेम कविताओं में बखूबी किया है। त्रिलोक कौशिक ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि ठहरे हुए समय में संग्रह की कवितायें रचनाकार ने पर काया में प्रवेश कर लिखी हैं।

# अवैध निर्माणों एवं कॉलोनाइजेशन पर चला निगम का पीला पंजा



गुरुग्राम में वाटिका चौक के पास अवैध निर्माण गिराती जेसीबी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माणों एवं अवैध कॉलोनाईजेशन के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को वाटिका चौक व गांव नूरपुर में निगम का पीला पंजा चला।

मंगलवार को सहायक अभियंता आरके मोंगिया के नेतृत्व में नगर निगम गुरुग्राम की इनफोर्समेंट टीम पुलिस बल एवं जेसीबी लेकर वाटिका चौक पर पहुंची। यहां पर अनाधिकृत रूप से बनाए गए चार कैफे एवं रेस्टोरेंट को धराशायी किया गया। टीम ने फूड आईलैंड कैफे, अपना अड्डा कैफे, खोपचा कैफे सहित एक अन्य कैफे को जेसीबी की मदद से तोड़ा। इसके अलावा, टीम ने गांव नूरपुर में पहुंचकर यहां पर अवैध कॉलोनाइजेशन में कार्रवाई करते हुए चाहरदीवारियों को तोड़ा।

टीम में जूनियर इंजीनियर नीरज यादव व अंकित कपूर सहित पुलिस बल एवं इनफोर्समेंट विंग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमेजन डॉट इन ने की 22 से 27 नवंबर 2022 तक 'द ब्यूटी सेल' की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**शादी** और छुट्टियों का मौसम शुरू हो गया है। इसी के साथ ही, अमेजन ब्यूटी ने 22 से 27 नवंबर तक लैक्मे और बायोटिक के सहयोग से प्लम द्वारा संचालित अमेजन की द ब्यूटी सेल के पहले एडिशन की शुरुआत की घोषणा की है। प्लम, लक्मे, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, टॉमी हिलफिगर, लोरियल प्रोफेशनल, कामा आयुर्वेद, द बॉडी शॉप, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, बायोटिक, किमिरिका जैसे 140 से अधिक बेहतरीन मेकअप और प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इसके साथ ही यहां इन ब्रांड्स पर 5000+ से अधिक डील्स भी मिल रही हैं। इन डील्स में कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं जैसे कॉम्बो और किट पर 65% तक की छूट, टॉप ब्रांडों की खरीद पर मुफ्त उपहार, कूपन के साथ 10% तक की छूट आदि।

ग्राहक आपकी पसंदीदा हस्तियों जैसे https://www.instagram.com/realhinakhan/हीना खान, अंकुश बहुगुणा, नीतिभा कौल, मृणाल पांचाल के साथ आकर्षक चैट और ट्यूटोरियल के लिए A.in ऐप पर लाइव सैशन में शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही आप ब्यूटी प्रोफेशनल्स के साथ इंस्टाग्राम पर डेली मास्टरक्लास और एक्सपर्ट सैशन में भी शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा यहां कॉन्टेस्ट, क्विज और पहली बार पेश की गई कई एक्टिविटीज में भी शामिल होने का मौका मिलेगा। दोस्तों और परिवार के साथ महफिलों, शादियों, पार्टियों में जाने, छुट्टियां बिताने, रात को बाहर घूमने फिरने और ब्रंच का मजा लेते हुए एक खुशनुमा माहौल के साथ साल को विदा करने का यह एकदम सही समय है। इन अवसरों के लिए अपना खुद का मेकअप करना कभी-कभी आपको भारी पड़ सकता है, लेकिन चिंता न करें; हर पल फैशनेबल दिखने और महसूस करने में आपकी मदद करने के लिए अमेजन ब्यूटी के पास लक्जरी और प्रोफेशनल ब्यूटी प्रोडक्ट्स, स्किनकेयर, ग्रूमिंग अप्लायंसेस और ब्यूटी एंड मेकअप कॉम्बो, कई शानदार डील्स के साथ उपलब्ध हैं।

अमेजन फैशन इंडिया के डायरेक्टर और हेड सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, अमेजन ब्यूटी सौंदर्य, स्किनकेयर और मेकअप से जुड़े सामान के विश्वसनीय संग्रह के लिए एक वन-स्टॉप-शॉप है। अमेजन डॉट इन पर द ब्यूटी सेल के पहले एडिशन को लॉन्च करने के साथ, हम अपने ग्राहकों को शादी, पार्टी नाइट्स, वेकेशन, नाइट आउट, दोस्तों और परिवार के साथ ब्रंच पर जाने जैसे किसी भी अवसर के लिए प्रोडक्ट की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करना चाहते हैं। हमें टियर 2 और 3 शहरों से मेकअप, ब्यूटी और स्किनकेयर प्रोडक्ट की काफी ज्यादा मांग प्राप्त हो रही है। ये ग्राहक अपने घर पर डिलीवर होने वाले प्रामाणिक उत्पादों की खरीद करना चाहते हैं। इसी के साथ ही हम अपने ग्राहकों को विविध प्रकार के विकल्प, सुविधाजनक रूप से और सही मूल्य पर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आयुष्मान : उपायुक्त की घोषणा के बाद भी बंद रहा काउंटर

## अचानक हुए अवकाश से परेशान हुए मरीज और आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे लोग

कविता। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के तहत सोमवार 21 नवंबर से आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलाने के निर्देश जारी किए थे। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के तहत फरीदाबाद के नागरिक अस्पताल में 21 नवंबर से नए आयुष्मान कार्ड बनाने की शुरुआत की गई थी। इस घोषणा के अगले ही दिन यानी बुधवार को नागरिक अस्पताल में मौजूद आयुष्मान कार्ड बनाने वाला काउंटर बंद था। वहीं अवकाश के कारण ओपीडी बंद होने से मरीजों को परेशानी हुई।




बंद पड़ा आयुष्मान भारत योजना का कार्ड काउंटर। बीके में बंद ओपीडी के बाहर खड़े मरीज और आयुष्मान कार्ड बनवाने आए लोग।

**मरीज हुए परेशान :** बीके अस्पताल में प्रत्येक माह होने वाले अवकाश की लिस्ट पहले ही ओपीडी समेत अन्य कई जगह चस्पा दी जाती है, लेकिन सोमवार तक किसी तरह के अवकाश की सूचना ओपीडी में नहीं थी। जिस कारण सैंकड़ों की संख्या में मरीज अपना इलाज करवाने सुबह ही पहुंच गए। ऐसे में उन्हें सुबह लगे नोटिस को देखकर पता चला कि ओपीडी बंद है। जिससे उन्हें बिना इलाज के वापस लौटने को मजबूर होना पड़ा।

**बंद मिला काउंटर :** सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत कवर होने वाले 1.80 लाख से नीचे कम आय वाले लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के लिए 21 नवंबर से नागरिक अस्पताल फरीदाबाद और सभी ऑल अटल सेवा केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाने की घोषणा की थी, लेकिन नागरिक अस्पताल (बीके) में मौजूद सेंटर बंद था, जिस कारण लोग बंद सेंटर को लेकर परेशान होकर लौट गए।

**लोगों का कथन :** भारी संख्या में इलाज को और आयुष्मान कार्ड के कागज लेकर पहुंचे लोगों ने बताया कि अवकाश की सूचना नहीं दी गई थी। केवल एजुकेशन डिपार्टमेंट द्वारा स्कूल और कॉलेज बंद होने की सूचना थी। अस्पताल और आयुष्मान केंद्र बंद होने की सूचना नहीं थी। जिस कारण वह लोग इलाज करवाने और आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे। लेकिन यहां ओपीडी और आयुष्मान कार्ड बनाने का केन्द्र दोनों ही बंद थे। जिस कारण उन्हें लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे ऑटो में 20 से 80 रुपये तक खर्च करके यह यहां आए हैं, लेकिन उनका न तो काम हुआ और न ही उन्हें इलाज मिला। सरकारी अवकाश की सूचना पहले दी जानी चाहिए।

## डीजल व पीएनजी पर इनपुट क्रेडिट मिलना चाहिए

**फरीदाबाद।** डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने मांग की है कि डीजल पीएनजी, सीएनजी आदि ईंधन जो उद्योगों में उत्पादन प्रक्रिया के अंतर्गत कच्चे माल की श्रेणी में माने जाते हैं, को जीएसटी दायरे में लाकर उन पर इनपुट क्रेडिट मिलना चाहिए। मल्होत्रा ने कहा है कि राज्य एवं केंद्रीय सरकार औद्योगिक उत्पादों की लागत कम करने एवं मांग बढ़ाने पर जोर देती है। कहा गया है कि पीएनजी जिसका उपयोग डीजल के स्थान पर किया जा रहा है, का उपयोग उत्पादन प्रक्रिया में किया जा रहा है, ऐसे में डीजल व पीएनजी की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर इनका इनपुट क्रेडिट उद्योगों को मिलना चाहिए। मल्होत्रा के अनुसार यह संतोष का विषय है कि केंद्रीय सरकार इस विषय पर सिद्धांत सहमत हो गई है।

# जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव में 66 प्रतिशत लोगों ने किया मतदान



पाली के बूथ पर मतदान के लिए लाइन में खड़ीं महिलाएं।



मतदान के लिए लाइन में खड़े पुरुष अपने वोटर कार्ड दिखाते हुए।

कविता। फरीदाबाद

**जिला** परिषद के 10 और पंचायत समिति के 60 वार्डों में मतदान मंगलवार शाम छह बजे तक 66 प्रतिशत ही हुआ। जिसमें 228080 मतदाताओं में से केवल 150645 मतदाताओं ने मतदान किया। सुबह से शांतिपूर्ण मतदान के बावजूद जिला में तीन स्थानों पर ईवीएम को बदलने के कारण मतदान को रोकना पड़ गया।

वहीं कुछ देर रुकने के बाद अधिकारियों ने जल्द ही वोटिंग शुरू करवा दी। ग्रामीण इलाकों में मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही लम्बी लाइनें लगनी शुरू हो गई थीं, लेकिन वोट डालने पहुंचे बुजुर्गों और चलने में असमर्थ लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उनके परिजन उन्हें गोद में उठाकर वोट डलवाने केन्द्रों पर पहुंचते नजर आए। प्रशासन की तरफ से व्हील चेयरों की व्यवस्था मतदान केन्द्रों पर नहीं करवाई गई थी।

पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे चरण का चुनाव फरीदाबाद जिला में 22 नवंबर को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जिला परिषद और ब्लॉक समिति के पदों के चुनाव के लिए हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदान किया गया। हालांकि सोमवार शाम को कर्मचारी ईवीएम लेकर मतदान केंद्रों पर पहुंच गए थे। लेकिन तीन मतदान केन्द्रों पर ईवीएम मशीन खराब हो गई। जिसके कारण मतदाताओं को इंतजार करना पड़ा।

**66 प्रतिशत मतदान :** जिला परिषद की 10, पंचायत समिति के 60 वार्डो के सदस्यों के लिए मतदान किया गया। जिसमें जिला में कुल 226526 मतदाता हैं, इनमें से 121952 पुरुष और 100459 महिलाएं तथा ट्रांसजेंडर 15 को शामिल किया गया था। इनके लिए जिला में कुल 311 बूथों पर वोट डालने की व्यवस्था कराई गई थी। जिसमें 101 सामान्य, 90 संवेदनशील और 130 अति संवेदनशील बूथ बनाए गए थे, लेकिन इन बुथों पर शाम छह बजे तक जिला में मात्र 66 प्रतिशत ही मतदान हुआ।

## तीन स्थानों पर मशीन में आई खराबी, मतदान को घंटों पड़ा रोकना

## व्हील चेयर न होने और मोबाइल पर पाबंदी से लोग रहे परेशान



वोट डलवाने के लिए वृद्ध महिला को गोद में ले जाते परिजन।

**यहां खराब हुईं मशीनें :** जिला में तीन मतदान केन्द्रों पर मशीन खराब होने की सूचना मिली। जिसमें तिगांव स्थित सरकारी कॉलेज में लगी ईवीएम में सुबह सात बजे तकनीकि खराबी आ गई। जिसमें सात बजकर 35 मिनट से सात बजकर 40 मिनट के बीच शुरू किया गया। तब जाकर ग्रामीण मतदाताओं को वोट डालने का मौका मिला। वहीं मंझावली के बूथ नम्बर 43 पर दो बार ईवीएम खराब हो गई। जिसके कारण बूथ पर घंटों मतदाताओं को इंतजार करना पड़ा। जिसमें सुबह सात बजे खराब हुई मशीन आठ बजे बदली गई। वहीं दोपहर को पौने दो बजे खराब हुई मशीन दोपहर को साढ़े तीन बजे बदली गई। इसके अलावा अरूआ गांव के बूथ नम्बर चार पर दोपहर को एक बजे से दो बजे के बीच मशीन खराब हो गई।

**लोगों को हुई परेशानी :** पोलिंग बूथों के अंदर फोन नहीं ले जाने दिया गया। जिससे लोग परेशान रहे। उन्हें पुलिस ने मोबाइल फोन बाहर खड़े अपने परिचितों को देने के लिए कहा, तो कुछ लोगों को मोबाइल फोन पुलिस कर्मियों को देकर वोट डालने जाते हुए देखा गया। वहीं दूसरी तरफ सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों और दिव्यांगों को हुई। क्योंकि गेट से अंदर पोलिंग बूथों तक जाने के लिए व्हीलचेयर न होने के कारण गोद में उठाकर परिजन वोट डलवाने पहुंचते नजर आए।

# भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न



पोलिंग बूथ पर निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

## चुनावी प्रक्रिया में 2500 से अधिक पुलिसकर्मी रहे तैनात

**फरीदाबाद।** जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराए लोगों ने स्वतंत्र और निर्भीक रूप से अपने मत का प्रयोग किया। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश पर 2500 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई थी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों को मतदान के दौरान सभी पोलिंग बूथ पर शांति पूर्ण मतदान के लिए लगातार पेट्रोलिंग के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने चुनाव को शांतिपूर्ण कराया है। फरीदाबाद के 99 गांव की 100 पंचायत में 311 पोलिंग बूथ बनाए गए है जिसमे मतदान केंद्रों को सामान्य, सेंसिटिव और हाइपरसेंसेटिव वर्गों में बांटा गया है। इसमें से 52 जगहों को सेंसिटिव और हाइपरसेंसेटिव की श्रेणी में रखा है।

# बूस्टिंग स्टेशन की सौगात से दूर होगी पानी की समस्या

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बड़खल विधानसभा क्षेत्र में बूस्टिंग स्टेशन की सौगात के बाद क्षेत्र के लाखों लोगों को इसका फायदा मिलेगा।



बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने क्षेत्र के लाखों लोगों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार प्रकट किया और कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की जल आपूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया है और उन्हें फरीदाबाद की जनता को समर्पित किया। एफएमडीए की इस परियोजना के बाद शहर के निवासियों के लिए पानी की आपूर्ति बढ़ाने की बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा। जिसके लिए लम्बे समय से क्षेत्र की जनता परेशान थी। बड़खल निर्वाचन क्षेत्र वार्ड नं. 21 शिवदुर्गा विहार, ग्राम लक्कड़पुर में बूस्टिंग स्टेशन प्रतिदिन 20 लाख लीटर पानी प्रदान करेगा, इस बुस्टिंग स्टेशन से एक लाख लोगों के नल में जल होगा। यह बुस्टिंग स्टेशन शिव दुर्गा विहार कॉलोनी व ग्राम लक्कड़पुर के निवासियों को बहुत राहत प्रदान करेगा, जिससे आस पास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। सीमा त्रिखा ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लक्कड़पुर/शिवदुर्गा विहार में पीने के पानी की सुविधा देने के लिए लाखों लोगों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया।

# 2019 के बाद से भारत में सिनोलॉजी ने 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

## सिनोलॉजी का आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस की लॉन्चिंग के साथ 2023 में 300 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दुनियाभर** में डाटा स्टोरेज और प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी रहने वाली कंपनी सिनोलॉजी ने अपने नवीन समाधान के साथ वर्ष 2023 तक 300 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है। इसके लिये नई दिल्ली में कंपनी ने अपने नवीन समाधानों की लॉंचिंग की है।

गौरतलब है कि कंपनी पहले ही 2019 के बाद से 100 प्रतिशत वृद्धि दर्ज कर चुकी है। भारत में सिनोलॉजी के राजस्व का 30 प्रतिशत से अधिक विनिर्माण क्षेत्र से आता है, जिन्हें महत्वपूर्ण डाटा को सिंक एवं साझा करने के लिये मल्टी साइट सॉल्यूशंस की जरूरत है। जबकि पेशेवर सेवाएं



जैसे कि अस्पताल और PET, वॉल्यूम डेटा स्टोरेज और उच्च I/O डेटा प्रबंधन समाधान चाहने वाले मनोरंजन उद्योग प्रत्येक 15 प्रतिशत शेयर के साथ अनुसरण करते हैं।

2019 में कोविड महामारी की घटनाओं ने व्यवसायों एवं कर्मचारियों के डेटा प्रबंधन एवं उन्हें साझा करने के तरीके को बदल दिया। इस दौरान सिनोलॉजी एनएएस ने नेटवर्किंग, सिक्योरिटी एवं फ़ाइल स्टोरेज समाधान प्रदान करने के लिए एक एकीकृत बुनियादी ढांचा बनाने में आईटी की चुनौतियों को दूर कर उद्यमों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा किया। इस बारे में सिनोलॉजी के एशिया पैसिफिक रीजनल सेल्स हेड, माइकल चांग ने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 और उसके बाद तेजी से वृद्धि के लिए तैयार है। हमारे डेटा प्रबंधन समाधानों की नई श्रृंखला हमें बाजार की मांगों को पूरा करने और भारत में ग्राहकों के लिए डिजिटल बदलाव लाने में सक्षम बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि डेटा प्रबंधन में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हुए सिनोलॉजी भारत में उद्यमों, एसएमबी और एसओएचओ उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं लेकर आ रहा है, जिसमें डाटा स्टोरेज एवं बैकअप के लिये समाधान, फाइल सहयोग, विडियो निगरानी एवं नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। इन सभी को एक लक्ष्य- आईटी को सरल बनाने के लिए एक केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म प्रस्तुत करने के लिये डिजाइन किया गया है।

गौरतलब है कि सिनोलॉजी समाधान दुनियाभर के डाटा का प्रबंधन करने एवं उन्हें सुरक्षित करने में मदद करता है। अब कंपनी इस ओर ध्यान दे रही है कि कैसे ग्राहक सुरक्षित तरीके से अपने डाटा को स्टोर एवं प्रबंधित कर सकते हैं। इसकी नवीन प्रस्तुति में डेटा भंडारण और बैकअप, निगरानी, नेटवर्किंग और क्लाउड समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

# नेत्र व दंत जांच शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी में स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क आंखों व दांतों की जांच का कैंप लगाया गया। यह कैंप केवल प्रेम आंखों के अस्पताल व क्लोव डेंटल फरीदाबाद द्वारा संयुक्त रूप से लगाया गया। इस कैंप में लगभग 247 लोगों ने आंखों व दांतों की जांच करवाई। शिविर में लोगों को मुफ्त चश्में व दवाई वितरित की गई। 19 लोगों को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

स्कूल के चेयरमैन डॉ. अमित जैन ने कहा कि डबुआ कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, कपड़ा कॉलोनी, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों में काफी लोगों ऐसे रहते हैं जो समय व पैसे के अभाव में आंखों व दांतों का जांच नहीं करवा पाते। इस तरह के कैंप लगने से वे अपनी आंखों व दांतों की समस्याओं के प्रति जागरूक होते हैं और बड़ी समस्या होने से पहले उसका निदान कर सकते हैं।

# चुनाव : मतदान केंद्रों का डीसी ने किया निरीक्षण

## उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को दिए आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए बनाए गए मतदान बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद में अब तक शांतिपूर्ण मतदान हुआ है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला फरीदाबाद में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान के दौरान मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान प्रक्रिया बारीकी से जानकारी ली और वहां पर मतदान कर रहे युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं व पुरुषों से प्रजातंत्र के पर्व में मतदान करने बारे सुझाव साझा किए।

डीसी विक्रम मंगलवार प्रात: सबसे पहले फतेहपुर बिल्लौच के राजकीय स्कूल में पहुंचकर वहां हो रहे मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। वहां पर सेक्टर ऑफिसर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जवा गांव के राजकीय हाई स्कूल में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वहां पर भी उन्होंने पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा चुनाव में चुनाव एजेंटों से बात की और वहां हो रहे मतदान बारे जानकारी ली।



मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं से बातचीत कर जानकारी लेते डीसी विक्रम सिंह और अन्य अधिकारी।

उसके बाद वह गांव हीरापुर के बूथ नंबर 114 में पहुंच कर वहां की स्थिति का जायजा लिया और वहां पर पुलिस तथा प्रजा एडिंग अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके बाद ने छायंसा के बूथ नंबर 91, बूथ नंबर 93, बूथ नंबर 99, बूथ नंबर 94 सहित से एक-एक करके सभी बूथों का निरीक्षण किया और वहां पर लगे सेक्टर अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी से बातचीत करके शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने के दिशा निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में समग्र कल्याण प्रबंधन विषय पर राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत ऑनलाइन मोड पर किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के कारण सभी गतिविधिया रुक गई थी, इसके बाद सभी का ध्यान हॉलिस्टिक वैलनेस की तरफ आकर्षित हुआ। जिसमें शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास हो, जिससे सभी लोग स्वस्थ और खुशहाल जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय प्राचार्य ने विभिन्न महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से आए हुए सभी शिक्षकों और प्रशासकों का स्वागत करते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा की शिक्षकों का कार्य सिर्फ शिक्षा प्रदान करना और विद्यार्थियों द्वारा अच्छे मार्क्स प्राप्त करना ही नहीं है अपितु आज शिक्षकों का कार्यभार हॉलिस्टिक एजुकेशन है।

# फिर दुनिया सुन रही दादा लखमी की गूंज : राजेश नागर



**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फिल्म दादा लखमी में युवा किरदार निभाने वाले हितेश शर्मा को सम्मानित किया। यह फिल्म विश्वविख्यात हरियाणवी लोक कलाकार पं लखमी चंद शर्मा के किरदार पर यशपाल शर्मा ने बनाई है।

उन्होंने शहर के एल्डिको मॉल में फिल्म दादा लखमी देखी। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारे शहर के बेटे हितेश शर्मा ने दादा लखमी के बड़े किरदार को जीवंत कर सभी से शाबाशी लूटी है। फिल्में तो बहुत लोग करते हैं लेकिन इस प्रकार के किरदार को निभाकर हितेश ने हरियाणा लोककला एवं संस्कृति को भी सहारा दिया है। इसके लिए हम उनका आभार प्रकट करते हैं। विधायक राजेश नागर ने प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी फिल्म को टैक्स फ्री करने पर धन्यवाद किया। नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान किया है वहीं प्रदेश की संस्कृति को देश दुनिया तक पहुंचाने में निर्माताओं को सहयोग भी किया है। नागर ने कहा कि हम सबको अधिक से अधिक संख्या में फिल्म दादा लखमी देखनी चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि दादा लखमी का नाम हरियाणा की संस्कृति को समृद्ध करने में लिया जाता है। उन्होंने वर्षों पहले वो कह दिया था, तब इसके बारे में कोई बात भी नहीं करता था। उन्होंने कह दिया था कि पानी बोतलों में बेचा जाएगा। ऐसे भविष्यदृष्टा लोककर्मी का हम सभी को सम्मान देना चाहिए। मौजूद सैकड़ों लोगों ने फिल्म कलाकार हितेश शर्मा, विधायक राजेश नागर, पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का माला पहनाकर स्वागत किया।

# संक्षिप्त समाचार

## बच्चों के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है : बबली



**फरीदाबाद।** सेक्टर- 16 ए गांव दौलताबाद फरीदाबाद में भीम सेवासंघ ट्रस्ट द्वारा चौपाल पर बच्चों को शिक्षा के लिए शुरू किए गए शिक्षा सत्र का विधिवत रीबन काटकर शुभारंभ शिरकत सेवासंघ के सदस्यों ने बबली का फूल माला बुक के व स्मृति चिह्न देकर मान सम्मान किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने कहा शिक्षा जीवन का मूल आधार है। बिना शिक्षा के भविष्य अंधकारमय है। कार्यक्रम के लिए अध्यक्ष राजकुमार गौतम व अर्चना पूरी टीम को बधाई। इस अवसर पर सम्मानित महानुभाव गांव की सरदारी शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

## रविंद्र फागना अकादमी ने 64 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** स्पोर्टक्यूब क्रिकेट अकादमी ग्राउंड गुरुग्राम के मैदान में खेले गए प्रैक्टिस मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने स्पोर्टक्यूब क्रिकेट अकैडमी गुरुग्राम को 64 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में पांच विकेट पर 262 रन बनाए। रिजवान खान ने शानदार नाबाद पारी खेलते हुए 69 गेंदों पर 13 चौके की मदद से 97 रन बनाए। गुनशहराज बांगा ने 56 रन, अविनाश खटाना ने 39 रन, करन डेढ़ ने 27 रन बनाए। स्पोर्टक्यूब क्रिकेट अकैडमी गुरुग्राम के करन पासवान, साहिल खान, दक्ष और साहिल बिष्ट ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्टयूब क्रिकेट अकैडमी गुरुग्राम 39 ओवर में ऑल आउट होकर 198 रन ही बना सकी। रितिक मिश्रा ने 48 गेंदों पर 43 रन, करन पासवान ने 32 रन, साहिल खान ने 30 रन, बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम के नमन शर्मा ने पांच विकेट लीं और बलंदु मिश्रा ने तीन विकेट, निशांत यादव और राज राजपूत ने एक-एक विकेट ली। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने आरपीसीए फरीदाबाद को 64 रन से हराया। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नमन शर्मा को मिला।

## दो दिवसीय ओपन चैस प्रतियोगिता का समापन




**फरीदाबाद।** ऑल फरीदाबाद चैस एसोसिएशन के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ओपन चैस प्रतियोगिता में लगभग 120 प्रतियोगियों ने भाग लिया। 19 से 20 नवंबर तक चली प्रतियोगिता में आठ वर्ष की आयु से लेकर 75 वर्ष की आयु तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम आदित्य ढिंगरा, द्वितीय गर्व गौड, तृतीय विवेक कौशल, चौथे स्थान पर निर्णय गर्ग, पांचवें स्थान पर उत्तम प्रकाश शर्मा ने प्राप्त किया। उसके बाद पुनीत इंदौरा, नवीन जैन, साहिल बहरोन, अवनिय मोहन और सायरस छिक्कारा ने स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग 11 में निमय अग्रवाल और व्योम मल्होत्रा, आयुवर्ग अंडर-15 में अर्शप्रीत सिंह और कबीर सिंह अहूजा ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। अभिभावकों ने एसोसिएशन के मेम्बर्स की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा लगातार राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिता फरीदाबाद में आयोजित कराने से उनके बच्चों में चैस के प्रति रुझान बढ़ा है। श्रद्धा मंदिर पब्लिक स्कूल के प्रिंसीपल जीएस आर्या और ऑल फरीदाबाद एसोसिएशन के सचिव अलका छिक्कारा, प्रधान नीतू अग्रवाल, सहसचिव धर्मेन्द्र सिंह और कोषाध्यक्ष अतुल ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## विश्व बाल दिवस: सीआरसी सराय ख्वाजा में अंकनाद आयोजित



**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग फरीदाबाद के आदेशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सीआरसी सराय ख्वाजा के सभी सात विद्यालयों का क्लस्टर स्तर का अंकनाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि अंकनाद कार्यक्रम में कक्षा एक से कक्षा पांच तक के सभी बच्चों की टेबल्स और काउंटिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों की प्रतियोगिता में कम से कम समय में टेबल्स और काउंटिंग सुनाने वाले प्रतिभाशाली प्रतिभागी छात्र छात्राओं को विजेता घोषित किया गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि उल्लेखनीय है कि अंकनाद के माध्यम से विद्यार्थियों में आरोही एवं अवरोही क्रम में गणना एवं टेबल्स की प्रतियोगिता से बच्चों में अंकों की गणना संबंधी रुचियों के विकास में सहायता मिलती है। इस प्रतियोगिता द्वारा गणित में निपुणता एवं दक्षता प्राप्त करने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। अंकनाद द्वारा बच्चों को पढ़ाई से इस प्रकार से जोड़ रहा है कि वे न चाहते हुए भी इस डिवाइस की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। इस डिवाइस के माध्यम से बच्चों का ज्ञान और भी ज्यादा सुदृढ़ हो सकेगा। बच्चे सरलता से इसे सीख भी रहे। अब से पूर्व के समय में भी बच्चों को खेल खेल में गणना, टेबल्स, अक्षरज्ञान, अल्फाबेट्स आदि भी समूह में गा-गा कर और कक्षा में ही दो टीम बना कर सिखाया जाता था। बच्चों को अब मनोरंजन के द्वारा सरल पद्धति से जोड़कर गणित के अंकों की शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने अंकनाद के सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ अध्यापक अजय गर्ग, एबीआरसी नीलम, अध्यापक सुनील पाराशर, प्रवेश सहित सीआरसी के सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को और भी आगे ले जाने के लिए अंकनाद, नादबद्ध अंकलिपी एवम टेबल्स और गिनती को गा गा कर सिखाना आदि पद्धति से नन्हे मुन्ने बच्चों की अभिरुचियों को सरलता से विकसित किया जा सकता है। प्राचार्य और सभी अध्यापकों ने अंकनाद में प्रतिभागिता कर रहे सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## साड़ी की दुकान में लगी भीषण आग



**फरीदाबाद।** एनएचवन मार्केट में बीती लगभग साढ़े 10 बजे के करीब साड़ी की दुकान में आग लग गई। जिस की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। लगभग चार घंटे की मेहनत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। आग इतनी भयानक थी कि सुबह तक दुकान से धुआं निकल रहा था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। दुकान में लाखों रुपयों का सामान जलकर राख हो गया।

# गुजरात चुनाव
## कांग्रेस की दशा

**राहुल** गांधी तथा अन्य कांग्रेस नेताओं को चुनावों को गंभीरता से लेते हुए उसी दृष्टिकोण से काम करना चाहिए। आखिरकार राहुल गांधी ने गुजरात के चुनाव संघर्ष में प्रवेश कर सूरत जिले के महुवा में एक रैली को संबोधित किया। हालांकि, यह कदम बहुत देर से उठाया गया है, पर इससे कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित होंगे क्योंकि उनके अभियान में चोटी के नेताओं की संख्या अधिक नहीं है। इसके उलट प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनावी संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी भी कठोर परिश्रम कर रही है और उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल व अन्य वरिष्ठ नेता इस पश्चिमी राज्य में वोट मांग रहे हैं। हिमाचल प्रदेश को भी कांग्रेस के सर्वोच्च नेताओं ने अनदेखा किया। सोनिया गांधी वहां स्वास्थ्य कारणों से नहीं गईं। प्रियंका गांधी ने प्रचार में भाग लिया, पर इससे राज्य के नेता संतुष्ट नहीं थे। कुछ सप्ताह पहले तक पहाड़ी राज्य में भाजपा की संभावनायें कमजोर नजर आती थीं क्योंकि यह राज्य हर पांच साल में सरकार बदलता रहा है। सत्ता-विरोधी लहर के साथ ही विद्रोहियों की समस्या भी थी। एक वीडियो वाइरल हुआ जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को एक विद्रोही भाजपा नेता से चुनाव में बैठने को कहते दिखाया गया था। इससे भाजपा विरोधी खुश थे और कह रहे थे कि पार्टी इतनी परेशान है कि प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। लेकिन वे भाजपा की लगन पर गौर करने में विफल रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह उस समय बहुत बढ़ गया जब उन्होंने देखा कि देश का सबसे बड़ा नेता राज्य के चुनाव में बहुत दिलचस्पी ले रहा है।

इसकी तुलना राज्य विधानसभा चुनावों के प्रति देश की सबसे पुरानी पार्टी के सर्वोच्च नेताओं से करें तो तस्वीर एकदम उल्टी नजर आती है। सर्वोच्च



नेता राहुल गांधी लगतार 'भारत जोड़ो यात्रा' में व्यस्त हैं। उन्होंने वी.डी. सावरकर पर अनावश्यक विवाद पैदा कर महाराष्ट्र में अपनी सहयोगी शिवसेना-उद्धव को नाराज किया। इसके फौरन बाद मेधा पाटकर के यात्रा में शामिल होने की भाजपा ने आलोचना की। राहुल व पाटकर का नाम लिए बिना मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राहुल से मेधा पाटकर की निकटता पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'वे नर्मदा बांध के खिलाफ थे।' ऐसा लगता है कि राहुल गांधी अपनी समझ से भाजपा के कथित 'उग्र राष्ट्रवाद' व 'हिंदू-केन्द्रीयता' का जवाबी विमर्श तैयार कर रहे हैं। इसीलिए यात्रा का नाम भारत जोड़ो दिया गया है तथा यात्रा में मेधा पाटकर की उपस्थिति को प्रचारित किया जा रहा है। यह जवाबी-विमर्श एक ऐसा आधार हो सकता है जिससे एनजीओ व एक्टिविस्टों के साथ समझदारी बढ़ने पर पार्टी को लाभ मिले जिनमें से अधिकांश वामपंथी झुकाव वाले हैं। यह संकेत करना जरूरी है कि इन एक्टिविस्टों ने 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को बदनाम करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। इसके परिणामस्वरूप आठ साल तक विपक्ष में रहने के बाद कांग्रेस सत्ता में लौटने में सफल हुई थी। इसलिए राहुल गांधी के विचलनों के पीछे कोई विचार या दीर्घकालीन रणनीति हो सकती है। लेकिन कोई राजनीतिक पार्टी तात्कालिक व मझोली अवधि वाले मुद्दों को अनदेखा नहीं कर सकती है। उसे चुनावों को गंभीरता से लड़ना चाहिए, अच्छे इरादों व नैतिक भावनाओं को कभी नजरंदाज़ नहीं करना चाहिए, पर असली राजनीति की भी अनदेखी नहीं की जा सकती है। इस मामले में राहुल गांधी का नेतृत्व विफल है। पिछले नौ साल में देश ने मोदी की असाधारण प्रगति तथा कांग्रेस की लगातार गिरावट देखी है। राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं को चुनाव लड़ने तथा उसके अनुसार व्यवहार करने में गंभीरता बरतनी चाहिए।

# गुजरात बर्बाद करेंगे 'आप' या कांग्रेस

यदि आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को सत्ता में आने का मौका मिला तो गुजरात जल्द ही दीवालियेपन के फिसलन भरे रास्ते पर जा सकता है।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं।)




शहरीकृत, उद्यमिता-समर्थक तथा 90 प्रतिशत हिंदू जनसंख्या वाला गुजरात लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की सोशल-इंजीनियरिंग रणनीतियों की प्रयोगशाला बना हुआ है। दिसंबर में चुनाव वाले इस राज्य में भाजपा 27 साल से शासन कर रही है और उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी 26 सीटों पर विजय पाई थी। हालांकि, उसके दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी सत्ता-विरोधी लहर की उम्मीद लगाए हैं, लेकिन भाजपा के इसे तोड़ कर पुन: सत्ता में लौटने की उम्मीद है। पिछले साल भ्रष्ट व अक्षम समझी जाने वाली विजय रूपानी सरकार हटाने के बाद भाजपा ने अपनी छवि में काफी सुधार किया है, हालांकि मोरबी कांड ने प्रशासनिक स्तर पर व्याप्त भाई-भतीजावाद तथा भ्रष्टाचार को उजागर किया है और उसका थोड़ा असर हो सकता है। लेकिन इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'करिश्मे' तथा गुजराती मतदाताओं में उनके प्रति व्याप्त असाधारण विश्वास को तोड़ने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। यहां तक कि मुसलमान भी भाजपा के साथ जा सकते हैं और यह नहीं कहा जा सकता है कि इसका कारण केवल भय है। भाजपा ने अपने 'गुजरात माडल' को शानदार आर्थिक वृद्धि, प्रगति व समृद्धि के रूप में पेश किया है। गुजरात ने अनेक अनुकरणीय पहलों में अग्रणी भूमिका अदा की है और उनका सफल क्रियान्वयन किया है। भारत के अनेक राज्यों ने 2003 में लड़कियों की शिक्षा के लिए उसके 'कन्या केलावनी' योजना का अनुसरण किया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों के लिए उसके द्वारा नए उद्योगों के लिए इनोवेशन, स्टार्टअप व इन्सेंटिव ने भी अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। गुजराती वैसे भी कठोर परिश्रम व बिजनेस योग्यता के लिए जाने जाते हैं। गुजरातियों की कार्य संस्कृति को देखते हुए वे सरकारी 'खैरातों' के बजाय बाजार या कार्यस्थल से मिलने वाले सामाजिक न्याय के प्रति ज्यादा विश्वास करते हैं।

वैसे आप ने अपना घोषणापत्र नहीं जारी किया है, पर उसके द्वारा किए गए वादों को देखते हुए किसी औपचारिक घोषणापत्र की जरूरत नहीं है। वह 'पंजाब माडल' की नकल करते हुए प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली, बेरोजगार नौजवानों के लिए 3,000 रुपये तथा प्रत्येक वयस्क महिला के खाते में 1,000 रुपये भेजने के साथ निजी नौकरियों में स्थानीय नौजवानों के लिए 80 प्रतिशत कोटे तथा हर गाय के लिए 40 रुपये प्रति दिन व पुरानी पेंशन योजना बहाली जैसे वादे कर रही है। मोदी ने विकास के बजाय 'रेवड़ी' या खैरात संस्कृति की आलोचना करते हुए कहा था, 'रेवड़ी संस्कृति वाले कभी नए एक्सप्रेसवे, नए हवाईअड्डे या डिफेंस कारीडोर नहीं बनाएंगे।' इसका विरोध करते हुए केजरीवाल ने कहा कि महिला मतदाताओं के लिए '1,000 रुपया महीना रेवड़ी नहीं है।

यह आपका अधिकार है। जनता का पैसा जनता के पास जाना चाहिए, स्विस बैंकों में नहीं।' चुनाव निकट आने के साथ निश्चित रूप से और 'खैरातों' का वादा किया जाएगा। सत्ता के लालच में केजरीवाल कहीं भी नहीं रुकेंगे, भले ही इसका अर्थ पूरे गुजरात राज्य को बेचना ही क्यों न हो। 2017 के चुनाव में भाजपा को वोटों में 49 प्रतिशत हिस्से के साथ कुल 182 सीटों में से 99 पर विजय मिली थी, जबकि कांग्रेस को 41 प्रतिशत वोटों के साथ 72 सीटों पर सफलता मिली थी। आप ने 29 सीटों पर चुनाव लड़ा था, पर वह एक भी सीट नहीं जीत सकी तथा अधिकांश सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई। उसे नोटा से भी कम वोट मिले थे।

अत्यधिक क्षरण व विचारों के दीवालियापन के स्पष्ट संकेत दे रही कांग्रेस केवल 'खैरातों' के वादे करने में आप से आगे निकलने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने एक रैली में कहा कि उनकी पार्टी आप द्वारा पस्तावित सभी 'खैरातों' के सिवा और अधिक देगी। इस प्रकार कुछ दिन पहले जारी उनके घोषणापत्र में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, 10 लाख सरकारी नौकरियां देने, 10 लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा सहायता देने, 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने, 3,000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने तथा दिव्यांगों, विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों व जरूरतमंद महिलाओं को 2,000 रुपये की पेंशन देने जैसे वादे किए। इसके साथ ही उन्होंने 3 लाख तक कर्ज माफी, जरूरतमंद छात्रों को 20,000 रुपये स्कालरशिप देने, गौशालाओं के लिए 1,000 करोड़ रुपये देने जैसे वादे भी किए। इसमें से अनेक वादे 'राजस्थान माडल' से लिए गए हैं, जहां उसने 2018 में भाजपा से सत्ता छीनी थी। इन वादों से गुजराती मतदाताओं को उत्साहित होना चाहिए, लेकिन जनमत सर्वेक्षण कुछ और कहते हैं। शायद आप को कांग्रेस के वोट छीनने से लाभ हो क्योंकि उसने कांग्रेस से सीख कर खैरातें देने का खेल ज्यादा आकर्षक बनाया है। लोकरंजकता की इस राजनीति में कठोर प्रतियोगिता का सामना कर रही भाजपा ने अब तक 'खैरातों' की दौड़ में शामिल न होने तथा मतदाताओं को आप से सतर्क रहने को कहा है। भाजपा के राज्य अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने कहा था, 'गुजरात में एक आगंतुक केजरीवाल के वादे चीनी उत्पादों की तरह हैं। सवाल है कि वे कब तक बने रहेंगे।' भाजपा को अभी अपना चुनाव घोषणापत्र जारी करना है जिसके लिए वह 'अग्रेसर गुजरात' अभियान से मिले जनता के सुझावों पर गौर कर रही है। उम्मीद है कि गुजरात के मतदाता सही फीडबैक देंगे। आप की बेलगाम उदारता ने पंजाब राज्य को पहले ही वेंटीलेटर पर डाल दिया है। वह ऐसी बेहोशी में डूबा है जिससे उसके जल्दी उबरने की उम्मीद कम है। सुरक्षित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है कि पंजाब सरकार जल्द ही उन विस्फोटक वित्तीय दबावों का शिकार बन जाएगी जिनके गंभीर सामाजिक परिणाम होंगे। वित्त वर्ष 21 में पंजाब का पेंशन, वेतन व ब्याज पर खर्च कुल राजस्व खर्च का 67 प्रतिशत था तथा सब्सिडी पर उसके 9,758 करोड़ के खर्च में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इससे किसी अन्य चीज पर खर्च के लिए बहुत कम पैसा बचता है। वर्तमान वित्त वर्ष में उसका बिजली सब्सिडी पर कुल खर्च 25,000 करोड़ होगा जिसमें जुलाई, 2022 से 300 यूनिट मुफ्त बिजली की 'खैरात' पर ही 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार ने पुराने कर्जों का ब्याज अदा करने के लिए पिछले दो महीने में 8,000 करोड़ रुपये कर्ज लिया है। उसका कर्ज-जीएसडीपी अनुपात भारत में सबसे ज्यादा 54 प्रतिशत है। प्रति व्यक्ति एक लाख कर्ज के साथ यह भयानक कर्ज जाल में फंस गया है जहां केवल पुराने कर्ज व उनका ब्याज अदा करने के लिए कर्ज लेना पड़ता है। इसके बावजूद उसने अपनी सत्ता के पहले दो महीने में विज्ञापनों पर 37 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस प्रकार पंजाब आज भारत की सबसे खराब प्रबंधन वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

इसके एकदम उलट गुजरात की स्थिति बहुत अच्छी है। हालांकि, कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी की वृद्धि दर एक साल पहले 9.75 प्रतिशत से गिर कर केवल 0.57 रह गई। वैश्विक महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्यरक्षा में कमियां उजागर हुईं और आप इनका चुनावी लाभ उठाना चाहती है। 2011-12 से गुजरात लगातार राजस्व खाते में अतिरिक्त की स्थिति में रहा, पर वित्त वर्ष 21 में 22,548 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व घाटा हुआ। लेकिन इसके बावजूद उसने राजकोषीय घाटे को 2.44 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा है जो गुजरात राजकोषीय दायित्व कानून-जीएफआरए, 2005 में निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर है। उसने अपना कर्ज-जीएसडीपी अनुपात भी 18 प्रतिशत पर बनाए रखा है जो जीएफआरए की 27 प्रतिशत सीमा के भीतर है। वित्त वर्ष, 21 में गुजरात ने कुल राजस्व का 63 प्रतिशत अपने संसाधनों से जुटाया, जबकि पंजाब में यह 50 प्रतिशत था। लेकिन वैश्विक महामारी से पहले भी गुजरात का अपना राजस्व गतिरोध का शिकार था। वह 22 प्रतिशत कर्ज ले रहा है तथा उसका लंबित दायित्व चक्रवृद्धि वार्षिक दर पर 10 प्रतिशत है।

यदि आप व कांग्रेस को मौका मिल गया तो गुजरात जल्द ही निश्चित रूप से दीवालियेपन के फिसलन भरे रास्ते पर चला जाएगा।

# कौन होगा पाकिस्तान का अगला सेना प्रमुख?



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, पूर्व सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



आधिकारिक तौर पर, पाकिस्तानी सेना ने तीन बार (1958-71, 1978-88, 1999-2008) पाकिस्तान का नेतृत्व संभाला है। अनौपचारिक रूप से, यह 1958 से खाखी रंग के डॉक मार्टन बूट्स केअधीन है, 1978 में जनरल जिया-उल-हक केसाथ प्रतिष्ठान (पढ़ें, पाकिस्तानी सेना) की वापसी तक पाकिस्तान के सबसे खराब समय के 71 चरण के बाद के चरण को छोड़कर। हर तीन बार जब धूर्त जनरलों ने नेतृत्व संभाला, उन्होंने उसी राजनीतिक शक्ति को डबल-क्रॉस किया था जो जनरलशिप केलिए उनके उत्थान के लिए जिम्मेदार थी। एक ही हाथ जो खिलाता है उसे काटना, लगातार दोहराई जाने वाली घटना है। यह चलन तब शुरू हुआ जब तत्कालीन रक्षा सचिव इस्कंदर मिर्जा ने सबसे जूनियर मेजर जनरल अयूब खान को पाकिस्तानी सेना का पहला देशी कमांडर-इन-चीफ बनाने की पैरवी की (अयूब का नाम नामांकन सूची में भी नहीं होने के बावजूद)। बाद में राष्ट्रपति के रूप में, इस्कंदर मिर्जा ने संविधान को निरस्त कर दिया और जनरल अयूब खान केसाथ मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक केरूप में मार्शल लॉ की घोषणा की - इस कदम के20 दिनों के भीतर, जनरल अयूब ने इस्कंदर मिर्जा को टक्कर मार दी और उन्हें इंग्लैंड भेज दिया! दशकों बाद, जुल्फिकार अली भुट्टो ने सात वरिष्ठ जनरलों को हटाकर वरिष्ठता में सबसे जूनियर लेफ्टिनेंट जनरल जिया-उल-हक को सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। अपने कनिष्ठतम दर्जे के बावजूद, ज़िया का ट्रैक रिकॉर्ड, डरावना स्वभाव और सबसे बढ़कर, और अत्यधिक आज्ञाकारी और जुल्फिकार अली भुट्टो के प्रति निष्ठावान होने की प्रतिष्ठा भी थी - सेना प्रमुख बनने के एक साल से भी कम समय में, जनरल ज़िया ने मार्शल लॉ की घोषणा की। और उसके कुछ साल बाद, अपने प्रारंभिक उपकारी को फांसी पर चढ़ा दिया! कुछ दशक बाद, जनरल ज़िया केराजनीतिक नायक नवाज़ शरीफ़ ने भी एक ऐसा ही आश्चर्य प्रकट किया, जब उन्होंने जनरल परवेज मुशर्रफ़ में दो वरिष्ठों को हटाते हुए एक प्रत्यक्ष रूप से सुरक्षित पाक सेना प्रमुख नियुक्त किया। तीसरी बार इतिहास को दोहराना था जब जनरल परवेज मुशर्रफ ने उस आदमी को अपदस्थ कर दिया जिसने उन्हें सीओएएस बनाया और असहाय नवाज को सऊदी अरब भगा दिया! दिलचस्प बात यह है कि तख्तापलट में गद्दी से हटने वाली तीन नागरिक सरकारों में से प्रत्येक पाक राजनीति के 3 अलग-अलग अनुनय का प्रतिनिधित्व करती थी - मुशर्रफ ने पीएमएल-एन की व्यवस्था को हटा दिया था, जिया ने पीपीपी की व्यवस्था को हटा दिया था और अयूब ने एक उदार-सत्तावादी तनाव को हटा दिया था ( इमरान खान की पीटीआई की वृत्ति में) इस्कंदर मिर्जा को टक्कर देने में। इसके अलावा, इन सैन्य हड़पने वालों में से प्रत्येक तथाकथित अल्पसंख्यक/सुरक्षित जातीय संप्रदायों से थे क्योंकि अयूब हरिपुर से एक हजारा थे (और लोकप्रिय रूप से पठान नहीं थे), जबकि जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ दोनों मोहाजिर थे (भारत से अप्रवासी)। ये अति-महत्वाकांक्षी जनरल पारंपरिक पंजाबी (राजपूत / जाट) या पठान जातीयता से नहीं थे, जो पाकिस्तानी सोल्डरिंग स्टॉक का बड़ा हिस्सा बनाता है, फिर भी उनके संस्थागत असर ने उन्हें अच्छी तरह से स्थापित राजनेताओं को रौंदने की अनुमति दी। हालांकि, जब असैन्य राजनेताओं ने स्पष्ट रूप से शासन किया, तब भी राजनेताओं को उखाड़ फेंकने में आर्मी हाउस की निर्णायक छाप, जो वास्तव में पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति के लिए जिम्मेदार थे, सुसंगत है। नवाज शरीफ के पास चट्टानी संबंध रखने और उन सभी छह प्रमुखों द्वारा पछाड़ने का संदिग्ध रिकॉर्ड है, जिन्हें उन्होंने चुना था - पहले जनरल वहीद काकर ने नवाज को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, अगला जनरल जहांगीर करामत थे जिन्हें समय से पहले सेवानिवृत्ति के लिए मजबूर किया गया था, तीसरे जनरल परवेज मुशर्रफ थे। चौथे जनरल परवेज कयानी थे जिन्होंने एकतरफा खुद को दूसरा कार्यकाल दिया, पांचवें जनरल राहील शरीफ थे जिन्होंने नवाज को अपनी लोकप्रियता और विस्तार की बातों से रातों की नींद हराम कर दी और छठा, है वर्तमान जनरल क़मर बाजवा जो 2018 में नवाज़ को हटाने और इमरान खान को प्रधान मंत्री के रूप में चुनने के लिए अकेले जिम्मेदार थे!

आज, विडंबना यह है कि यह वही जनरल क़मर बाजवा हैं जिन्होंने इमरान की पीटीआई (जब तक इमरान खान का कद बहुत बड़ा नहीं हो गया) के साथ छेड़खानी करके 360 डिग्री मोड़ लिया और फिर पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन में लौट आए। पाकिस्तानी प्रतिष्ठान या सेना हमेशा किसी भी राजनीतिक नेता, पक्षपातपूर्ण ध्वज या विचारधारा केप्रति कोई स्थायी वफादारी के साथ अपनी इकाई नहीं रही है - इसने पीएमएल-एन, पीपीपी या यहां तक कि पीटीआई के साथ चतुराई से पक्ष लिया है क्योंकि यह शीर्ष पर आवश्यक समझा जाता है, लेकिन कभी भी सदस्यता नहीं लेता है या लंबे समय तक किसी भी पक्षपातपूर्ण वरीयता में खुद को निहित किया।

सामयिकता से पता चलता है कि अगला प्रमुख (जैसा कि वाशिंगटन डीसी में जनरल कमर बाजवा द्वारा पुष्टि की गई है, इसलिए विश्वसनीय है) निश्चित रूप से इमरान की पसंद से नहीं होगा, जैसे लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (पिछले डीजी-आईएसआई, जिन्हें इमरान का करीबी माना जाता है)। यह भी स्पष्ट है कि शरीफ बंधुओं, हालांकि पीपीपी के साथ गठबंधन में, लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद आमिर (एक बार आसिफ जरदारी के सैन्य सचिव) जैसे कथित पीपीपी वफादार के प्रति दयालु नहीं हो सकते हैं। यह ज्ञात धार्मिक रूढ़िवाद के साथ किसी को भी नियुक्त करने से भी दूर रहेगा क्योंकि प्रतिष्ठान को ज़िया के शरीयाकरण में कमी का डर है। यहां तक कि किसी भी दावेदार को समायोजित करने केलिए प्रणाली में हेरफेर करने के सुझावों से भी बचा जा सकता है, और इससे लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर को बाहर रहना पड़ सकता है। उन्मूलन का कानून लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, लेफ्टिनेंट जनरल अजहर अब्बास और लेफ्टिनेंट जनरल नौमान महमूद की पसंद के लिए मैदान छोड़ देता है ताकि थल सेनाध्यक्ष और नाममात्र अधिक वरिष्ठ, चीफ ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के पदों को भरा जा सके। माना जाता है कि तीनों अनुभवी पेशेवर हैं।

## आप की बात

### धर्मांतरण का खतरा

**भय,** प्रलोभन और अंधविश्वास के माध्यम से किसी को अपने धार्मिक पहचान बदलने के लिए बाध्य करना देश के लिए बड़ा और गंभीर संकट बनता जा रहा है। इस तरह के मातंतरण के विरुद्ध याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। न्यायालय का कहना है कि इस पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को प्रयास करने होंगे। अनदेखी से स्थिति बिगड़ सकती है। जबरन मतांतरण राष्ट्र की सुरक्षा और धर्म की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। मतांतरण कराने वालों के निशाने पर प्राय: गरीब तबका होता है, जिसकी विवशता और गरीबी का लाभ उठाकर उन्हें धर्म बदलने के लिए बाध्य किया जाता है। संविधान में सभी को अपने मत-मजहब के प्रचार की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। प्रचार के नाम पर अन्य को बरगलाने की स्वतंत्रता किसी को नहीं दी जा सकती है। कई राज्यों में गरीब आदिवासियों और अनुसूचित जाति के लोगों को बहकाकर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए विवश करने के लिए कैसे-कैसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, यह कोई छुपा तथ्य नहीं रहा गया है। इन पर अंकुश लगाना जरूरी है क्योंकि इससे सामाजिक विकृति पैदा हो सकती है।

**सदन जी,** पटना

### महिला-उत्पीड़न

**मेरा** देश प्राचीनकाल से सुसंस्कृत रहा है। देवियों को पूजा जाता रहा है और आज भी ये विरासत में मिले संस्कार देश में विद्यमान हैं। परन्तु कतिपय राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों ने हमें विरासत में मिली संस्कृति और संस्कार को छिन्न-भिन्न कर दिया है। छोटी-छोटी बालिकाओं के साथ ही युवतियों और महिलाओं तक को राक्षसी प्रवृत्ति के लोग कभी बलात्कार, कभी हत्या, कभी ऑनर कीलिंग, कभी लव-जिहाद तो कभी धर्मान्तरण के नाम पर अपनी हवस का शिकार ही नहीं बना रहे हैं, बल्कि उनकी नृशंस हत्या तक कर रहे हैं। सोशल मीडिया, इंटरनेट और अन्य संचार साधनों की बढ़ती सुविधाएं तो एक बड़ा कारण हो सकती है साथ ही स्वार्थ की राजनीति, कमजोर कानून-व्यवस्था और सरकारी तंत्र में बढ़ती भ्रष्टता से भी बढ़ती अनैतिक प्रवृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। राजनीति से ऊपर उठकर अगर सरकार सख्त कदम उठाये और फिर अपराधी हो या भ्रष्ट लोग उनसे सख्ती से निपटा जाए तो अवश्य बढ़ती राक्षसी प्रवृत्ति पर काबू पाया जा सकता है। इससे अधिक दु:ख-दर्द की बात और क्या हो सकती है?

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### अलविदा तबस्सुम

**तबस्सुम** का अर्थ है-एक प्यारी सी मुस्कान। जबकि वह अपने नाम पर खरी उतरी और अपने साक्षात्कार-फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन, के माध्यम से दो दशकों तक प्रशंसकों के दिलों पर छाई रही। इन सबका सुंदर वर्णन तबस्सुमजी अपने साक्षात्कार में प्रस्तुत करती थीं। इसीलिए उनका साक्षात्कार 1972 से 1993 तक दो दशकों तक दर्शकों के दिलों पर हावी रहा। हमारी पीढ़ी में हमारा बचपन उनके साक्षात्कारों को देखते हुए बीता, खासकर इसलिए क्योंकि उस समय आज के दूरदर्शन जैसे चैनलों की भरमार नहीं थी और वे भी समय पर शुरू होते थे। और समय पर रुक जाते थे। अब हर जगह चैनल्स की सूखी या भरपूर फसल है। लेकिन, वर्तमान गुलशन में, ऐसी तबस्सुम और ऐसी मुस्कान दोबारा नहीं होगीं। तबस्सुम को अलविदा कहने के साथ ही नई पीढ़ी को दूरदर्शन व श्वेत श्याम फिल्मों के उस दौर से परिचित कराना जरूरी है जब जीवन प्राकृतिक रूप से फिल्मों व कलाकारों की कला का हिस्सा बनता था। तबस्सुम उस दुनिया का प्रतीक हैं जो अब हमारे बीच नहीं रही।

**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैं** सुनिश्चित करना चाहता हूं कि भाजपा यहां हर बूथ पर जीते। क्या आप मेरे लिए यह काम करेंगे?

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मैं** कॉप 27 में हुई प्रगति का स्वागत करता हूं, लेकिन सुस्ती का कोई स्थान नहीं है। अभी बहुत कुछ करना है।

– **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**लोग** विरोध कर रहे हैं। वे अपनी जमीन व संसाधन देने पर तैयार नहीं हैं। उनको फर्जी वादों पर अब और विश्वास नहीं है।

– **अरुन्धती राय**
लेखिका

# ट्विटर के टॉप ट्रेंड में शुमार हुआ हैशटैग विजनरी योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जब नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के कर्टेन रेजर समारोह में लोगो, टैगलाइन और पोर्टल का शुभारंभ कर रहे थे तब सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर हैशटैग विजनरी योगी टॉप पर ट्रेंड कर रहा था। दोपहर 1 बजे तक ट्विटर पर करीब 18 हजार से ज्यादा लोगों ने इस हैशटैग के जरिए ट्वीट किया। हैशटैग विजनरी योगी का प्रयोग करते हुए ट्विटर यूजर्स ने मुख्यमंत्री योगी के उस विजन की तारीफ की जिसके तहत उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। विदेशी निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करें, इसके लिए बड़े पैमाने पर सुधार किए गए हैं। निवेशकों के अनुरूप अलग-अलग क्षेत्रों की 25 नीतियों को संशोधित किया गया है या फिर नई नीति जारी की गई है। निवेश को सुगम बनाने के लिए पोर्टल जारी किया गया है। पुनीत अग्रवाल ने

हैशटैग विजनरी योगी के साथ ट्वीट किया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ऐतिहासिक होगी। यह नए भारत और नए उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने वाली होगी। वहीं डॉ शोभा ने लिखा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश में निवेश के उपयुक्त माहौल को प्रदर्शित करेगी और देश ही नहीं दुनिया के निवेशकों को आकर्षित करेगी। अर्जुन नाम के एक यूजर ने लिखा कि यह योगी जी का यूपी है, बदलता यूपी है। डॉ प्राची साध्वी ने लिखा योगी जी महाराज के नेतृत्व उत्तर प्रदेश बना उत्तम प्रदेश। हरिराम ने लिखा योगी जी का एक ही उद्देश्य है और वो है यूपी को देश का सबसे बेहतरीन प्रदेश बनाना। उनके इस विजन से मैं काफी खुश हूं।

## हर माह की 15 तारीख को प्रदेश के सभी अस्पताल में मनाएं निक्षय दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए कमर कस ली है। ऐसे में प्रदेश के सभी जिलों में टीबी को लेकर जागरूकता फैलाने और मरीजों की स्क्रीनिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश के सभी जिला अस्पताल, ब्लॉक स्तर पर पीएचसी पर निक्षय दिवस मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अगर किसी महीने में 15 तारीख को अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में निक्षय दिवस मनाया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि निक्षय दिवस से पहले आशा बहनें हर-हर घर भ्रमण कर टीबी के बारे में और दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक करें। स्वास्थ्य इकाइयों पर एलईडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता सम्बन्धी फिल्म भी प्रसारित करने के साथ निक्षय दिवस की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शित किया जाए। आशा बहनें संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी हेल्थ ऑफि सर द्वारा मरीजों की प्रारम्भिक जांच उपलब्धता के आधार पर एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच सुनिश्चत करें। सीएचओ जांच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें। आशा बहनें निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएं और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को दें।

# अपर मुख्य सचिव ने बिलिंग एजेंसियों के खराब परफॉर्मेंस पर लगाई फटकार



## पूर्वांचल डिस्काम के एमडी को कार्य में सुधार लाने की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव (एसीएस) ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत महेश चंद्र गुप्ता ने उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों से कहा है कि अपने क्षेत्र की बिलिंग एजेंसियों के कार्यों की नियमित रूप से सघन मानिटरिंग करें और जो भी एजेंसी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य न कर पा रही हो और उसके कार्यों में गुणवत्ता का आभाव हो ऐसी एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा शक्ति भवन में बिलिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों, डिस्कॉम के प्रबंध निदेशको एवं पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों के साथ बिलिंग, मीटरिंग एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान आदि पर बैठक की। उन्होंने पूर्वांचल की बिलिंग एजेंसी को कार्यो में शिथिलता एवं खराब परफफॉर्मेंस पर शो-कॉज नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने बिलिंग एजेंसी स्टर्लिंग टेक्नोलॉजी की शिकायत कि पूर्वांचल में 3.50 लाख उपभोक्ताओं के यहां मीटर नहीं लगा पाया गया जबकि डिस्कॉम इन उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगा होना बता रहा है। इस पर उन्होंने प्रबंध निदेशक पूर्वांचल को अपने कार्यों में शीघ्र सुधार करने की चेतावनी दी और कार्यों के प्रति गंभीरता दिखाते हुए ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनके यहां शीघ्र मीटर लगाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि 1912 में जो भी शिकायते अभी पेंडिंग है। उन सभी शिकायतों का डिस्कॉम स्तर पर फीडबैक लिया जाए। शिकायतकर्ता को फोन कर वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी लें। उन्होंने कहा कि 1912 में आई शिकायतों को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और जिस डिस्कम में शिकायतों की पेंडेंसी हो उसके प्रबंध निदेशक के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने उपभोक्ताओं के केवाईसी डाटा का परीक्षण कराने के लिए 1912 के माध्यम से उनसे संपर्क करने को भी कहा। अपर मुख्य सचिव ने कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यों को करने के लिए तथा उत्पन्न परिस्थितियों के समाधान के लिए रणनीत बनाकर तीन स्तरीय व्यवस्था पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी डिस्कॉम अपने यहां की बिलिंग एजेंसियों के कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे तथा समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए एजेंसियों के स्टेट प्रतिनिधियों के साथ डिवीजन स्तर पर जोनल चीफ बैठक करेंगे। 15 दिनों के बाद सभी जोनल चीफ और एजेंसी के स्टेट हेड के साथ संबंधित डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक बैठक करेंगे। इसके पश्चात सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक और एजेंसी के स्टेट हेड उच्च स्तर पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के साथ बैठक करेंगे और अपने बीच की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि एक दूसरे पर आरोप लगाने से अब काम नहीं चलेगा। धरातल पर उतरकर गंभीरता के साथ कार्य करना होगा।

# केन्द्र सरकार हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में कर रही काम: कौशल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केन्द्रीय** राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा है कि केन्द्र सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए कई नए मंत्रालयों का गठन किया है। सरकार की मंशा है कि कोई भी हाथ बिना रोजगार और काम के न रहें।

कौशल किशोर लखनऊ में रोजगार मेला-द्वितीय चरण के अन्तर्गत केन्द्रीय रिवर्ज पुलिस बल ग्रुप केन्द्र के प्रांगण में नव चयनित विभिन्न विभागों के अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से प्रगति हुई। देश के नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओ की प्रतिभा और ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। केन्द्र सरकार रोजगार सृजन को प्राथमिकता दे रही है। उन्होने कहा कि आज जिन विभिन्न 14 विभागो के 238 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये है। वे अपनी सफलता के बारे मे वे अन्य लोगों को बताकर उन्हे भी प्रेरित करे ताकि वे भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ में परिश्रम कर लक्ष्य को प्राप्त कर सके। किशोर ने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य से विचलित होने की आवश्यकता नही हैए वे उद्देश्य बनाकर आगे बढ़े तो सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होने नवचयनित अभ्यार्थियो से देश के विकास के लिए ईमानदारी के साथ कार्य करने का आवाहन किया। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा को पास नही कर पाते है उन्हे निराश होने की आवश्यकता नही है। सरकार ने स्वरोजगार की दिशा में अवसर प्रदान किये है जिनका लाभ उठाकर वे उद्यम शुरू करे और अन्य लोगो को रोजगार दे सकते है। सीआरपीएफ प्रगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीएसएफ, आईटीबीपी, पोस्टल डिपार्टमेन्ट, रक्षा एनसीसी, असम राईफल, रेलवे, सशस्त्र सीमा बल, बैकिंग क्षेत्र सहित अन्य विभागो के अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केंद्र के उप महा निरीक्षक एसपी सिंह ने नशा के कारण न केवल शारिरिक बल्कि मानसिक नुकसान भी होता है इसलिए नौजवान नशे की लत से दूर रहकर एक स्वस्थ्य दिमाग और स्वस्थ्य शरीर रखकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकते है। उन्होने लोगो से आगामी 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर नशाखोरी से दूर रहकर संकल्प लेने का आवाहन किया।

गौरतलब है कि आज देश के 45 शहरों में 71000 से ज्यादा युवाओ को अलग अलग नियुक्ति पत्र वितरित किए गए है। रोजगार मेला के पहले चरण में 22 अक्टूबर को 75000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गए थे। केंद्र सरकार का 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। आज के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े और विशाल रोजगार कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने युवाओं का उत्साह वर्धन किया।

# सरकारी भ्रष्टाचार पर कब चलेगा बुलडोजर: नकुल दुबे



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने प्रदेश की योगी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर सरकारी भ्रष्टाचार पर कब बुलडोजर चलेगा। उन्होंने कहा कि कुम्भ घोटाला, अयोध्या जमीन घोटाला, पशुधन घोटाला, डीएचएफ एल घोटला, स्मार्ट मीटर घोटाला, सहकारिता विभाग घोटाला, छात्रवृत्ति घोटाला, इंवेस्टर समिट आयोजन घोटाला, रोजगार परीक्षा आयोजन घोटाला इत्यादि मामलों में जितनी भी जांचे की गयी, सब अधूरी हैं, किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। मुख्य आरोपी खुले घूम रहे हैं मगर उनके घरों पर योगी का बुलडोजर नहीं चलता। नकुल दुबे ने यह बात मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

नकुल दुबे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को शुभकामना देते हुए कहा कि जिस तरह से यात्रा को जन समर्थन प्राप्त हो रहा है उससे निश्चित ही कांग्रेस पार्टी को सफलता प्राप्त होगी। यात्रा का उद्देश्य जन जन तक पहुंच सके तथा कुशलता के साथ यात्रा का समापन हो मैं ऐसी प्रार्थना करता हूं।

प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि यूपी में जंगलराज कायम हो चुका है। आए दिन महिलाओं, किशोरियों पर अत्याचार की घटनायें योगी सरकार की महिला सुरक्षा नीति की पोल खोल रही हैं। एक सर्वे के मुताबिक यूपी में प्रतिदिन 12 रेप की घटनायें घट रही हैं जिसे देखकर यह लगता है कि अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है। प्रदेश में जीरो टालरेन्स पर क्राइम का दावा करने वाली योगी सरकार विफल साबित हो चुकी है। शहरों में लूट चोरी की घटनायें बढ़ गयी हैं। ज्यादातर घटनाओं में युवा शामिल हैं और प्रतीत होता है कि अशिक्षा और बेरोजगारी इसकी मुख्य वजह है। श्री दुबे ने प्रदेश के किसानों की हालत पर चिन्ता जाहिर करते हुए कहा कि आज देश में किसानों की स्थिति दयनीय हो गयी है।

## कांग्रेस ने बैठक कर तय की निकाय चुनाव में जीत की रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नगर निकाय चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु विधानसभा वार बैठक बुलाई गई थी। बैठक में संभावित प्रत्याशी, वार्ड अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता गण एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नगर निकाय चुनाव को कैसे अधिक से अधिक सभासद जीत कर आएं इस पर लोगों ने अपने अपने सुझाव दिये। अंत में शहर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू एवं दिलप्रीत सिंह डीपी ने संभावित प्रत्याशियों को निर्देशित किया कि वह अपने अपने वार्डों में घर घर जाकर कांग्रेस की नीतियों और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मकसद के बारे में बताएं और नगर निगम में वर्षों से काबिज भारतीय जनता पार्टी की नाकामियों को विस्तार से बतायें। इसकी निगरानी की जाएगी और जो लोग सक्रियता से अपने वार्डों में काम करेंगे उन्हीं की प्रत्याशिता पर विचार किया जायेगा। शहर अध्यक्षों ने बताया कि 28 नवम्बर 2022 को लखनऊ शहर कांग्रेस द्वारा निकाली जाने वाली भारत जोड़ो यात्रा को अनुमति ना मिलने के कारण आगे की तारीख तक रद्द किया जाता है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुसुईया शर्मा, प्रमोद सिंह, आशुतोष मिश्रा, अनुराग दीक्षित रेहान खान, अजय शर्मा अज्जू, पंकज तिवारी, रनवीर कलशी, संजय सिंह नरेन्द्र गौतम, विषम सिंह, सलोनी केसरवानी, शीला मिश्रा, आर बी सिंह, मनोज तिवारी, संजय इत्यादि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## अखिलेश ने उत्तराखंड के सपा नेता के निधन पर शोक जताया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तराखंड समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार जेटली के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अनिल जेटली के निधन की खबर से हरिद्वार, कनखल, ज्वालापुर एवं ऋषिकेश में शोक की लहर दौड़ गयी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. सत्य नारायण सचान, शंभू पोखरियाल, डॉ. राजेन्द्र पाराशर, मशगूर कुरैशी, आभा बड़थ्वाल, चन्द्रशेखर यादव, आरएस पाठक, अतुल शर्मा, एसके राय, रमेश गौड़, अतुल यादव एवं लव दत्ता ने भी शोक व्यक्त किया है। जेटली विगत कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वह हरिद्वार के समाजवादी पार्टी के पहले शहर अध्यक्ष थे। इनका परिवार शुरू से ही समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा है। इनके पिताजी स्वर्गीय जवाहर लाल जेटली भी हरिद्वार के पूर्व चेयरमैन थे। डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण भी जेटली निवास हरिद्वार पर आते थे।

# प्रदेशभर में मनाई गई मुलायम सिंह की जयंती

- रक्तदान शिविर, फल वितरण व हवन पूजन कर कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की 84वीं जयंती उनकी कर्मभूमि सैफई व राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में मनाई गई। इसके साथ ही देश के विभिन्न प्रांतों के पार्टी कार्यालयों में भी समारोहों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर गरीबों और मरीजों को अस्पतालों में फल वितरण, रक्तदान, हवन-पूजन के साथ कैण्डल जलाकर नेताजी को नमन किया गया। गरीबों को भोजन, वस्त्र वितरण आदि के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर एकत्र जनसमुदाय ने नेताजी के रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूती देने का संकल्प लिया। इस मौके रक्तदान शिविर डॉ. आनन्द झा निदेशक सिविल अस्पताल लखनऊ तथा डॉ. रत्ना पाण्डेय वरिष्ठ परामर्शदाता ब्लड़ बैंक प्रभारी की देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें 51 लोगों ने रक्तदान किया। इनमें प्रमुख से प्रदीप सिंह बबलू, इरशाद अहमद गुड्डु, अहमद शफी, बबलू खान, प्रशांत यादव, आदेश यादव, गजेन्द्र मिश्र, रितेश साहू, राम नरेश चौरसिया, संतोष रावत, अमन धानुक, हरिश्चन्द्र लोधी, संदीप पाल, मोहम्मद अनस आदि। मुलायम की जयंती पर लखनऊ के जिला कार्यालय पर पुष्पांजलि एवं भण्डारा हुआ। सिविल अस्पताल हजरतगंज में नगर लखनऊ की ओर से रक्तदान शिविर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रारम्भ कराया। इस अवसर पर सुशील दीक्षित, रामसागर यादव आदि उपस्थित रहे। पवन मनोचा ने सेवा ट्रस्ट में मरीजों के तीमारदारों को भोजन एवं बच्चों को खिलौने वितरित कर नेताजी को याद किया। जौनपुर में समाजवादी कुटिया के श्री ऋषि यादव द्वारा हवन पूजन के साथ नेताजी को याद किया गया।

समाजवादी पार्टी मुख्यालय के गेट पर दिलीप कमलापुरी ने फल वितरण किया। मुलायम की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को ऐतिहासिक हुसैनाबाद घंटाघर पर युवा नेता मोहम्मद एबाद ने यादे रफीकुल मुल्क का आयोजन किया। जिसमें शायरो कवियों ने नेताजी की याद को ताजा किया। कार्यक्रम में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली और मौलाना कल्बे जव्वाद की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सपा मुख्यालय में इस अवसर पर मुलायम के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप सेपं. हरिप्रसाद मिश्र राजपुरोहित, अरविन्द कुमार सिंह, राजकुमार मिश्र, मुकेश शुक्ला, राजीव राय, सोनू कन्नौजिया, विजय सिंह सहित केके श्रीवास्तव, गीता सिंह, गीता पाण्डेय, सुनीता सिंह, शबाना बानों, कमला सिंह आदि ने भी नेताजी को यादव मौजूद थे।

# एक लाख की जाली नोटों के साथ वेस्ट बंगाल का तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** एटीएस ने दीपक मंडल पुत्र काशीनाथ मंडल निवासी जोयनपुर थाना वैष्णव नगर मालदा पश्चिम बंगाल को एक लाख रुपए के भारतीय जाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना शाहगंज प्रयागराज में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एटीएस के अनुसार दीपक मंडल एवं इसका गैंग पाकिस्तान में छपे एवं भारत-बांग्लादेश बार्डर से सटे पश्चिम बंगाल के मालदा से तस्करी कर भारत के अलग-अलग राज्यों में जाली नोट पहुंचाने का कार्य करते हैं। बरामद जाली मुद्रा को बड़ी ही चालाकी से वास्तविक नोटों की तरह दिखने के लिए वाटर मार्क और आरबीआई पट्टी लगाकर छदम रूप में प्रयोग किया जाता है। दीपक मंडल के लिखफ प्रयागराज के थाना कीडगंज, शिवकटी और शाहगंज में भी विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। दीपक इन मामलों में 25000 का इनामिया भी है। यूपीएटीएस की टीम इस गैंग पर काफी दिनों से नजर थी। शातिर दीपक मंडल प्रयागराज के शाहगंज थाना क्षेत्र में जाली नोटों की सप्लाई देने आया था।

# आठ लाख से अधिक ग्रामीण गरीब परिवारों को मिलेगा घरौंदा

- नए आवासों के लिए 10 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत

## ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सीएम के प्रस्ताव पर लगाई मुहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर गरीब के सिर पर छत की जो मुहिम शुरू की है उसे बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत केंद्र सरकार से सीएम योगी ने 8 लाख से अधिक घरों की मांग की थी जिसे मंगलवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने इन आवासों के निर्माण के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कर ली है। इसका सीधा मतलब ये है कि अब प्रदेश के अतिरिक्त 8 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ मिल सकेगा। यहीं नहीं यह आवास मार्च 2024 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रामीण विकास मंत्रालय का आभार प्रकट किया है। मालूम हो कि प्रदेश में अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 27 लाख आवास बनाए जा चुके हैं। आठ लाख से अधिक नये आवासों की स्वीकृति मिलते ही उत्तर प्रदेश देश में ऐसा राज्य हो गया है जहां सबसे ज्यादा 35 लाख से अधिक आवास ग्रामीण इलाके में बनेंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 862767 नये आवास की मांग की थी। उनका यह प्रयास रंग लाया और केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सीएम योगी की मांग पर मुहर लगाते हुए 862767 नये आवास को स्वीकृत करते हुए 10 हजार करोड़ की धनराशि जारी कर दी है। सभी आवास मार्च 2024 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। ऐसे में पूरे देश में उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य होगा जहां ग्रामीण इलाके में सबसे ज्यादा 35 लाख से अधिक आवास बनाए गए। दरअसलए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में पिछले साढ़े पांच साल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 27 लाख आवास बनाए जा चुके हैं। इनमें से 26 लाख आवास लाभार्थियों को सौंपे भी जा चुके हैं। शेष पर कार्यवाही चल रही है।

# इंटर कॉलेज के प्रबंधक को तीन माह की सजा

- हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करना भारी पड़ा

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अवमानना के एक मामले में बाराबंकी स्थित श्री दुर्गा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुरेन्द्र विक्रम सिंह को दोषी करार दिया है। पीठ ने दोषी को तीन माह की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। पीठ ने यह भी कहा है कि सजा का यह आदेश दो हफ्ते तक अमल में नहीं लाया जाएगा। ताकि दोषी प्रबंधक अपीलीय अदालत में राहत की मांग कर सके। यदि इस अवधि में उसे कोई स्थगन आदेश प्राप्त नहीं होता हैए तो उसे हिरासत में लिया जाएगा। जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश सुमन बाला श्रीवास्तव की अवमानना याचिका पर दिया है। पारित किया। हालांकि पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि सजा का आदेश दो सप्ताह तक अमल में नहीं लाया जाएगा ताकि प्रबंधक अपीलीय न्यायालय में यदि चाहे तो राहत की मांग कर सके लेकिन दो सप्ताह में यदि उसे कोई स्थगन आदेश प्राप्त नहीं होता तो उसे हिरासत में ले लिया जाएगा।

**ये है मामला:** एक नवंबर 2018 को प्रबंधक सुरेन्द्र विक्रम सिंह ने कॉलेज में कार्यरत याचिकाकर्ता सुमन को नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। सुमन ने बर्खास्तगी के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में स्थगन आदेश पारित किया और कॉलेज को उनका वेतन तथा अन्य बकाया भुगतान करने का आदेश दिया।

# पति ने ही दोस्त के साथ मिलकर पत्नी के किए थे कई टुकड़े

संवाददाता। सीतापुर

● चाहरपुर में बिना सिर, हाथ, पैर के नग्नअवस्था में मिली अज्ञात महिला का मामला

● पति ने दोस्त के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम, साक्ष्य मिटाने के लिए सिर, हाथ, पैर काटकर दूसरी जगह दिया था छिपा

● रामपुरकला और स्वाट सर्विलांस की टीम ने किया खुलासा, पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्र भान ने खुलासे की दी जानकारी

**दिल्ली और** मथुरा के बाद सीतापुर में भी एक अज्ञात महिला की हत्याकर उसके शव के कई टुकड़ों में फेका गया था। एक हाथ एक पैर और सिर गायब होने से उसकी पहचान होना ही मुष्किल हो रहा था। हत्यारों को पकड़ना पुलिस के लिए चौलेंजिंग था। पुलिस ने खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया, आखिरकार हत्यारे पुलिस से बच नही सके। हत्या की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को जिले के पुलिस मुखिया घुले सुषील चन्द्र भान ने 25 हजार रू. पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

पुलिस की गिरफ्त में नकाबपोष यह दोनो शक्ष एक माहिला के हत्या के आरोपी हैं। इनमें महिला का पति भी शामिल है। आपको बता दें कि सीतापुर के थाना रामपुर कला इलाके के चाहरपुर में 8 नवम्बर को गन्ने के खेत में एक अज्ञात महिला का शव नग्न अवस्था में मिलने के बाद सनसनी फैल गई थी। महिला के शव से उसका एक हाथ, एक पैर और सिर गायब होने से उसकी षिनाख्त करना पुलिस के लिए बड़ा चौलेंज था। यह मामला इसलिए और सनसनीखेज हो गया था क्योंकि दिल्ली में श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाले आफ्ताब का मामला सुर्खियां बना हुआ था। इसी बीच मथुरा में एक सूटकेस में खून से लतपत अज्ञात युवती का शव बरामद होने के मामले से सीतापुर में मिले एक महिला के शव के बड़े हिस्से ने कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए थे। इसे महज संयोग कहेंगे या कुछ और। दिल्ली में श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाले और मथुरा में सूटकेस में आयुषी का शव फेक जाने वाले सीतापुर में ज्योति की हत्या करने वाले कोई और नहीं उनके अपने ही निकले। श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाला उसका प्रेमी आफ्ताब था, मथुरा में सूटकेस में आयुषी की हत्या कर फेक जाने वाले वाला उसका पिता नितेष यादव था और सीतापुर में ज्योति की हत्या करने वाला उसका पति पंकज निकला। रिष्तों के विष्वास के खून की इन तीनों वारदातों ने प्रष्न खड़ाकर दिया है कि आखिर विष्वास किया जाए तो किस पर। सीतापुर में ज्याति की हत्या का कारण जो निकलकर आया है, वह भी पति-पत्नी के अटूट प्रेम के रिष्तों पर कलंक लगाने वाला है। पुलिस के अनुसार ज्योति उर्फस्नेहा नषीली गोलियों के सेवन करने की आदी हो चुकी थी। नषे की लत मिटाने के लिए ज्योति कई कई दिनों तक अक्सर किसी के घर जाकर रूक जाती थी। समझाने के बाद भी जब सुधार नहीं हुआ, तो पति पंकज ने अपने मित्र दुर्जन और जीवन के साथ मिलकर 7 नवम्बर को ज्योति की गलाकस कर हत्या करने के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव के कई टुकड़े कर चाहरपुर गांव के गन्ने के खेत में फेक कर फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में सीओ सिधौली यादुवेन्दु यादव, रामपुरकला थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार सिंह, स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी सतेन्द्र विक्रम की टीमें लगाई गई थी। पुलिस ने मृतका के पैर की हड्डी, आला कत्ल गड़ासा, मृतका के साड़ी के खून लगा टुकड़ा, प्लास्टिक के थैले में एक अदद धोती, गमछा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल प्लेटिना को बरामद कर घटना को कारित करने वाले ज्योति के पति पंकज मौर्य, और लौना गांव के ही दुर्जन पासी को गिरफ्तार कर यह खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान ज्योति हत्याकाण्ड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम रामपुरकला थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र विक्रम, एसआई मेराज अहमद, कांस्टेबिल अजीत कुमार, ओमेन्द्र कुमार, अवनीष सिंह, जीतू कुमार, राधा पुडीर, डॉली रानी, दानवीर सिंह, सुमित राघव, राहुल कुमार, सोहन पाल, अनुराग पाण्डेय, रवि वर्मा उमेष मिश्रा को एसपी घुले सुषील चन्द्रभान ने 25 हजार रू. पुरस्कार देने की घोषणा की।

## क्विक न्यूज

### बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

**सीतापुर।** भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज में हुआ। जिसका शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। अंजली यादव, सलोनी सिंह और अर्चिता और आफसीन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी लखनऊ के तत्वाधान में समन्वयक डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित ने मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप तिवारी ने विश्वास दिलाया कि इस प्रकार के जनहित कार्यक्रम के लिए आवश्यक शोध पत्र तैयार करने हेतु प्रशिक्षण तथा आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का पूर्ण दायित्व विभाग द्वारा निभाया जाएगा। सुदूर क्षेत्र रामपुर मथुरा रेउसा से आई उच्च प्राथमिक विद्यालय की शालिनी तथा सपना के प्रोजेक्ट को विशेष रूप से सराहाते हुए उन्होंने कहा कि इनकी प्रतिभागिता तथा उनके शिक्षक द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन निश्चित ही एक अप्रतिम उदाहरण है जो विज्ञान के प्रति इनकी ललक प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य फादर डॉ. डैनी मैथ्यू ने बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में न केवल अपना भविष्य संवारने का सुझाव दिया बल्कि नए अविष्कारों के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी नरेंद्र सिंह प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर ने इस वर्ष की राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन के विषय में बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना थीम निर्धारित की गई है तथा उप विषय- अपने पारितंत्र को समझना, स्वास्थ्य पोषण व कल्याण को प्रोत्साहन देना, पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रथाएं, आत्मनिर्भरता के लिए पारितंत्र आधारित दृष्टिकोण तथा पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार रखे गए हैं।

### सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने किया नमन

**सीतापुर।** सीतापुर के टाउन हाल स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कार्यकर्ताओं ने पार्टी संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर नमन किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल बाटें। समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा विधायक लहरपुर अनिल वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामहेत भारती और समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष छत्रपाल यादव, कार्यालय प्रभारी जय सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष शब्बीर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया।

### साहित्यकार संदीप मिश्र सरस का हुआ सारस्वत सम्मान

**सीतापुर।** काव्यकला सेवा संस्थान मैगलगंज द्वारा गत दिवस गुरु अर्जुन देव पब्लिक कॉलेज मैगलगंज परिसर में आयोजित वार्षिक समारोह में बिसवाँ नगर के साहित्यकार संदीप मिश्र सरस का सारस्वत सम्मान हुआ। उक्त सम्मान समारोह में सन्दीप सरस को साहित्य में योगदान के लिए काव्यकला गौरव सम्मान 2022 प्रदान करते हुए सम्मान पत्र, अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न प्रदान किया गया। साहित्य सृजन संस्थान के संस्थापक, अध्यक्ष संदीप सरस अपने चर्चित कॉलम विमर्श, बेबाक, संवाद व कलमकार के माध्यम से साहित्य में सक्रिय अवदान देते रहे हैं। उन्होंने सृजन के सारथी कॉलम के माध्यम से संपूर्ण देश के रचनाकारों से साहित्यिक संवाद करने की पहल की है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ, अवधी सांस्कृतिक प्रतिष्ठान नेपाल व अवध भारती संस्थान, लखनऊ से पुरस्कृत संदीप सरस सैकड़ों पुरस्कार व सम्मान अर्जित कर चुके हैं। संदीप सरस के सम्मान पर नगर के बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### चोरी के विद्युत तार समेत तीन गिरफ्तार एक फरार

**बरेली ।** चोरी किए गए विद्युत तार का बंटवारा करते समय पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया उनका एक साथी मौके से फरार हो गया उनके पास से बड़ी मात्रा में चोरी का विद्युत तार भी बरामद हुआ गिरफ्तार चोरों को पुलिस ने जेल भेजा । मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव गूगई के पास स्थित एक कमरे में मुखबिर की सूचना के बाद छापा मारते हुए पुलिस ने गूगई गांव के रहने वाले वसीम पुत्र हनी, मोहल्ला सराय खाम निवासी साजिद हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन और आश्रय योजना कॉलोनी में रहने वाले अर्श सैफी पुत्र निसार अहमद को गिरफ्तार कर लिया।

## दीक्षा कौशल केन्द्र में सर्टिफिकेशन और प्लेसमेंट प्रोग्राम का हुआ आयोजन

● 100 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए सर्टिफिकेट

संवाददाता। सीतापुर

**डालमिया चीनी** मिल के प्रेमनगर स्थित दीक्षा कौशल केन्द्र में सर्टिफिकेशन और प्लेसमेंट प्रोग्राम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएमओ मधु गैरोला रहीं। कार्यक्रम में बॉस स्पॉन्सर्ड केयर गिवर की 20 छात्राओ को ट्रेनिंग किट दी गई। 100 छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट दिए गए और 60 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट बैच के स्टूडेंट्स को केअर हेल्थ केअर लखनऊ कंपनी के जॉब ऑफर लेटर भी सीएमओ मधु गैरोला और डालमिया शुगर मिल जवाहरपुर के महाप्रबंधक गन्ना आशीष बंसल द्वारा वितरित किए गए। आशीष बंसल ने बताया कि दीक्षा सेंटर का मुख्य उद्देश्य सीतापुर के हर युवा को कुशल बनाकर रोजगार से जोड़ने का है। पिछले 4 साल में दीक्षा सेंटर से करीब 1200 युवाओं को ट्रेनिंग देकर के 900 स्टूडेंट्स को एंप्लॉयमेंट से जोड़ा गया और आगे भी हमारा लक्ष्य है कि हर साल 500 स्टूडेंट को ट्रेंड करके रोजगार से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में डालमिया चीनी मिल मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह, डिस्ट्रिक्ट प्रोबेशन आफिस वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज नीतू यादव, सीएसआर लीड अर्जुन त्रिपाठी ,दीक्षा मैनेजर विमल त्रिपाठी, ट्रेनर विकास वर्मा ,प्रदीप यादव, विक्रम कुमार, अवनीत, त्रिपुरारी राय सहित डालमिया भारत फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

## श्रीराम चंपा देवी इंटर कॉलेज में मेधावियों का हुआ सम्मान

संवाददाता। सीतापुर

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत जिला बिसवां द्वारा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन श्रीराम चंपा देवी इंटर कॉलेज में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय मंत्री आकाश पटेल द्वारा निधि पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तहसील स्तरीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह, कुंवर दिनकर प्रताप सिंह व नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा सीमा जैन द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीतापुर एमएलसी पवन सिंह ने कहा कि आज प्रतियोगिता का दौर है हर जगह पर बच्चों के अंक देखे जाते हैं इसलिए सभी बच्चों को यह प्रयास करना चाहिए की परीक्षा में अच्छे अंक आये इसके लिए अध्ययन बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पत्रकार एवं समाजसेवी मोहित जायसवाल ने स्वर्गीय अनिल जायसवाल स्मृति में दी जा रही स्कालरशिप भी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी परिषद के प्रमुख रूपेश अवस्थी ने किया। इस अवसर पर संगठन मंत्री ज्ञानेन्द्र, वेदरतन मिश्रा, अंशु रस्तोगी, सादिक, चांद मिया, व अभिभावक अध्यापक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## 19 ब्लॉकों से 900 जोड़ों को किया गया चयनित

संवाददाता। सीतापुर

● मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत होगा विवाह समारोह

● दिसंबर के पहले सप्ताह में ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित होने की बात भी कही गयी। प्रशासन द्वारा एक जोड़े के विवाह पर खर्च होंगे 51000 रुपए

**योगी सरकार** बेटियों को लेकर सजग है और दहेज जैसी कुरीति से समाज को मुक्ति दिलाने का भरसक प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा प्राप्त कराई गई सूची के अनुसार 19 ब्लॉकों से लगभग 900 जोड़े को परिणय सूत्र में बाँधने का निर्देश जिम्मेदारों को दिया है हालांकि अभी विवाह स्थल की घोषणा नहीं की गई है ,इनका ब्लॉक वार चयन सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत किया गया। समाज कल्याण विभाग इसके आयोजन की तैयारियों में जुटने लगा है ,जरूरतमंद परिवारों की परेशानी को समझ कर उन्हें परेशानी से बचाने के लिए सीएम सामूहिक विवाह योजना का संचालन किया जा रहा है। दिसंबर के पहले सप्ताह में ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित होने की बात भी कही गयी। प्रशासन द्वारा एक जोड़े के विवाह पर खर्च होंगे 51000/-रूपए। जिसमे बारातियों और जनातियों के स्वागत सत्कार के लिए पंडाल व भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी इस पर प्रति जोड़ा 6000 खर्च होगा। स्त्रीधन के तौर पर बिटिया के खाते में रू. 35000 भेजा जाएगा और घरेलू उपयोग में आने वाला सामान 10000 मूल्य का दिया जाएगा ,जिसमें एक बक्सा , प्रेशर कुकर, डिनर सेट, चांदी की बिछिया, पायल और वर-वधू के कपडे भी शामिल है। चयनित किए गए ब्लॉक वार जोड़ों की संख्या इस प्रकार एलिया से 42, बेहटा से 56, बिसवां से 50, गोंदलामऊ से 70, हरगांव सें 51, कसमंडा से 51, खैराबाद से 45, लहरपुर से 25, मछरेहटा से 66, महमूदाबाद से 45, महोली से 43, मिश्रिख से 86, पहला से 40, परसेंडी से 18 , पिसावा से 40, रामपुर मथुरा से 32, रेउसा सें 40,सकरन से 48 ,सिधौली से 51 जोड़े चयनित किये गए है, जिसमे से मिश्रिख से सर्वाधिक 86 जोड़े चिन्हित किये गए है , एक बात तो तय है की योगीराज में जब तब तक इस प्रकार की योजनाए चलती रहेंगी तब तक कोई पिता अपनी बेटियों को बोझ नहीं समझेगा।

## सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत



### सीएचसी में घायलों से मिले डीएम-एसपी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**शाहजहांपुर से** पलिया आ रही एक जाइलो कार मंगलवार सुबह पलिया-भीरा मार्ग पर पलट गई, इसकी सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन फ़ौरन पलिया के लिए रवाना हुए।

दोनों अफसर पलिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर दुर्घटना में घायलो व्यक्तियों से मुलाकात की। चिकित्सकों से घायलों को दिए मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी ली, समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय में भिजवाया। दुर्घटना में घायल शिक्षक ने अन्य घायलो के सामने डीएम-एसपी को पूरी आपबीती सुनाई। डीएम ने सभी घायलों को अपने सामने न केवल दवा खिलवाई, बल्कि फल एवं चाय पिलवाई। डीएम-एसपी ने दुर्घटना में घायलो से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। बताते चले कि शाहजहांपुर से पलिया आ रही एक जाइलो कार प्रात: पलिया-भीरा मार्ग पर पलट गई। जिसमें सवार लोगों को तत्काल बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहाँ चिकित्सको द्वारा 05 व्यक्तियों को मृतक घोषित किया। अन्य 05 को प्राथमिक उपचार किया।

### गंदगी देख भड़के अपर निदेशक

**लखीमपुर खीरी।** अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा पीएचसी खीरी टाउन व जिला पुरुष अस्पताल ओयल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने खीरी टाउन में साफ-सफाई की व्यवस्था पर पीएचसी प्रभारी से नाराजगी जाहिर की तो वहीं बीएचडब्ल्यू अनुपस्थित मिले। इनवर्टर 2 साल से खराब मिला। छुट्टी के लिए एक कर्मचारी द्वारा दी गई एप्लीकेशन पर हस्ताक्षर नहीं थे। जिस पर उन्होंने कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद वे जिला पुरुष चिकित्सालय ओयल पहुंचे। जहां इमरजेंसी के निरीक्षण के दौरान स्टेचर पर कवर और चादर ना होने पर नाराजगी जताई। इमरजेंसी में सफाई व्यवस्था नहीं मिली। इसे लेकर मैटर्न रजनी मसीह को फटकार लगाई। वहीं इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ मोहित तिवारी द्वारा मरीजों से बाहर बाजार के इंजेक्शन मगाए जा रहे थे जिसे लेकर उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**संडीला(हरदोई)।** ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने अपने शिक्षणेत्तर कौशल का बढ़ चढ़कर प्रदर्शन किया। ब्लाक स्तरीय इस बाल क्रीणा प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक संडीला अंकित मिश्रा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंनें बालिकाओं द्वारा बनाई गई रंगोली का निरीक्षण किया। इसी अवसर पर उन्होंनें छात्र छात्राओं और शिक्षकों को प्रोत्साहित भी किया। खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को लगातार प्रयास कर जीवन में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। रंगोली प्रतियोगिता में कांपोज़ित विद्यालय मोहम्मदपुर प्रथम, उ0प्रा0 वि0 जामू द्वितीय तथा सां0वि0 हरदलमऊ तृतीय स्थान पर रहा। सुलेख प्रतियोगिता में पूजा सैनी प्रथम, शिल्पी द्वितीय तथा खुशबू तृतीय। मानचित्र प्रतियोगिता में रमन पाण्डेय प्रथम, शिवांशी द्वितीय तथा अनुपम तृतीय स्थान पर रहे। प्राइमरी वर्ग बालक कबड्डी प्रतियोगिता में प्रा0वि0 नरेन्द्रपुर प्रथम तथा प्रा0 वि0 पहतुइया द्वितीय। बालिका वर्ग में प्रा0वि0 नरेन्द्रपुर प्रथम तथा सं0वि0 सुंदरपुर द्वितीय स्थान पर रहे। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अनुराग प्रथम, कृष्णा द्वितीय, हिमांशू तृतीय। बालिका वर्ग में पूजा प्रथम, साहिबा द्वितीय, कांति तृतीय। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अमीन प्रथम, आयुष द्वितीय, अमन तृतीय जबकि बालिका वर्ग में पूजा प्रथम, प्रियांशी द्वितीय, रूपांशी तृतीय। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में दीपक प्रथम, अनस द्वितीय, अनुराग तृतीय, बालिका वर्ग में सनिया प्रथम, यासमीन द्वितीय तथा राधिका तृतीय स्थान पर। जूनियर वर्ग बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में आदर्श विद्यालय मोहम्मदपुर तथा सं0वि0 सुंदरपुर द्वितीय।

## समाजवादियों ने नहीं मनाया मुलायम सिंह यादव का जन्म दिवस

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी



**समाजवादियों ने** नही मनाने की जरूरत नही समझी जन्मदिन मनाने की। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का नहीं मनाया गया जन्मदिवस, विधानसभा हो या नगरपालिका अध्यक्ष टिकट मांगने वालों की होती है लंबी लाइन, जन्म दिवस या श्रद्धांजलि, दिवस मनाने का इन टिकट आवेदकों को नहीं रहता ध्यान, प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 22 नवंबर को समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का जन्म दिवस आज था, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सादगी के साथ पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से मनाने का निर्देश दिया था, परंतु दुर्भाग्य से मोहम्मदी नगर या विधानसभा मे संगठन या टिकट आवेदकों ने मुलायम सिंह यादव का जन्मदिवस किसी भी रूप में नहीं मनाया, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष के आवेदकों ने नगर में होर्डिंग, पोस्टर बड़े जोर शोर से लगा रखे हैं, और समाजवादी पार्टी के मजबूत दावेदारों में अपनी गिनती दिलवाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं, परंतु जिस समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, उस पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष का जन्म दिवस मनाने का या यह दिन याद रखने का उनके पास समय नहीं है, केवल टिकट पाना ही उनका केवल मकसद ही रहता है, विधानसभा चुनाव से पहले रेवड़ी की तरह पद बाटे गये थे, सभी प्रकोष्ठो के नगर अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष सहित जिला सचिव की भरमार थी और ज्यादातर लोग अपने आपको अखिलेश यादव कहते थे और विधानसभा का नेता कहने के साथ साथ अग्रिम पंक्ति में बैठने के लिए बेताब से रहते थे, जैसे ही सरकार नहीं बनी इन दावेदारों को ढूंढना मुश्किल पड़ गया, परंतु नगर पालिका का चुनाव आते ही फिर से अनेकों दावेदारों के पोस्टर नगर में दिखाई देने लगे और टिकट के प्रमुख दावेदारों में अपनी गिनती गिन वाले लगे, परंतु जिस पार्टी के पूर्व संस्थापक अध्यक्ष का आज जन्मदिन हो और यह दावेदार से लेकर संगठन के लोग सादगी से नही मना पाए,तो ऐसे दावेदारो को आप कया कहेगे,ऐसे दावेदार केवल पार्टी के कार्यकर्ताओं के कांधे पर चढ़कर पद हासिल करने तक ही सीमित रहते है,उनको पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से कोई मतलब नहीं रहता, नगर सहित विधानसभा में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन न मनाना चिंता और चर्चा का विषय है।

## पेज एक का शेष

### असम-मेघालय...

जिनके जरिये अधिकांश वाहन मेघालय में प्रवेश करते हैं। मेघालय के हिस्सों में तनाव फैलने की आशंकाओं के बीच असम के रजिस्ट्रेशन नंबर वाले वाहनों को मेघालय की सीमा न जाने की सलाह दी गई है। असम और मेघालय के बीच 884.9 किलोमीटर लंबी अंतरराज्यीय सीमा के 12 इलाकों में लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों पूर्वोत्तर राज्यों ने इनमें से छह इलाकों में विवाद को खत्म करते हुए नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मार्च में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों ने बाकी के छह इलाकों में विवाद को हल करने के लिए बातचीत भी शुरू की। मेघालय को असम से अलग कर 1972 में अलग राज्य बनाया गया और उसने असम पुनर्गठन कानून, 1971 को चुनौती दी थी।

### खिताब की...

ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था। सऊदी अरब के स्थानापन्न खिलाड़ी भी खुद को मैदान पर आने से नहीं रोक पाए थे। इससे पहले अर्जेंटीना को वीडियो सहायक रेफरी की मदद से पेनल्टी मिली थी जिसे मेसी ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। तब सऊदी अरब के साद अब्दुल हमीद ने बॉक्स के अंदर अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो परेडेस की जर्सी को खींचा था। अर्जेंटीना ने मध्यांतर तक अपनी बढ़त बरकरार रखी थी लेकिन दूसरे हाफ में उसका खेल बेहद खराब रहा जिसका सऊदी अरब ने पूरा फायदा उठाया। सऊदी अरब ने गोल पर पहला शॉट 48वें मिनट में लगाया और सालेह अलशहरी के इस शॉट से उसने अर्जेंटीना की बराबरी भी की।

### आफताब का...

जा सकते हैं। केस को ठोस आधार देने के लिए पुलिस को और अधिक सबूतों की भी जरूरत है। सुनवाई के दौरन न्यायाधीश ने पूनावाला से पूछा कि क्या आप जानते हैं कि आपने क्या किया है? इस पर उसने कहा कि जो कुछ भी हुआ क्षणिक आवेश (गुस्से) में हुआ और यह जानबूझकर नहीं किया गया। बचाव पक्ष के वकील ने एजेंसी को बताया कि उन्होंने पूनावाला से मंगलवार को पांच-सात मिनट तक बात की है। उन्होंने कहा कि जब मैंने सुबह उससे बात की तो वह तनावमुक्त और आत्मविश्वास से भरा दिख रहा था। उसमें आक्रामकता के कोई लक्षण नहीं दिखे। वकील ने कहा कि जब उन्होंने पूनावाला से पूछा कि क्या वह मामले में कानूनी कार्यवाही का पालन करने में सक्षम हैं और क्या वह बचाव पक्ष से संतुष्ट हैं, तो उसने हां में जवाब दिया। कुमार ने एजेंसी से यह भी कहा कि पूनावाला ने अदालत में कभी कबूल नहीं किया कि उसने श्रद्धा वालकर की हत्या की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, फोरेंसिक टीम द्वारा पूनावाला के फ्लैट के बाथरूम की टाइलें तोड़े जाने और उन पर खून के धब्बे पाए जाने के बाद अहम सुराग मिले हैं। इन टाइलों को डीएनए जांच के लिए भेजा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे खून के धब्बे वालकर के हैं। इसकी रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर आने की उम्मीद है। इस बीच, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने मामले की जांच की प्रगति की समीक्षा करने के लिए हौज खास में डीसीपी (दक्षिण) कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हम चार दिनों के भीतर नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की कोशिश करेंगे। कई एजेंसियां ??इस मामले पर काम कर रही हैं और हम अदालत में एक सामूहिक रिपोर्ट दाखिल करेंगे। चार्जशीट फॉरेंसिक साक्ष्य के आधार पर दायर की जाएगी।

### भारत ने...

देश है। यह उग्रवाद प्रभावित नागालैंड और मणिपुर सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। भारतीय विदेश सचिव ने अपने दौरे में बैठकों के दौरान म्यांमार के नेतृत्व के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर भी चर्चा की। उन्होंने भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्रों सहित जन-केंद्रित सामाजिक-आर्थिक विकास परियोजनाओं के लिए भारत के निरंतर समर्थन के साथ-साथ कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट और त्रिपक्षीय राजमार्ग जैसी कनेक्टिविटी परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता भी जताई।

### मुख्य निर्वाचन...

न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त एक संस्था का नेतृत्व करते हैं, लेकिन अपने संक्षिप्त कार्यकाल के साथ वह कुछ ठोस नहीं कर सकते। पीठ ने मामले में केंद्र की ओर से प्रस्तुत हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी से कहा, 2004 से मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की सूची पर नजर डालें तो उनमें से अधिकतर का कार्यकाल दो साल से ज्यादा नहीं रहा। कानून के अनुसार उनका छह साल या 65 वर्ष तक की आयु का कार्यकाल होता है, जो भी पहले हो। इनमें से अधिकतर पूर्व नौकरशाह थे और सरकार को उनकी आयु के बारे में पता था। उन्हें ऐसे समय में नियुक्त किया गया कि वे कभी छह साल की अवधि पूरी नहीं कर पाए और उनका कार्यकाल संक्षिप्त रहा। वेंकटरमानी ने कहा कि जिस मौजूदा प्रक्रिया के तहत राष्ट्रपति मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं, उसे असंवैधानिक नहीं कहा जा सकता और अदालत उसे खारिज नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, संविधान सभा, जिसके समक्ष विभिन्न मॉडल थे, ने इस मॉडल को अपनाया था और अब अदालत यह नहीं कह सकती कि मौजूदा मॉडल पर विचार करने की जरूरत है। इस संबंध में संविधान में कोई प्रावधान नहीं है जिसकी व्याख्या की जरूरत है।

### भारत ने...

शुरुआत दक्षिण अफ्रीका से की थी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने महात्मा गांधी को अपना आदर्श मानकर रंगभेद के खिलाफ अभियान शुरू किया और भेदभाव व्यवस्था का अंत किया। भारत और अफ्रीका के संबंध नई ऊंचाई को छू रहे हैं। सीएम ने कहा कि भारत से विलुप्त हो चुके चीतों को सितंबर 2022 में मध्यप्रदेश में छोड़ा गया था। भारत अफ्रीका के साथ सहयोग और साझेदारी के नए आयाम स्थापित कर रहा है। यूनेस्को भारत हैकथान का आयोजन कर रहा है। 25 नवंबर तक किया जा रहा है। 22 देशों के 400 छात्र हिस्सा ले रहे है जो भारत के छात्रों के साथ हिस्सा लेकर अलग-अलग टीम बनाकर विभिन्न समस्याओं पर समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम ने हैकाथॉन के लिए यूपी का चयन किया। ये दुनिया में अपनी तरह की पहल है जो भारत अफ्रीका के मजबूत संबंधो को नया आयाम देने में समर्थ होगा। ये आयोजन अफ्रीका के छात्रों को भारत में शिक्षा के नए अवसरों को लाभ देगा। अफ्रीका से आए छात्र और भारत के युवा यहा शोध करेंगे और समस्या का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि देश और विदेश की अंतराष्ट्रीय कंपनियां यूपी में निवेश कर रही है, जिसमें स्टार्टअप, आईटी इलेक्ट्रानिक्स, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी आदि शामिल है। उप्र की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट वर्तमान में एक स्टार्टअपन योजना बनकर उभरी है। योजना ने प्रदेश के जनपदों को रोजगार दिया है साथ ही पहचान दिलाई है। प्रदेश सरकार नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। इस संबंध में हमारी नीति स्पष्ट है। स्टार्टअप इंक्यूबेटर, सेंटर ऑफ इंट्रप्रिन्योरशिप के जरिए उप्र एक सक्षम इको सिस्टम बना रहा है। छात्र इन सभी की जानकारी ऑनलाइन जाकर देख सकते है। इसी तरह हैकॉथन छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव भी डालते है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के छात्र अयोध्या, मथुरा, आगरा जाकर सांस्कतिक विरासत से रूबरू होंगे। हैकाथॉन का इस बार विषय जीवन है।

## गांधी विद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं का किया गया समाधान

**गोला गोकरननाथ-खीरी।** गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोला गोकर्ण नाथ खीरी में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिकायत पेटिका से पर्ची विज्ञान शिक्षक डॉ राजेश कुमार ने निकाली जिसमें शिकायत का समस्या समाधान किया गया। समस्या समाधान में वर्तमान समय में जुकाम बुखार डेंगू से बचाव के तरीके बताए गए अत्यधिक मच्छरदानी का प्रयोग करें नालियों की साफ-सफाई रखें, कूलर में पानी साफ रखें, गमले में पानी प्रतिदिन बदले, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित ने बच्चों को यह बताया गया कि वह अपने कक्षा से संबंधित शिकायत शिकायत पेटिका में डालें। यह शिकायत पेटिका प्रत्येक मंगलवार को खुलेगी और जिस बच्चे से संबंधित समस्या होगी उसका समाधान किया जाएगा।

# कांग्रेस ने सरदार पटेल के अपमान में कोई कसर नहीं छोड़ीः अमित शाह

**भाषा।** खम्भात (गुजरात)

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई पटेल का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और उसने अब गुजरात विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पटेल की तारीफ करना शुरू कर दिया है। भाजपा नेता ने गुजरात में आणंद जिले के खम्भात में चुनावी सभा में कहा कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार भी सादे तरीके से किया गया था। शाह ने कहा, मुझे हैरानी है कि कांग्रेस अब सरदार पटेल की तारीफ कर रही है।

मैंने अपने बचपन से कभी किसी कांग्रेस नेता को पटेल के बारे में बात करते नहीं सुना। बल्कि, उन्होंने पटेल का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनका अंतिम संस्कार सादे तरीके से कर दिया गया ताकि उनकी याद में कोई स्मारक नहीं बनाना पड़े। गुजरात में खम्भात और 92 अन्य विधानसभा सीटों के लिए मतदान विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच दिसंबर को होगा।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पटेल को वास्तविक श्रद्धांजलि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर दी है जो दुनिया का सबसे ऊंचा स्मारक है। उन्होंने खम्भात से कांग्रेस के उम्मीदवार चिराग पटेल को चुनौती दी कि एक भी ऐसी तस्वीर दिखाएं जिसमें वह स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दे रहे हों।

शाह ने दावा किया कि कोई कांग्रेस नेता केवड़िया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर जाने का साहस नहीं करता क्योंकि उसे टिकट नहीं मिलने का डर होता है। उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए अयोध्या में राम मंदिर निर्माण तथा तीन तलाक रोधी कानून का विरोध करने का भी आरोप लगाया।

अमित शाह ने कहा, अगर वे इन चीजों का समर्थन करेंगे तो उन्हें अपने वोट चले जाने का डर होगा। मुझे उम्मीद है कि आप समझ रहे होंगे कि मैं किन वोट की बात कर रहा हूं। लेकिन उनका समय अब गया और प्रधानमंत्री मोदी का समय शुरू हो गया है। राहुल बाबा (गांधी), अयोध्या का टिकट बुक कर लीजिए क्योंकि एक जनवरी, 2024 को वहां भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है।

# गुजरात विस चुनाव के लिए मुकबले में 1,621 उम्मीदवार

**अहमदाबाद।** गुजरात में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बाद कुल 1,621 उम्मीदवार मैदान में हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्य की 182 सदस्ईय विधानसभा के लिए दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को चुनाव होंगे। दूसरे चरण में जिन 93 सीट पर चुनाव होंगे, उनमें 833 उम्मीदवार मैदान में हैं। दूसरे चरण के लिए नाम वापसी का आखिरी दिन सोमवार था। पहले चरण के चुनाव में 89 सीट के लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी 182 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं, कांग्रेस ने 179 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि उसने चुनाव पूर्व गठबंधन के तहत राकांपा को तीन सीट आवंटित की हैं। राकांपा उम्मीदवार के देवगढ़ बरिया सीट से अपना नामांकन वापस लेने के साथ, पार्टी दो सीट पर चुनाव लड़ रही है। आप ने भी सभी 182 सीट पर उम्मीदवार उतारे थे, उसके एक उम्मीदवार ने सूरत पूर्व सीट से अपना नामांकन वापस ले लिया, वह 181 सीट पर चुनाव लड़ेगी। एआईएमआईएम ने 14 विधानसभा सीट पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसके उम्मीदवार ने बापूनगर सीट से अपना नाम वापस ले लिया। पहले चरण में सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र और दक्षिण गुजरात के जिलों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। ये जिले हैं वलसाड, तापी, डांग, नवसारी, सूरत, भरूच, नर्मदा, बोटाद, भावनगर, अमरेली, गिर सोमनाथ, जूनागढ़, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका, जामनगर, राजकोट, मोरबी, सुरेंद्रनगर और कच्छ। दूसरे चरण में मध्य और उत्तरी गुजरात के जिलों बनासकांठा, पाटन, मेहसाणा, साबरकांठा, अरावली, गांधीनगर, अहमदाबाद, आणंद, खेड़ा, महीसागर, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा और छोटा उदयपुर की सीट पर वोट डाले जाएंगे। दोनों चरण के चुनावों की मतगणना आठ दिसंबर को होगी।



नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह बीएसएफ के जवानों को नियुक्ति पत्र देते हुए।

# केरल कांग्रेस में कोई समांतर गतिविधि नहीं चल सकतीः सतीशन

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के मालाबार दौरे से नाखुश दिख रहे केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने मंगलवार को कहा कि पार्टी में किसी तरह की गुटबाजी या समांतर गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी और इनसे गंभीरता से निपटा जाएगा। सतीशन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की प्रदेश इकाई विधानसभा चुनाव में दो बार लगातार हार के बाद राज्य की सत्ता में वापसी के मार्ग पर है और ऐसे में किसी की भी समांतर गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में कांग्रेस का एक वर्ग थरूर के इस दौरे से खुश नहीं है, ऐसे में सतीशन का बयान महत्व रखता है।

थरूर के मालाबार दौरे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हर नेता की एक जगह है और कोई इसके विरुद्ध नहीं है, लेकिन पार्टी की अपनी प्रणाली हैं। नेता प्रतिपक्ष ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा, केरल में कांग्रेस अब और समानांतर गतिविधियों को सहन नहीं कर सकती। विधानसभा चुनावों में दो बार हार के बाद पार्टी राज्य में वापसी के मार्ग पर है। सभी इस समय टीम की तरह काम कर रहे हैं। ऐसे में किसी को भी कोई समांतर गतिविधि चलाने नहीं दी जाएगी।

मीडिया के एक वर्ग पर दक्षिणी राज्य में कांग्रेस को कमजोर करने के एजेंडा के साथ कहानियां बनाने का आरोप लगाते हुए सतीशन ने कहा कि पार्टी इसे भी स्वीकार नहीं कर सकती। हम कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के एजेंडे को स्वीकार नहीं कर सकते, भले ही कोई मीडिया या सोशल मीडिया ऐसा करे। यदि पार्टी के अंदर किसी की इसमें कोई भूमिका है तो इससे गंभीरता से निपटा जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने इशारों-इशारों में यह भी कहा कि थरूर ने राज्य की राजधानी और अपने संसदीय क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे किसी आंदोलन में भाग नहीं लिया।

# मैं किसी से नहीं डरता, किसी को मुझसे डरने कर जरूरत नहीं : शशि थरूर

**मलप्पुरम (केरल)।** अपने मालाबार दौरे को लेकर पार्टी के अंदर मची हलचल और उन्हें मिल रहे समर्थन से अप्रभावित दिख रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को अपनी यात्रा जारी रखते हुए यहां यूडीएफ-सहयोगी आईयूएमएल के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और कहा कि उन्हें किसी से डर नहीं है तथा किसी को भी उनसे डरने की जरूरत नहीं है। मीडिया ने सवाल किया कि केरल में उनके दौरे से कौन डरता है, इसके जवाब में थरूर ने कहा, मैं किसी से नहीं डरता और किसी को मुझसे डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी राज्य कांग्रेस के भीतर कोई गुट बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। तिरुवनंतपुरम के सांसद की टिप्पणी उन अटकलों के बीच महत्व रखती है कि केरल में कांग्रेस नेतृत्व का एक वर्ग उनके बढ़ते समर्थन और राज्य में पार्टी के भीतर एक थरूर गुट के उभरने से आशंकित प्रतीत होता है, जहां पार्टी ने 2016 में प्रतिद्वंद्वी माकपा के हाथों सत्ता गंवा दी थी।

थरूर ने हालांकि पनक्कड़ में सादिक अली शिहाब थंगल के आवास पर आईयूएमएल नेताओं के साथ अपनी बैठक को यह कहकर ज्यादा महत्व नहीं दिया कि यह जिले में एक कार्यक्रम के लिए जाते समय हुई सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट थी। वहां मौजूद आईयूएमएल के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी उनके दौरे में कुछ भी असामान्य नहीं बताया और कहा कि जब भी वे इस क्षेत्र से गुजरते हैं तो वे सभी थंगल से मिलते हैं। अपने कट्टर समर्थक और सांसद एम के राघवन के साथ थरूर ने यह भी कहा कि गुट बनाने का उनका कोई इरादा या रुचि नहीं है। थरूर ने कहा, कुछ लोग कह रहे हैं कि यह (उनका दौरा) विभाजनकारी रणनीति या गुटबाजी है। हमारा कोई गुट बनाने का इरादा नहीं है और न ही हमारी इसमें रुचि है। कांग्रेस पहले से ही ए और आई समूहों से भरी हुई है और अब ओ और वी जैसे अक्षर जोड़ने की जरूरत नहीं है। केरल में करुणाकरण और एके एंटनी, दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के समय से कांग्रेस पार्टी में ए और आई समूह सक्रिय हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, अगर एक अक्षर होना है, तो वह एक संयुक्त कांग्रेस के लिए यू होना चाहिए, जिसकी हम सभी को जरूरत है। इस दौरे में कुछ भी असामान्य नहीं है। मैं यूडीएफ के दो सांसदों के एक सहयोगी दल के नेताओं से मिलने में कोई बड़ी बात देखने की जरूरत नहीं समझ पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब देश में विभाजनकारी राजनीति सक्रिय थी, ऐसी राजनीति की जरूरत थी जो सभी को एक साथ लाए और यह प्रशंसनीय है कि आईयूएमएल ने हाल ही में चेन्नई, बेंगलुरु और मुंबई में भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए।

# पूर्वोत्तर राज्यों के लिए मादक पदार्थ तस्करी बड़ी चिंता की बातः त्रिपुरा के मुख्यमंत्री साहा

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा ने मंगलवार को कहा कि सीमापार से मादक पदार्थों की तस्करी पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बड़ी चिंता की बात है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के डीजीपी और केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक का उद्घाटन करते हुए साहा ने कहा कि राज्य पुलिस समेत प्रवर्तन एजेंसियां आने वाले दिनों में समस्या के समाधान के लिए मिलकर काम करेंगी। उन्होंने यहां प्रज्ञा भवन में सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से कहा, मिजोरम और असम सीमा के रास्ते म्यांमा से मादक पदार्थों की आपूर्ति शृंखला पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बड़ी समस्या बनकर उभरी है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के डीजीपी और सीपीओ प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक में इस समस्या पर इससे प्रभावी तरीके से निपटने के रास्तों पर बात होगी। साहा ने कहा कि त्रिपुरा का इस्तेमाल म्यांमा से मिजोरम और असम के रास्ते बांग्लादेश तक मादक पदार्थों की तस्करी के लिए गलियारे के रूप में किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### सीमा विवाद को लेकर शीर्ष अदालत में महाराष्ट्र से कानूनी लड़ाई के लिए कर्नाटक तैयार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि उनकी सरकार ने महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद को लेकर उच्चतम न्यायालय में कानूनी लड़ाई के लिए सभी तैयारी कर ली है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार ने अदालती मामले को लेकर कानूनी टीम से समन्वय करने के लिए मंत्री चंद्रकांत पाटिल और शंभूराज देसाई को नियुक्त किया है। बोम्मई ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि सीमा विवाद को लेकर मामले को शीर्ष अदालत में लड़ने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं की एक टीम बनाई है। बोम्मई के अनुसार, टीम में पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी, श्याम दीवान, कर्नाटक के पूर्व महाधिवक्ता उदय होला और मारुति जिराले हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा, (उच्चतम न्यायालय में) मामला कैसे लड़ा जाए, इस पर टीम ने पूरी तैयारी कर ली है। कल मैं इन वकीलों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बातचीत करूंगा। बोम्मई ने दावा किया कि मामला सुनवाई योग्य है या नही, इस पर अबतक फैसला नहीं हुआ है, मुख्य याचिका की तो बात ही छोड़िए। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत राज्य पुनर्गठन अधिनियम पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्यों के पुनर्गठन के बाद, देश में किसी भी पुनर्विचार याचिका पर गौर करने का कोई उदाहरण नही है। बोम्मई ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की राजनीति केवल सीमा विवाद पर निर्भर है। वर्ष 1960 में अपने गठन के बाद से ही महाराष्ट्र का बेलगाम (या बेलगावी) जिले और 80 फीसदी मराठी भाषी गांवों को लेकर कर्नाटक से विवाद है। ए इलाके कर्नाटक के नियंत्रण में आते है।

### भाजपा ने ओबीसी प्रकोष्ठ के नेता को पार्टी कार्यक्रमों में शामिल होने से रोकाअ अभिनेत्री को निलंबित किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा ने मंगलवार को एक ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद अपने ओबीसी प्रकोष्ठ के नेता को पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होने से रोक दिया, जिसमें कथित तौर पर उन्हें एक महिला सहकर्मी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुना गया था। इसके साथ ही कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए एक अभिनेत्री को उनके पद से हटा दिया गया। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि पार्टी के राज्य महासचिव, ओबीसी मोर्चा, त्रिची सूर्या शिव की राज्य भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोप की प्रमुख डेज़ी सरन के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत मेरी जानकारी मे आई। भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैडल पर अन्नामलाई ने एक बयान मे कहा कि एक सदस्ईय अनुशासनात्मक पैनल को एक सप्ताह के भीतर पार्टी आलाकमान को मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है और तब तक हम सूर्या शिव को पार्टी कार्यक्रमो में शामिल नही होने की सलाह देते है। द्रमुक के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राज्यसभा सदस्य त्रिची शिवा के बेटे सूर्या इस साल मई मे भाजपा मे शामिल हुए थे। एक अलग बयान मे, अन्नामलाई ने पार्टी के अनुशासन का बार-बार उल्लंघन करने और इसे बदनाम करने के लिए अभिनेत्री गायत्री रघुराम को पार्टी के सभी पदो से छह महीने के लिए निलंबित करने की घोषणा की। वह (गायत्री रघुराम) अन्य प्रदेश और विदेशी तमिल विकास और कला एवं संस्कृति राज्य प्रकोष्ठ की अध्यक्ष हैं।

### भाजपा हिमाचल प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगीः पार्टी की प्रदेश इकाई के मुख्य प्रवक्ता

**शिमला।** भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई के मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कांग्रेस के खरीद-फरोख्त के आरोपो को बेबुनियाद बताते हुए मंगलवार को दावा किया कि भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी। शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस के नेताओं को पता है कि उन्हें बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा और इसलिए वे ईवीएम और खरीद-फरोख्त की बात कर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जब से देश में चुनाव के लिए के लिए ईवीएम का इस्तेमाल हो रहा है, तब से कांग्रेस जब भी हारती है तो उसके नेता ईवीएम को ही दोष देते है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और उसे किसी अन्य दल के विधायकों की जरूरत नही है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा की 68 सीट पर 12 नवंबर को मतदान हुआ था। मतगणना आठ दिसंबर को है।

### एम. शशिधर रेड्डी ने कांग्रेस छोड़ी

**हैदराबाद।** तेलंगाना मे कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री एम. शशिधर रेड्डी ने मंगलवार को पार्टी से अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी। अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एम. चेन्ना रेड्डी के बेटे रेड्डी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस राज्य मे सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) से प्रभावी रूप से मुकाबला करने मे सक्षम नही है। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी मामलो मे पैसे का प्रभाव बढ़ रहा है।

# जयपुर में कांग्रेस नेता की बेटी का अपहरण

**जयपुर।** जयपुर के प्रताप नगर इलाके से अज्ञात लोगों ने एक कांग्रेस नेता की बेटी का कथित तौर पर अपहरण कर लिया है। प्रताप नगर के थानाधिकारी भजनलाल ने बताया कि गोपाल केसावत ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी अभिलाषा (21) सोमवार शाम अपनी स्कूटी से सब्जी लेने गई थी। कुछ देर बाद अभिलाषा ने उन्हें फोन कर कहा कि कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं। बाद में उसका फोन बंद हो गया। केसावत ने बताया कि मंगलवार सुबह उसकी स्कूटी हवाई अड्डे की रोड पर मिली। केसावत ने कहा कि उन्होंने पुलिस को कुछ संदिग्धों के नाम दिए हैं और उनके खिलाफ कार्वाई की मांग की है। थानाधिकारी ने कहा कि इलाके में सब्जी विक्रेताओं से पूछताछ की गई, लेकिन अपहरण के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। मामले की जांच की जा रही है। केसावत कांग्रेस की पिछली सरकार में राजस्थान घुमंतू कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं।

# माकपा ने वर्षों तक त्रिपुरा में राज करने के लिए हिंदुओं-मुस्लिमों को विभाजित कियाः केंद्रीय मंत्री

**भाषा।** अगरतला

**केंद्रीय मंत्री** प्रतिमा भौमिक ने आरोप लगाया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने वर्षों तक त्रिपुरा पर राज करने के लिए हिंदुओं और मुस्लिमों को विभाजित किया। सिपाहीजला जिले के सोनामूडा में सोमवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भौमिक ने कहा कि भाजपा दो समुदायों को विभाजित करने में यकीन नहीं रखती है क्योंकि पार्टी का ध्यान सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर है। उन्होंने कहा, विपक्षी माकपा हमेशा भाजपा को अल्पसंख्यक विरोधी दिखाने की कोशिश करती है। उन्होंने वर्षों तक राज्य पर शासन करने के लिए हिंदुओं और मुस्लिमों को विभाजित किया। अब उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने का वक्त आ गया है।

सोनामूडा से ताल्लुक रखने वाली भौमिक ने माकपा पर इस उपमंडल के सामाजिक-आर्थिक विकास को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया जहां अच्छी-खासी अल्पसंख्यक आबादी है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने दावा किया कि भाजपा नीत सरकार ने राज्य के विकास के लिए काफी कुछ किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने त्रिपुरा के गोमती जिले में मतबारी को बांग्लादेश के कोमिला से जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय सड़क को हाल में मंजूरी दी है। भौमिक ने यह भी एलान किया कि दो दिवसीय भारत-बांग्ला मुक्तियुद्ध उत्सव 12 दिसंबर को सोनामूडा में शुरू होगा।

# तेलंगाना के मंत्री मल्ला रेड्डी के आवास, दफ्तरों पर आयकर विभाग के छापे

**हैदराबाद।** आयकर विभाग ने मंगलवार को तेलंगाना के श्रम मंत्री और तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेता सी मल्ला रेड्डी और उनके परिवार के सदस्यों के आवासों पर तलाशी ली। इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि आयकर अधिकारी रेड्डी, उनके शिक्षण संस्थानों तथा उनके परिवार के सदस्यों के कर रिकॉर्ड की छानबीन कर रहे हैं। शिक्षण संस्थानों पर भी छापे मारे गए। मल्ला रेड्डी मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के मंत्रिमंडल में दूसरे ऐसे मंत्री हैं, जिनके खिलाफ केंद्र सरकार की एजेंसियों ने तलाशी की। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने नौ नवंबर को कथित ग्रेनाइट घोटाले से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत मंत्री गांगुला कमलाकर से जुड़े परिसरों पर छापे मारे थे। धन शोधन से संबंधित ईडी का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी पर आधारित है,।

# ऐसी राजनीति चलती रही तो क्या पता महाराष्ट्र में दो महीने बाद क्या होगाः दानवे

**भाषा।** औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रावसाहेब दानवे ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के बीच कार्यकाल में ही गिरने की अटकलों का संदर्भ देते हुए कहा कि ऐसी राजनीति चलती रही तो कोई नहीं जानता कि दो महीने बाद क्या होगा। औरंगाबाद जिले के कन्नड़ शहर में सोमवार रात एक सभा को संबोधित करते हुए, भाजपा नेता ने 2019 के विधानसभा चुनावों के परिणाम के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बदले हुए राजनीतिक रुख के बारे में भी बात की। दानवे ने कहा, किसी ने नहीं सोचा था कि सत्ता में ढाई साल पूरे करने वाली एमवीए सरकार गिर जाएगी। लेकिन ऐसा जादू हुआ कि सरकार एक रात में गिर गई। अगर ऐसी राजनीति चल रही है तो कौन अनुमान लगा सकता है कि अगले दो महीने में क्या होगा।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार इस साल जून में एकनाथ शिंदे और शिवसेना के 39 विधायकों द्वारा ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत करने के बाद गिर गई। एमवीए सरकार में शिवसेना के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल थी। दानवे ने कहा कि जब 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजे आए, तो शिवसेना को एहसास हुआ कि उसके बिना अगली सरकार नहीं बन सकती। भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने (शिवसेना नेताओं ने) कहा कि पार्टी के लिए सभी विकल्प खुले हैं और उन्होंने अपनी पुरानी सहयोगी भाजपा से नाता तोड़ लिया। मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा से नाता तोड़ने के बाद शिवसेना ने राकांपा और कांग्रेस से हाथ मिला लिया और उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने।

# सिख विरोधी दंगाः कमलनाथ से जुड़े विवाद के बाद भारत जोड़ो यात्रा का पड़ाव स्थल बदला गया

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा का पड़ाव अब इंदौर के खालसा स्टेडियम के बजाय चिमनबाग मैदान में होगा। इस स्टेडियम में सिखों के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के स्वागत-सत्कार से जुड़े पखवाड़े भर पुराने विवाद के तूल पकड़ने के बाद प्रस्तावित पड़ाव स्थल में बदलाव किया गया है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने इस विवाद पर कोई टिप्पणी किए बगैर मंगलवार को संवाददाताओं को बताया, प्रशासन ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल लोगों को चिमनबाग मैदान पर ठहराने की अनुमति दी है। हम इसके मुताबिक तैयारियां कर रहे हैं। पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस के आवेदन पर गांधी और



उनकी अगुवाई वाली यात्रा में शामिल अन्य लोगों को 27 और 28 नवंबर को चिमनबाग मैदान पर ठहराने की मंजूरी दी गई है।

गौरतलब है कि कांग्रेस की शुरुआती योजना के मुताबिक गांधी और इस यात्रा में शामिल अन्य लोगों को इंदौर के खालसा स्टेडियम में ठहराया जाना था। लेकिन आठ नवंबर को गुरु नानक जयंती के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सामने आए विवाद से यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। स्टेडियम में इस कार्यक्रम के दौरान कमलनाथ के स्वागत-सम्मान के बाद मशहूर कीर्तन गायक मनप्रीत सिंह कानपुरी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों की हिंसा की ओर स्पष्ट इशारा किया था और आयोजकों पर तीखे शब्दों में मंच से नाराजगी जताई थी।

विवाद के बाद भाजपा के स्थानीय नेताओं ने घोषणा की थी कि अगर गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस स्टेडियम में कदम रखा, तो भाजपा कार्यकर्ता काले झंडे दिखाकर उनका विरोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के सिख विरोधी दंगों में कमलनाथ की भूमिका को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा अक्सर आरोप लगाया जाता है, लेकिन कमलनाथ और कांग्रेस के अन्य आला नेताओं द्वारा इसे सिरे से खारिज किया जाता रहा है।

# जम्मू में ड्रोन से हथियार व मादक पदार्थ गिराने की घटनाओं में कमी आईः बीएसएफ

**भाषा।** जम्मू

**सीमा सुरक्षा बल** (बीएसएफ) ने सरहद पार से होने वाली घुसपैठ को नाकाम करने के लिए जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अपनी सर्दियों की रणनीति लागू कर दी है। बल ने साथ में यह भी कहा कि बीते तीन-चार महीनों में ड्रोन के जरिए हथियार, विस्फोटक और मादक पदार्थ गिराने की घटनाओं में कमी आई है। बीएसएफ के महानिरीक्षक (आईजी) डीके बूरा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन से सामान गिराने की घटनाओं में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा, मैं मीडिया के सामने यह खुलासा नहीं कर सकता कि इस संबंध में क्या उपाय किए गए हैं, लेकिन कई कदम उठाए गए हैं।

आईजी ने जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी की मदद से बल इस खतरे को समाप्त कर देगा और इसमें शामिल लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा, 'बीएसएफ सीमा पर सतर्क है। पूछा गया कि नियंत्रण रेखा पर बर्फबारी के मद्देनजर क्या आतंकवादी अब अंतरराष्ट्रीय सरहद से घुसपैठ पर ध्यान केंद्रित करेंगे, बूरा ने कहा, यह हर साल होता है। हम इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ सर्दियों में कोहरे की वजह से उत्पन्न चुनौती के लिए भी तैयार है। आईजी ने कहा, सीमा पर कर्मियों को सुरक्षा और निगरानी उपकरणों के साथ तैनात कर दिया गया है। हमें यकीन है कि हम सीमापार से घुसपैठ नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरंग रोधी अभ्यास जारी है और बल के पास ऐसे उपकरण हैं जो सुरंगों या सुरंग को खोदने के किसी भी प्रयास का पता लगाने में मदद करेंगे। अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान से लगी सीमा पर लंबे समय से शांति कायम है।

# शिवाजी का अपमान सहने वाली सरकार बेलगाम में मराठी लोगों को न्याय कैसे दिलाएगीः राउत

**भाषा। मुंबई**

**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने मंगलवार को सवाल किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान सहन करने वाली एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार बेलगाम और अन्य सीमावर्ती इलाकों की मराठी भाषी आबादी के लिए न्याय कैसे सुनिश्चित करेगी। कथित धनशोधन मामले में जमानत पर रिहा होने के बाद नई दिल्ली के पहले दौरे में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह भी सवाल किया कि शिंदे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता चंद्रकांत पाटिल कितनी बार कर्नाटक के बेलगाम गए थे। राउत ने कहा कि खबरों के मुताबिक मुख्यमंत्री शिंदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बेलगाम का मुद्दा उठाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच बातचीत सार्वजनिक होनी चाहिए।

राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, मंत्री के रूप में न तो चंद्रकांत पाटिल और न ही एकनाथ शिंदे ने बेलगाम का दौरा किया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री से सीमावर्ती क्षेत्रों में युवाओं के खिलाफ दर्ज झूठे मामलों को वापस लेने के लिए कहा जाना चाहिए।

राज्य के गठन के बाद से महाराष्ट्र का कर्नाटक के साथ सीमा विवाद है, जब बेलगाम जैसे मराठी भाषी आबादी वाले कुछ क्षेत्रों को कर्नाटक में शामिल किया गया था। शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के प्रमुख नेता राउत ने आगे सवाल किया कि शिवाजी महाराज का अपमान सहन करने वाली यह सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को कैसे न्याय दिलाएगी। वह परोक्ष रूप से महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की हालिया विवादास्पद टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे कि छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने दिनों के प्रतीक थे।

बेलगाम मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार को शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बैठक की। सरकार ने उच्चतम न्यायालय में महाराष्ट्र-कर्नाटक विवाद से संबंधित मुकदमे को संभालने वाली कानूनी टीम के साथ समन्वय करने के लिए मंत्रियों चंद्रकांत पाटिल और शंभूराज देसाई को भी जिम्मेदारी सौंपी है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने शीर्ष अदालत में अपना पक्ष रखने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। राउत ने कहा कि कर्नाटक सरकार सीमा विवाद को लेकर अधिक चौकस है।

# हैरिस विवादित फिलीपीन द्वीप की यात्रा करेंगी

भाषा। प्यूर्तो प्रिंसेसा



**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस विवादित दक्षिण चीन सागर के किनारे पर स्थित पश्चिमी फिलीपीन के एक द्वीपीय प्रांत की मंगलवार को यात्रा करेंगी। हैरिस का यह दौरा अपने सहयोगी फिलीपीन के प्रति अमेरिका के समर्थन को मजबूत करने और विवादित जल क्षेत्र में नौवहन की आजादी में अमेरिका के हितों पर जोर देने की कवायद का हिस्सा है। अमेरिका विवादित समुद्री क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्वाई का हमेशा विरोध करता रहा है। हैरिस की यात्रा से पहले विवादित समुद्री क्षेत्र में उस समय एक नया टकराव पैदा हो गया, जब फिलीपीन की नौसेना ने आरोप लगाया कि चीन के तटरक्षक बल के एक जहाज ने चीनी रॉकेट के मलबे को जबरन अपने कब्जे में ले लिया। फिलीपीनी नौसैनिक इस मलबे को अपने द्वीप पर ले जा रहे थे। बहरहाल, चीन ने मलबे को जबरन कब्जे में लेने से इनकार किया है। उसने कहा है कि यह मलबा हाल ही में प्रक्षेपित किए गए एक चीनी रॉकेट का था और फिलीपीनी सेना ने मैत्रीपूर्ण विचार-विमर्श के बाद इसे चीन को सौंपा है। चीन ने अमेरिका को पूरी तरह से एशियाई इस विवाद में दखल न देने की चेतावनी दी और कहा कि विवादित जल क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना और वायु सेना के युद्धक अभ्यास दक्षिण चीन सागर का सैन्यीकरण कर रहे हैं। इस क्षेत्र में कुछ विवादित द्वीपों को लेकर चीन का फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ताइवान और ब्रूनेई से विवाद है। मनीला में सोमवार को राष्ट्रपति फर्डीनैंड मार्कोस जूनियर के साथ वार्ता में हैरिस ने 1951 की परस्पर रक्षा संधि के तहत फिलीपीन की रक्षा करने की वाशिंगटन की प्रतिबद्धता को दोहराया था। उन्होंने मार्कोस जूनियर से कहा था, दक्षिण चीन सागर में फिलीपीन की सशस्त्र सेना, सार्वजनिक जहाज या विमान पर हमले के जवाब में अमेरिका की परस्पर रक्षा प्रतिबद्धताएं लागू होंगी और यह फिलीपीन से हमारा अटूट वादा है। मार्कोस जूनियर ने इसके लिए हैरिस का आभार जताया था। प्यूर्तो प्रिंसेसा के मुख्य शहर पलावन की अपनी यात्रा के दौरान हैरिस एक छोटे मछुआरे समुदाय टगबुरोस से मुलाकात करेंगी और अवैध रूप से मछली पकड़े जाने से उनकी आजीविका पर पड़ने वाले असर को लेकर ग्रामीणों से चर्चा करेंगी। वह अवध रूप से मछली पकड़ने की गतिविधियों से निपटने, समुद्री निगरानी और खोज एवं बचाव प्रयासों में मदद करने के लिए फिलीपीन की समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसियों को 75 लाख डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने की भी घोषणा करेंगी।

# नेपाल चुनाव मतगणना : एनसी नीत गठबंधन बहुमत की ओर

भाषा। काठमांडू

**नेपाली कांग्रेस (एनसी)** के नेतृत्व वाला गठबंधन मंगलवार को नेपाल में संसदीय चुनावों में बहुमत हासिल करने के करीब पहुंचता दिखा। सत्तारूढ़ गठबंधन ने लगभग 70 सीटों पर या तो जीत हासिल कर ली है या उन पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे है। यह जानकारी नवीनतम रुझानों से मिली।नेपाल के मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट) ने अब तक दो सीटों पर जीत हासिल की है और 40 अन्य सीटों पर आगे चल रही है। एनसी के नेतृत्व वाले गठबंधन में सीपीएन-माओवादी सेंटर और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट पार्टियां शामिल हैं। हिमालई देश में प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतों की विधानसभाओं के लिए गत रविवार को मतदान हुआ था। मतों की गिनती सोमवार को शुरू की गई।
संसद के 275 सदस्यों में से 165 प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुने जाएंगे। इसी तरह, प्रांतीय विधानसभाओं के कुल 550 सदस्यों में से 330 सीधे चुने जाएंगे और 220 आनुपातिक पद्धति से चुने जाएंगे। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस ने काठमांडू जिले में अपना खाता खोल लिया है। पार्टी प्रत्याशी प्रकाश मान सिंह ने काठमांडू-। सीट से जीत दर्ज कर ली है। सिंह को कुल 7,140 वोट मिले, जबकि उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी एवं राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के उम्मीदवार रवींद्र मिश्रा ने 7,011 मत हासिल किए। नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने काठमांडू निर्वाचन संख्या-4 से प्रतिनिधि सभा का चुनाव करीब 7,500 मतों के अंतर से जीता। उन्होंने सीपीएन-यूएमएल के राजन भट्टराई को हराया। थापा को 21,294 वोट जबकि भट्टराई को 13,853 वोट मिले। प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा डडेलधुरा जिले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सागर ढकाल से 6,124 मतों से आगे चल रहे हैं।

# भारत ने उत्तर कोरिया के अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक आपात बैठक मे उत्तर कोरिया की उसके अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण को लेकर निंदा की है। भारत ने परमाणु और मिसाइल प्रौद्योगिकियों के प्रसार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका क्षेत्र की शांति व सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उत्तर कोरिया ने 17 नवंबर को एक बार फिर आईसीबीएम का सफल प्रक्षेपण किया था, जो जापान के समुद्र तट से करीब 125 मील दूर गिरी थी। ऐसा कहा जा रहा है कि यह पूरे उत्तरी अमेरिका को निशाना बनाने में सक्षम है। उत्तर कोरिया पर यूएनएससी की सोमवार को बुलाई आपात बैठक मे संयुक्त राष्ट्र मे भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, उत्तर कोरिया द्वारा हाल ही मे किए गए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा करता है। कंबोज ने कहा कि भारत, उत्तर कोरिया से संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावो के पूर्ण कार्यान्वयन का आह्वान करता है। उन्होंने कहा, हम उत्तर कोरिया से संबंधित परमाणु व मिसाइल प्रौद्योगिकियो के प्रसार पर गौर करने की बात को दोहराते है। परमाणु और मिसाइल प्रौद्योगिकियों का प्रसार चिंता का विषय है, क्योंकि उसका भारत सहित क्षेत्र की शांति व सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कंबोज ने कहा कि भारत उम्मीद करता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और सुरक्षा परिषद इस मोर्चे पर एकजुटता दिखाएगा। भारत, कोरियाई प्रायद्वीप मे शांति व सुरक्षा की दिशा मे परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति अपने समर्थन को दोहराता है। बैठक मे अमेरिका और उसके सहयोगियो ने उत्तर कोरिया के अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) परीक्षण की सोमवार को कड़ी निंदा की और उससे अपने परमाणु एवं मिसाइल कार्यक्रमों को सीमित करने का आह्वान किया। हालांकि, रूस और चीन ने प्योगयांग पर और दबाव बनाने व नए प्रतिबंध लगाने की कोशिशो का विरोध किया। बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने परिषद के आठ सदस्यो अल्बानिया, फ्रांस, आयरलैंड, भारत, नॉर्वे, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन तथा अमेरिका के साथ-साथ दक्षिण कोरिया, जापान और अन्य चार देशो की ओर से एक बयान पढ़ा।

## गार्सेटी को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन एरिक गार्सेटी को भारत मे देश का राजदूत नियुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने उम्मीद जताई कि सीनेट जल्द ही उनके नामांकन पर अपनी मुहर लगा देगी। गार्सेटी (51) 2013 से लॉस एंजिलिस के मेयर रहे है। वह राष्ट्रपति बाइडन के करीबी सहायक है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने यहां सोमवार को पत्रकारो से कहा, भारत के साथ संबंध हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आपने देखा कि राष्ट्रपति (बाइडन) ने पिछले सप्ताह ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बहुत संक्षिप्त मुलाकात की जब वह बाली मे थे। साफ है कि यह बहुत महत्वपूर्ण रिश्ता है जिसका हम सम्मान करते है। उन्होने विश्वास जताया कि भारत मे अमेरिका के राजदूत के तौर पर राष्ट्रपति द्वारा नामित गार्सेटी के नाम पर जल्द ही सीनेट मुहर लगा देगी। अमेरिकी कांग्रेस के ऊपरी सदन के समक्ष एक से अधिक साल से यह नामांकन लंबित पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जुलाई 2021 मे गार्सेटी को भारत मे अपने राजदूत के तौर पर नामित किया था। रिपब्लिकन सीनेटर चक ग्रासली ने गार्सेटी के एक वरिष्ठ कर्मी के अनुचित बर्ताव के आरोपो पर उनके नामांकन को अवरुद्ध किया है। हालांकि, अब उनके नामांकन पर रोक हटा ली गई है लेकिन सत्तारूढ़ डेमोक्रेट्स इसे सीनेट के समक्ष लाने से इनकार कर रहे है क्योंकि उन्हे लगता है कि उनके पास इसके लिए पर्याप्त वोट नही है।

## हर 11 मिनट में एक महिला की उसके करीबी द्वारा हत्या कर दी जाती है : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि हर 11 मिनट मे एक महिला या लड़की की उसके करीबी साथी या परिवार के सदस्य द्वारा हत्या कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओ के खिलाफ हिसा दुनिया मे सबसे बड़ा मानवाधिकार उल्लंघन है और उन्होने सरकारो से इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय कार्वाई योजना लागू करने का आह्वान किया। महासचिव ने 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिसा का उन्मूलन संबंधी अंतरराष्ट्रीय दिवस से पहले ए टिप्पणियां की। गुतारेस ने कहा, दुनिया मे महिलाओ तथा लड़कियो के खिलाफ हिसा सबसे बड़ा मानवाधिकार उल्लंघन है। हर 11 मिनट मे एक महिला या लड़की की उसके करीबी साथी या परिवार के सदस्य द्वारा हत्या कर दी जाती है तथा हम जानते है कि कोविड-19 महामारी से लेकर आर्थिक उथल-पुथल तक अन्य दबाव भी निस्संदेह और शारीरिक तथा मौखिक दुर्व्यवहार का कारण बनते है। गुतारेस की टिप्पणियां हाल मे भारत मे श्रद्धा वालकर के हत्या मामले की पृष्ठभूमि मे आई है जिसने सभी को हैरत मे डाल दिया है। गुतारेस ने कहा, आधी आबादी को निशाना बनाने वाले इस भेदभाव, हिसा और दुर्व्यवहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है। यह जीवन के प्रतएक क्षेत्र मे महिलाओ तथा लड़कियो की भागीदारी को सीमित कर देता है।

# ईरान ने और संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन शुरू किया

**तेहरान।** ईरान ने अपने भूमिगत फोर्डो परमाणु संयंत्र से 60 फीसदी शुद्धता वाले संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन शुरू कर दिया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को बताया कि ईरान ने यह कदम संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्थान के प्रस्ताव की प्रतिक्रिया में उठाया है। इसे देश के परमाणु कार्यक्रम के लिए कदम अहम माना जा रहा है। 60 प्रतिशत शुद्धता वाले यूरेनियम का उत्पादन करने का मतलब यह है कि वह हथियार बनाने लायक यूरेनियम हासिल करने से कुछ ही कदम दूर है।

## श्रीलंका के दो प्रमुख मंत्री पार्टी से निलंबित

**कोलंबो।** श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) ने पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन करने के लिए श्रीलंकाई सरकार के कम से कम दो प्रमुख मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। मंगलवार को इसकी घोषणा की गई। पार्टी के महासचिव दयासिरी जयशेखर ने पत्रकारों से कहा, उन्हें स्पष्टीकरण देने तक अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है। एसएलएफपी की केंद्रीय समिति ने गत रात हुई बैठक में राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की सरकार में विमानन मंत्री निमल सिरीपाल डी सिल्वा और कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा के साथ ही तीन अन्य कनिष्ठ मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया।

## इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले में आपराधिक कार्यवाही शुरू

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना के कीमती उपहारों के बारे में जानकारी छिपाने के मामले में मंगलवार को यहां एक अदालत में खान के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू की गई। तोशाखाना, एक विभाग है, जहां अन्य सरकारों के प्रमुखों, विदेशी हस्तियों द्वारा राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है। खान के खिलाफ कार्यवाही पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग की शिकायत पर शुरू की गई क्योंकि आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री को अपने नामांकन पत्रों में गलत जानकारी उपलब्ध कराने का दोषी पाया था।

## ट्विटर ने ट्रंप के बाद रिपब्लिकन नेता मारजोरी टेलर ग्रीन का अकाउंट किया बहाल

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)।** एलोन मस्क के मलिकाना हक वाले सोशल मीडिया मंच ट्विटर ने डोनाल्ड ट्रंप के बाद रिपबल्किन पार्टी की एक और नेता मारजोरी टेलर ग्रीन का अकाउंट भी बहाल कर दिया है। प्रतिनिधि सभा की सदस्य ग्रीन का अकाउंट इस साल जनवरी में ट्विटर की कोविड-19 सूचना संबंधी नीति का उल्लंघन करने के कारण निलंबित कर दिया गया था। ग्रीन से पहले ट्विटर ने पिछले सप्ताहांत अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अकाउंट बहाल किया था। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद ट्रंप समर्थकों द्वारा अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन) में हिंसा किए जाने के कुछ दिन बाद जनवरी 2021 में उनका अकाउंट स्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया था। उस समय ट्विटर के भारतीय मूल के शीर्ष अधिवक्ता विजय गड्डे ने ट्वीट किया था, अमेरिका में और हिंसा होने की आशंका के मद्देनजर डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर अकाउंट को स्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है। खाता बहाल होने के बाद ट्रंप ने कहा कि वह ट्विटर पर वापसी नहीं करेंगे। उन्होंने कोई ट्वीट नहीं किया। हालांकि, उन्होंने अभी तक अपना अकाउंट डिलीट भी नहीं किया है। मस्क ने एक ऑनलाइन सर्वेक्षण के आधार पर ट्रंप के ट्विटर अकाउंट को बहाल करने का फैसला किया था। इस सर्वेक्षण में प्रतिभागियों से पूछा गया था कि क्या ट्विटर पर ट्रंप की वापसी होनी चाहिए। कुल 15,085,458 लोगों ने वोट किया, जिनमें से करीब 51.8 फीसदी ट्रंप का अकाउंट बहाल करने के पक्ष में थे।



इंडोनेशिया में भूकंप के बाद वहां बचाव कार्य का काम तेजी से हुआ

# सेंसेक्स 274 अंक मजबूत रहा

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर बाजारों** में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 274 अंक से अधिक की मजबूती आई। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच निवेशकों के आईटी, धातु और उपभोग से जुड़े शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपए में सुधार से भी तेजी को गति मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 274.12 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,418.96 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84.25 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,244.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सबसे अधिक 2.64 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटी शेयर चढ़े

सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो तथा टाटा स्टील भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।दूसरी तरफ केवल पांच शेयर नेस्ले इंडिया, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक 0.76 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, तीन दिन की गिरावट के बाद वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी आई। हालांकि, चीन में कोविड-महामारी की रोकथाम के लिए लॉकडाउन का वैश्विक वृद्धि के अनुमान पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का मौद्रिक नीति को लेकर कड़ा रुख होने की संभावना के बीच एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) की रुचि भी उल्लेखनीय रूप से कम हुई है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि किसी ठोस रुख के अभाव में, वैश्विक खासकर अमेरिकी बाजार से स्थानीय बाजार को दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा, नवंबर महीने के लिए वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के समाप्त होने से पहले तेज गतिविधियां देखने को मिल सकती है। हमारा सुझाव है कि प्रतिभागी शेयर केंद्रित रुख अपनाए और उन क्षेत्रों पर ध्यान दें जिन्होंने हाल की गिरावट में मजबूती दिखाई है। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 88.04 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 81.67 (अस्थाई) पर बंद हुआ। नुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को।,593.83 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## एनएसई में सूचीबद्ध शीर्ष 500 कंपनियों में 18 प्रतिशत महिला निदेशक : अध्ययन

**नई दिल्ली।** कंपनियों के निदेशक मंडल (बोर्ड) में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। हालांकि, इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। एक अध्ययन के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में एनएसई में सूचीबद्ध शीर्ष 500 कंपनियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत थी। सलाहकार फर्म इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर एडवाइजरी सर्विसेज (आईआईएएस) ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट निदेशक मंडल में औसतन 24 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व है। रिपोर्ट के मुताबिक इसमें सुधार जारी है। कॉरपोरेट इंडिया: वूमेन ऑन बोर्ड्स शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया, भारत में कंपनी के निदेशक मंडल बोर्ड में महिलाओं की नियुक्ति में प्रगति हुई है- 2014 में छह प्रतिशत से पांच साल पहले तक 14 प्रतिशत। इस समय निफ्टी-500 कंपनियों के निदेशकों में 17.6 प्रतिशत महिलाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि महिला निदेशकों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन पिछले तीन वर्षों में इसकी रफ्तार सिर्फ एक प्रतिशत रही है। मौजूदा दर के आधार पर भारत में महिलाओं की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में 2058 तक का समय लगेगा। इस साल मार्च में निफ्टी-500 कंपनियों में 4,694 निदेशक थे, जिनमें से 827 या 17.6 प्रतिशत महिलाएं थीं। आईआईएएस के प्रबंध निदेशक अमित टंडन ने कहा कि कॉरपोरेट जगत को बोर्ड में महिलाओं का कम से कम 30 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हासिल करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

## जनवरी-सितंबर के दौरान बिल्डरों ने 1,656 एकड़ के 68 भूमि सौदे किए

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर मांग में तेजी आने के साथ ही अपने कारोबार में आक्रामक तरीके से विस्तार करना चाहते हैं। यही वजह है कि भूमि सौदे बहुत तेजी से बढ़े हैं। इस वर्ष जनवरी से सितंबर के बीच आठ प्रमुख शहरों में भूमि सौदे तीन गुना से अधिक होकर 68 हो गए हैं। संपत्ति परामर्शदाता एनारॉक ने यह जानकारी दी। एनारॉक भूमि सौदों की जानकारी एकत्रित करती है जिसमें डेवलपर की सीधी खरीद के साथ-साथ संयुक्त विकास समझौते भी शामिल होते हैं। एजेंसी ने बताया कि 2022 के पहले नौ महीनों में देश के शीर्ष आठ शहरों में कम से कम 68 भूमि सौदे हुए जिनका क्षेत्रफल 1,656 एकड़ है। पिछले वर्ष समान अवधि में 20 सौदे हुए थे जिनका क्षेत्रफल 925 एकड़ था। 2020 और 2021 की तुलना में आवासीय मांग बढ़ने के बाद सभी प्रमुख कंपनियां मसलन मेक्रोटेक डेवलपर्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज और प्रेस्टीज एस्टेट्स भूमि सौदे कर रही हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती सानिया मदान ने शालीमार बाग आवासीय योजना, दिल्ली-110088 में स्थित तृतीय तल, फ्लैट सं. 19-डी, ब्लॉक और पॉकेट-बीजी-1, श्रेणी-एलआईजी के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से ऋण मांग रही हैं, श्री मोहित रोहरा, श्री हर्ष रोहरा और श्रीमती ममता रोहरा मृतक श्री लक्ष्मण कुमार के कानूनी वारिस हैं। उक्त व्यक्ति का कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं है। अब, मैं आम जनता के लिए यह घोषणा करना चाहता हूं कि कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त संपत्ति/शेयर या दस्तावेजों के खिलाफ कोई अधिकार, स्वामित या हित है, तो वह दस दिनों के भीतर दस्तावेजी वैध साक्ष्य के साथ हमारे दिल्ली कार्यालय में आकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है यदि कोई ऐसा नहीं करते है, तो उसे अस्वामिक और अप्रतिबंधित माना जाएगा और तदनुसार आगे बढ़ाया जाएगा।

मैसर्स पास एंड एसोसिएट्स, एलएलपी
ए-233, प्रथम तल, शिवालिक, मालवीय नगर,
नई दिल्ली-110017, मो. 9991116006

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of 1) **Mrs. Pramila & 2) Mrs. Jyoti** who are owners of Property area admeasuring 250 Sq. Yds., part of Khasra no. 355, Village - Saidpur, Tehsil - Tijara, District- Alwar, Rajasthan-301019 vide Sale Deed dated 21.07.2022, which is registered as Doc. No. 202203111104660 in the office of SRO Bhiwari, having purchased the same from Mrs. Nirmala Devi; and intend to mortgage the aforesaid property against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** That Original Sale Deed dated 19.08.2014 executed by Mrs. Omvati in favour of Mrs. Nirmala Devi, vide Document No.2014003283, in the office of SRO Bhiwari; is not available/ misplaced/lost. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth,
Opp. Uday Park, South Ext. II, New Delhi-49
Contact# 011-40046316

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3727/ई-निविदा सूचना/2022-23 **ई-निविदा संशोधन** दिनांक: 22.11.2022

इस कार्यालय पत्रांक सं.-3609/ ई - निविदा सूचना /2022-23 दिनांक 16.11.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि | 25.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 25.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 01.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि | 08.12.2022 Upto 17:00 Hrs |
| 5 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 08.12.2022 Upto 17:00 Hrs |
| 6 | बिड खोलने की तिथि | 09.12.2022 at 11:00 Hrs |

शेष नियम एवं शर्तें निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।

''जल संचय-जीवन संचय'' अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3728/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 22.11.2022

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय पत्रांक सं. -3448/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 05.11.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता हैं।

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि | 23.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 23.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 26.11.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि | 01.12.2022 at 11:00 Hrs |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि | 06.12.2022 up to17:00 Hrs |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 06.12.2022 upto17:00 Hrs |
| 7 | बिड खोलने की तिथि | 07.12.2022 at 11:00 Hrs |

शेष नियम एवं शर्तें निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।

''जल संचय-जीवन संचय'' अधिशासी अभियन्ता


## भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार करार शीर्ष प्राथमिकता, अगले दौर की वार्ता दिसंबर में : गोयल



भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों के लिए शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि समझौते के लिए अगले दौर की बातचीत दिसंबर में होने वाली है तथा चर्चा अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं और इसके अच्छे परिणाम मिलेंगे। गोयल ने यहां इस्पात उद्योग के एक कार्यक्रम में कहा, हम सभी बहुत अच्छी तरह से जानते हैं कि यह (समझौता) बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा था, लेकिन दूसरे देश में राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण हमें थोड़ा झटका लगा। उन्होंने कहा, सौभाग्य से अब एक स्थिर सरकार है। मैं पहले से ही अपने (ब्रिटेन) समकक्ष के साथ संपर्क में हूं। हम एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं और संभवत जल्द ही एक व्यक्तिगत बैठक भी करेंगे लेकिन हमारी टीमें पहले से ही लगी हुई हैं। अगले दौर की वार्ता अगले महीने होगी। उन्होंने कहा कि समझौते के लिए उद्योग जगत का समर्थन जरूरी है और यह निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित एफटीए होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि एफटीए के लिए बातचीत पूरी करने की कोई सख्त समयसीमा नहीं होनी चाहिए। ऐसे समझौतों पर विचार करना होता है और सावधानीपूर्वक बातचीत होती है।

## ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी की शिफारिश कर सकती है मंत्रियों की समिति

**नई दिल्ली।** राज्यों के वित्त मंत्रियों की समिति ऑनलाइन गेमिंग पर समान रूप से 28 प्रतिशत जीएसटी की सिफारिश कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समिति की सिफारिशें सभी ऑनलाइन गेम के लिए होंगी, फिर चाहें उनमें कौशल का इस्तेमाल होता हो या सिर्फ संयोग के आधार पर जीत-हार होती हो। हालांकि, जिस राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया जाएगा, उसकी गणना के लिए समिति एक संशोधित सूत्र का सुझाव दे सकती है। फिलहाल ऑनलाइन गेमिंग पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है। यह कर सकल आय पर लगाया जाता है, जो ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल द्वारा लिया जाने वाला शुल्क है। जीओएम की रिपोर्ट लगभग तैयार है और इसे जल्द ही जीएसटी परिषद को विचार के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

# इंडियन ऑयल ने पहला सीबीजी संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**लखनऊ।** पेट्रोलियम और गैस आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाते हुए और हरित तथा वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय् द्वारा संजीव कक्कड़, कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय के नेतृत्व में मैसर्स पंचवटी फूड्स के साथ आज उत्तर प्रदेश के रायबरेली में उनके शीघ्र निर्मित होने वाले सीबीजी संयंत्र से कंप्रेस्ड बायो गैस की खरीद के लिए एक वाणिज्यिक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय एवं तेल कंपनियों की सतत योजना के तहत मेसर्स पंचवटी फूड्स को फरवरी 2022 में एक आशय पत्र जारी किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए श्री कक्कड़ ने कहा कि यह निर्माणाधीन संयंत्र लखनऊ के पास रायबरेली में स्थित



यह अपनी तरह का पहला संयंत्र होगा जो नेपियर ग्रास, पैडी स्ट्रॉ, प्रेस मड और मवेशी के गोबर से फीडस्टॉक के रूप में सीबीजी का उत्पादन करेगा। चालू होने के बाद संयंत्र प्रति दिन 4.8 टन सीबीजी का उत्पादन करेगा। एलओआई धारकों ने कच्चे माल की साल भर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किसानों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ लंबे समय के लिए समझौता किया है जिससे आवश्यक कच्चा माल प्राप्त होता रहे और ग्राहकों को सीबीजी की निर्बाध आपूर्ति की जा सके। इंडियनऑयल की ओर से संजीव कक्कड़, कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख, इंडियनऑयल और पंचवटी फूड्स के राजवर्धन सिंह की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर इंडियनऑयल की ओर से जयबीर मिश्रा, महाप्रबंधक रिटेल सेल्स द्वारा आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए।

# कई अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि, कुछ को मिली नोटिस

संवाददाता। बांदा

**जिलाधिकारी बांदा** दीपा रंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेल्प लाइन प्रथम स्तर अधिकारी, जिलाधिकारी सन्दर्भ, ऑन लाइन डिफाल्टर, भारत सरकार पीजी पोर्टल सन्दर्भ की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में आईजीआरएस पोर्टल के अन्तर्गत मुख्यमंत्री हेल्प लाइन सन्दर्भ, जिलाधिकारी सन्दर्भ, पीजी पोर्टल सन्दर्भ, ऑन लाइन लम्बित डिफाल्टर सन्दर्भों की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए व्यक्तिगत रूचि लेकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत

## ● आईजीआरएस पोर्टल के लम्बित प्रकरणों का समय से समाधान हो: डीएम

निस्तारण के समय शिकायतकर्ता से वार्ता भी करके शिकायत के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी कर लें। उन्होंने निर्देश दिये कि पोर्टल पर कोई भी प्रकरण अधिक दिनों तक लम्बित न रहने पाये और प्रकरण डिफाल्टर नही होने पाये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विभाग के द्वारा प्रकरण डिफाल्टर पाये जाते हैं तथा शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आईजीआरएस प्रकरणों के लम्बित प्रकरणों की एक.एक कर गहनता से समीक्षा की।उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल खोलकर लम्बित प्रकरणों का समयावधि के अन्तर्गत जन शिकायतों



का गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण को चेक करें यह शासन की पहली प्राथमिकता में है, जिससे सन्दर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न होने पाये। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री सन्दर्भों की स्वयं समीक्षा करते हैं इसलिए सभी अधिकारियों की पहली प्राथमिकता है कि सन्दर्भों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों जिनमें डिप्टी आरएमओ चामुण्डा प्रसाद, ज्येष्ठ वितरण अधिकारी ईश्वरेन्द्र कुमार को कारण बताओं नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए। एडीओ पंचायत महुआ, उप जिलाधिकारी बबेरू, खण्ड विकास अधिकारी कमासिन के बैठक में अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण दिये जाने एवं एबीएसए नगर क्षेत्र अनुराग मिश्र को गलत निस्तारण के क्रम में प्रतिकूल प्रविष्टि, एडीओ तिन्दवारी एवं एडीओ नरैनी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। समस्त आवेदकों के गलत निस्तारण तथा संतोषजनक फीडबैक पाए जाने पर पर सम्बन्धित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ पूरा करें: मंडलायुक्त

संवाददाता। बांदा

**मण्डल में** 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने बैठक में कार्यदायी संस्था तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को समयबद्धता तथा गुणवत्ता के साथ तेज गति लाकर पूर्ण करायी जायें। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता को भी समय समय पर निरीक्षण कर चेक किये जाने के निर्देश दिये। समीक्षा में बताया गया कि मण्डल में 50 लाख से ऊपर की 198 परियोजनायें संचालित हैं।

आयुक्त ने चित्रकूट जनपद के कार्यों की समीक्षा करते हुए सेतु निगम के द्वारा निर्माणाधीन 11 कार्य संचालित हैं, जिनमें से 04 सेतुओं के कार्य जनवरी 2023 पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।



उन्होंने सीएनडीएस कार्यदायी संस्था के द्वारा चित्रकूट विकास भवन का कार्य तथा अग्निसमन केन्द्र मऊ एवं मानिकपुर का दिसम्बरए 2022 तथा पुलिस बैरिक के निर्माण कार्य को जनवरीए 2023 तक तेज गति से कराकर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि गोस्वमी तुलसी दास डिग्री कॉलेज कर्वी के कक्षों के का निर्माण तथा राजकीय डिग्री कॉलेज मानिकपुर के कक्षों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।जनपद बांदा में 50 लाख से ऊपर संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सेतु निगम के द्वारा निर्माणाधीन मर्का घाट के कार्य को मार्चए 2023 तक प्राथमिकता पर कार्य में तेजी लाकर पूर्ण कराये जाने तथा बागेन नदी के ममसी पुल के निर्माण कार्य दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश सेतु निगम के अधिशाषी अभियंता को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि प्राप्त करने की आवश्यकता हो तो उनके स्तर से धनराशि प्राप्त करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित कराया जाए। उन्होंने भूरागढ़ में डब्लूटीपी व सीडब्लूआर तक लाइजनिंग बिछाने का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा ग्राम जसपुरा के मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य एवं अतर्रा के अग्निसमन केन्द्र के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये।

## भदोही का 25 हजार का इनामी अपराधी गोवा से गिरफ्तार

**भदोही (उप्र)।** भदोही पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी शक्तिमान बिंद को गोवा के वास्कोडिगामा से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार वारदात करने के बाद बिंद मौज मस्ती के लिए गोवा चला जाता था। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. अनिल कुमार ने मंगलवार को बताया कि जिले के ज्ञानपुर थाना क्षेत्र निवासी शक्तिमान बिंद पर लूट, चोरी, छिनैती, शस्त्र अधिनियम सहित कुल सात मामले दर्ज हैं। उस पर गिरोहबंद अधिनियम का भी मामला दर्ज है। एसपी ने बताया कि पुलिस को शक्तिमान की तलाश काफी वर्2392ीत से थी और उस पर 25 हज़ार का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन की मदद से गोवा के वास्कोडिगामा के एक होटल से उसे गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि वहां अदालत में पेश कर ट्रांज़िट रिमांड पर उसे आज यहां लाया गया। कुमार ने बताया कि बिंद को यहां मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## नाम बदलकर हिंदू युवती का शारीरिक शोषण करने का आरोपी मुस्लिम युवक गिरफ्तार

**सोनभद्र ।** सोनभद्र जिले के ओबरा क्षेत्र में पुलिस ने एक मुस्लिम युवक को नाम बदलकर एक हिंदू युवती का शारीरिक शोषण और दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से मंगलवार को बताया कि कथित पीड़िता के पिता की तरफ से शिकायत दी गई। प्राथमिकी में पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि सोनू अंसारी नामक युवक ने पिछले महीने छठ पूजा के दौरान अपना नाम एस.के. सोनू बताकर उनकी बेटी से जान-पहचान बनाई और उसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के मुताबिक सोनू ने उससे शादी का वादा किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोनू ने युवती के परिजन के सामने भी शादी का प्रस्ताव रखा और अपना नाम सोनू अंसारी पुत्र शफीक बताया। उनके मुताबिक, युवक का असली नाम जानकर युवती रोने लगी और उसने अपने परिजनो को बताया कि सोनू ने उसे अपना नाम एस.के. सोनू और खुद को हिंदू समुदाय का बताया था। सूत्रों ने बताया कि पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह आरोपी युवक सोनू अंसारी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला सफाई कर्मी गिरफ्तार

संवाददाता। बांदा

**जिला अस्पताल** में एक नाबालिग अर्धनग्न हालात में मिली। बताया जाता है कि जिला अस्पताल बांदा का परमानेंट जमादार ड्यूटी के दौरान लड़की को जबरदस्ती रात्रि में उठाकर शौचालय में ले गया और उसके कपड़े उतार कर स्वयं उसने अपना मुंह काला किया लड़की को बेहोसी हालत में शौचालय में छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए गैंग रेप का मुकदमा थाना कोतवाली में दर्ज 24 घंटे के अंदर मुलजिम को खोज लिया। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने बताया कि मैंने 5 टीमें बनवाई थी और शीघ्र अति शीघ्र बलात्कारी को पकड़ लिया गया है पूरी घटना का अनावरण हो चुका है दुर्गा को नौकरी से सस्पेंड करके बर्खास्त किया जाएगा और इस को तत्काल पुलिस जेल भेज रही है पुलिस ने माना कि हॉस्पिटल प्रशासन की लापरवाही थी उन्होंने ना तो वहां पर पुलिस चौकी



इंचार्ज को सूचना दी ना सिविल लाइन को। पुलिस अधीक्षक ने बताया की जाँच टीमों ने काफी सीसी फुटेज सर्च करने के बाद दुर्गा और एक व्यकित और फुटेज में आये खोजबीन पूछतांछ के बाद पता चला की जिला अस्पताल का सफाई कर्मी दुर्गा इस घिनौनी हरकत में शामिल है। आपको बताते चलें कि दुर्गा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और हॉस्पिटल बेड से उठाकर ले जाते हुए सीसी फुटेज साक्ष्य भी है। पुलिस अधीक्षक बांदा ने बताया के मुताबिक बांदा स्टेशन पर पुलिस को एक लड़की बेहोशी की हालत में मिली थी, जीआरपी ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, रविवार को वह संदिग्ध और अचेत अवस्था मे अस्पताल के बाथरूम में मिली मानसिक रूप से कमजोर लड़की के शरीर मे निचले हिस्से में कपड़े भी नही थे। घटना के बाद से अस्पताल प्रशासन में हड़कम्प मच गया और मौके पर पुलिस टीम ने पहुँचकर जांच पड़ताल भी की। लड़की की सुरक्षा के लिए पुलिस टीम भी लगाई गई है। जिला अस्पताल डॉक्टर मिश्र ने बताया कि 13 से 14 साल की एक अज्ञात बच्ची है, ये ट्रेन में मिली थी, बोल भी नही पा रही थी, बेहोश भी थी, अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराई गई थी और लड़की मानसिक रूप से विक्षिप्त जैसी भी है, अपना नाम पता भी नही बता पा रही है, जिसका उपचार किया जा रहा था आज ये अपने बेड पर नही थी तो सूचना मिली कि लड़की नही है, तो स्टाफ ने जाकर देखा तो बाथरूम में पड़ी थी।

## बहराइच में तेंदुए के हमले में 10 साल की बच्ची की मौत

**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रमंडल के मोतीपुर रेंज में एक तेंदुए ने अपने खेत से सब्जियां तोड़ रही 10 साल की बच्ची पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज के तहत आने वाले नौसर गुमटिहा गांव में हुई, जो जंगल से सटा हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक, सीमा कुमारी सोमवार शाम पांच बजे के करीब अपने खेत से सब्जियां तोड़ रही थी, तभी वहां एक तेंदुआ पहुंचा और बच्ची को अपने जबड़े में जकड़कर घसीटता हुआ जंगल की तरफ ले जाने लगा। ग्रामीणों के अनुसार, आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर तेंदुए को घेर लिया तो वह लहूलुहान बच्ची को खेत में छोड़कर जंगल में चला गया, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र मौर्य और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) आकाशदीप बधावन ने पत्रकारों को बताया कि बच्ची की मौत तेंदुए के हमले से हुई है।

# नफरती भाषण मामला : सपा नेता आजम खां को मिली नियमित जमानत

भाषा। बरेली

**नफरत** भरा भाषण देने के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खां को रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत ने सोमवार को नियमित यानी पक्की जमानत दे दी है। खां के वकील जुबैर अहमद ने बताया कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान नफरत भरा भाषण देने के मामले में पिछली 27 अक्टूबर को एमपी-एमएलए अदालत ने खां को तीन साल की सजा सुनाई थी। उस वक्त उन्हें अंतरिम जमानत दे दी गई थी। इसी मामले में नियमित जमानत के लिए अदालत से अनुरोध किया गया था। उन्होंने बताया कि इस अर्जी पर दोनों पक्षों में बहस हुई और न्यायाधीश आलोक दुबे ने आजम खां को नियमित जमानत दे दी है। अब सत्र अदालत में जब तक यह मामला विचाराधीन रहेगा, इस मामले में खां जमानत पर रहेंगे। गौरतलब है कि सपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान नफरत भरा भाषण देने के आरोप में रामपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने पिछली 27 अक्टूबर को तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। हालांकि उन्हें तुरंत जमानत भी मिल गई थी। यह फैसला होने के फौरन बाद जन प्रतिनिधित्व कानून के प्रावधान के तहत उनकी विधानसभा की सदस्यता खत्म कर दी गई थी और विधानसभा सचिवालय ने रामपुर सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया था।

खां ने खुद को मिली तीन साल की सजा को रामपुर जिला एवं सत्र अदालत में बुधवार को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी। यह मामला उच्चतम न्यायालय तक भी पहुंचा था। न्यायालय ने विशेष सत्र अदालत को आजम खां की अपील पर 10 नवंबर को फैसला करने के निर्देश दिया था। अपील में खान ने खुद को मिली सजा पर रोक लगाने का आदेश देने का आग्रह किया था।

## जमीन विवाद में हुई गोलीबारी में एक की मौत, पांच घायल

**शाहजहांपुर ।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में जमीन विवाद को लेकर लाठी-डंडे चलने के बीच हुई गोलीबारी में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके कब्जे से लाइसेंसी रायफल भी बरामद कर ली गई है। गांव में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि निगोही थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में राधेश्याम और मेवाराम के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह राधेश्याम विवादित जमीन पर दीवार बनाने लगा, जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया और देखते ही देखते दोनों पक्षों की महिलाओं और पुरुषों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट होने लगी।आनंद के मुताबिक, मारपीट के बीच मेवाराम का बेटा हरीश अपनी लाइसेंसी राइफल ले आया और गोली चला दी। उन्होंने बताया कि घटना में राधेश्याम (65) की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि एक पक्ष के विनोद और पूजा तथा दूसरे पक्ष की आरती, सरोज और रामादवी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आनंद के अनुसार, पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी हरीश, सतीश और मेवाराम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाइसेंसी रायफल बरामद कर ली है। वही, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आनंद ने बताया कि गांव में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बस से जब्त की गई 15 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब

भाषा। सुलतानपुर

**पूर्वांचल एक्सप्रेस**-वे पर एक लग्जरी बस से 78 पेटी से अधिक अवैध शराब जब्त कर वाहन चालक समेत आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कूरेभार थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत मिश्र ने बताया कि मंगलवार को चंडीगढ़ से बिहार की ओर जा रही एक लग्जरी बस पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी, जिसमें यात्री भी सवार थे। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेस-वे मुजेश टोल प्लाजा के पास प्रयागराज की एसटीएफ व स्थानीय थाने की टीम ने बस को रुकवाया। उन्होंने बताया कि बस की तलाशी ली गई तो उसमें अवैध रूप से ले जाई जा रहीं शराब की 78 पेटी बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक जब्त शराब की कीमत लगभग 15 लाख रुपए है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस के आगे-आगे सफेद रंग की एक गाड़ी भी चल रही थी वह बस को लोकेशन (पुलिस की मौजूदगी की जानकारी) दे रही थी। उसे भी पकड़ा गया है।उन्होंने बताया कि कार्वाई में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि तस्करों की पहचान बिहार के रहने वाले अभिषेक कुमार पांडे, संतोष चौधरी, प्रिंस कुमार, अर्जुन के साथ नोएडा के रहने वाले बस चालक मोहम्मद असद व खलासी गणेश प्रजापति के रूप में हुई है।

# नेताजी ने गरीबों, दलितों को सम्मान व सौहार्द के साथ जीना सिखाया

भाषा । इटावा

**समाजवादी पार्टी** (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को अपने दिवंगत पिता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी ने प्रदेश ही नहीं देश में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए और उन्होंने गरीबों, दलितों, मजलूमों को सम्मान और सौहार्द के साथ जीना सिखाया। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सैफई के महोत्सव पंडाल में आयोजित धरती पुत्र दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि रक्षा मंत्री रहते हुए नेताजी ने शहीदों के शवों को सम्मान पूर्वक शहीदों के गांव-घर तक पहुंचाने की व्यवस्था बनाई। उन्होंने



कहा कि पहले सैनिकों के शहीद होने पर उनकी वर्दी और बाक्स ही घर पहुंचाया जाता था।सपा प्रमुख ने कहा कि नेताजी ने सौहार्द की राजनीति को आगे बढ़ाया और समाजवाद को नई ऊंचाई देने का काम किया। यादव ने कहा कि जो रास्ता और सपना नेताजी ने हम सब को दिखाया है, उस रास्ते पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना है तभी देश आगे बढ़ेगा और तरक्की कर सकेगा।इसी वर्ष 10 अक्टूबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के मेदांता अस्पताल में मुलायम सिंह यादव (82) का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद पड़ने वाले उनकी पहली जयंती को उनके पैतृक स्थान सैफई में मैनपुरी का उपचुनाव होने की वजह से सादगी से मनाया गया। इस कार्यक्रम को धरती पुत्र दिवस का नाम दिया गया। इस अवसर पर नेताजी का पूरा परिवार एक साथ मौजूद रहा। नेताजी की समाधि स्थल को गुलाब के फूलों से सजाया गया, जहां पर परिवार एवं पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुलायम सिंह यादव के गुरु रहे पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा, मुलायम सिंह सबसे पहले मेरे छात्र रहे, फिर मेरे साथ अध्यापक रहे और उसके बाद मेरे राजनीतिक गुरु बने। सन- 1958 में जब टीचर बनकर स्कूल पहुंचा तो कक्षा 11 में वह मेरे छात्र थे और बाद में नेताजी बन गए। जिन्हें आज सभी लोग नेताजी के नाम से जानते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवाद के रास्ते ही देश और समाज को बढ़ाया जा सकता है और यह तभी संभव है जब समाजवादी सरकार हो, इसलिए नेताजी के समाजवादी आंदोलन को और मुखर करने, आगे बढ़ाने की जरूरत है। सिंह ने कहा कि समाजवादी सरकार बने यही नेताजी मुलायम सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।सभा मंच पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के नेता शिवपाल सिंह यादव, पश्चिम बंगाल से आए किरणमय नंदा, सहित सपा के प्रांतीय नेता, पदाधिकारी, क्षेत्रीय नेतागण मौजूद रहे। सैफई मेडिकल कालेज के छात्रों द्वारा नेताजी के समाधि स्थल पर हवन का आयोजन किया गया।

## मारपीट व अमानवीय कृत्य मामले में दो और गिरफ्तार

संवाददाता। गोंडा

**थाना कोतवाली** नगर क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट व अमानवीय कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर बीते दिनों वायरल हुआ था, जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कर घटना के मुख्य आरोपी कप्तान सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी थी। उसी क्रम में नगर कोतवाली पुलिस ने घटना में संलिप्त दो अन्य अभियुक्तों को रविवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगाई गईं हैं। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमें गठित कर घटना में शामिल आरोपियों की धड़पकड़ के लिये पुलिस को निर्देशित किया था। जिस क्रम में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों विवेक तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी निवासी चड़ौवा तिवारीपुरवा एवं सुधाकर सिंह पुत्र जय प्रकाश सिंह निवासी चड़ौवा को गिरफ्तार कर लिया है।

# धान खरीद की डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में धान खरीद की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने जनपद में धान खरीद के संबंध में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद के समस्त धान खरीद केंद्रों के सचिव को को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी खरीद केंद्रों से किसानों को वापस न किया जाए। उन्होंने कहा है कि धान खरीद से संबंधित सभी धान खरीद केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं तैयार होनी चाहिए। बैठक में उन्होंने कहा है कि धान खरीद के संबंध में तत्काल कंट्रोल रूम संचालित किया जाए और वहां पर खाद्य विभाग द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि कंट्रोल रूम से फोन करके किसानों से धान खरीद के संबंध में पूरी जानकारी करते रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी धान खरीद केंद्रों के सचिवों को निर्देश दिए हैं कि धान खरीद के उपरांत किसानों का भुगतान 48 घंटे में करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, एआर कोऑपरेटिव अशोक कुमार मौर्य, पीसीएफ एफसीआई, पीसीआई, मण्डी सचिव तथा जनपद के सभी धान खरीद केंद्रों के सचिव एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने ली जिला खाद्य व औषधि सतर्कता समिति की बैठक

**गोंडा।** मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवम औषधि सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उसमें अन्य विभागों द्वारा लिए जाने वाले सहयोग पर गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा कम नमूने भरे जाने एवं लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की संख्या कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अगली बैठक से पहले सभी लक्ष्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## निकाय चुनावों में जीतने पर मेरठ का नाम बदलकर नाथूराम गोडसे नगर किया जाएगा : हिंदू महासभा

**मेरठ ( भाषा )।** अखिल भारत हिंदू महासभा ने मंगलवार को कहा कि वह मेरठ नगर निगम का चुनाव लड़ेगी और अगर उसके उम्मीदवार बहुमत में आए और पार्टी का महापौर बना तो मेरठ का नाम बदलकर नाथूराम गोडसे नगर किया जाएगा। मेरठ शहर के शारदा रोड स्थित अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यालय पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित अशोक शर्मा ने इस संबंध में घोषणा करते हुए कहा कि इस साल के अंत में होने वाले निकाय चुनाव में पार्षद और महापौर पद के लिए उम्मीदवार उतारे जाएंगे।शर्मा ने कहा, अगर हिंदू महासभा मेरठ में महापौर का पद जीतती है और पर्याप्त संख्या में उसके पार्षद आते हैं तो मेरठ का नाम बदलकर नाथूराम गोडसे नगर कर दिया जाएगा और शहर तथा जिले के विभिन्न स्थानों के मुस्लिम नाम हिंदू महापुरुषों के नाम पर रखे जाएंगे। उन्होंने हिंदू महासभा के चुनाव में उतरने की घोषणा करने के बाद पदाधिकारियों के नामों की भी घोषणा की और कहा कि वे मिलकर देशभक्त उम्मीदवारों की पहचान करेंगे जिन्हें आने वाले चुनावों में खड़ा किया जाएगा।नगरीय निकाय चुनाव के लिए मेरठ जिले के प्रभारी बनाए गए अभिषेक अग्रवाल ने बाद में पत्रकारों को बताया कि इस बार हिंदू महासभा अपनी ओर से मेरठ जिले के सभी वार्ड सहित मेयर पद प्रत्याशी एवं मेरठ जनपद के देहात व कस्बों में भी प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाने का कार्य करेगी। अग्रवाल के मुताबिक उम्मीदवारों को एक हलफनामा भरना होगा। महासभा ने चुनावी घोषणापत्र भी जारी किया। घोषणा पत्र में पहली प्राथमिकता भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना और दूसरी प्राथमिकता गौ माता की देखभाल बताई गई है।

# बकाये गन्ना भुगतान को लेकर अवध केसरी सेना ने सौंपा ज्ञापन

**गोंडा।** किसानों के बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. नीरज सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष नील ठाकुर की अगुवाई में बजाज चीनी मिल कुंदरखी परिक्षेत्र के दर्जनों किसानों ने कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र भी सौंपा गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।अवध केसरी सेना प्रमुख ठा. नीरज सिंह ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि बजाज चीनी मिल कुंदरखी किसानों का पिछला बकाया गन्ना भुगतान करने के उपरांत ही नये सत्र की पेराई चालू करे, बजाज चीनी मिल के अलावा यहां के किसानों को किसी अन्य चीनी मिल में गन्ना बेचने की व्यवस्था कराई जाए, चीनी मिल प्रबंधन भुगतान को लेकर बार-बार वादाखिलाफी कर रहा है। जिससे किसानों की हालत बदतर होती जा रही है। जिस पर चीनी मिल पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। मांग पत्र में चेतावनी भी दी गई है कि यदि बजाज चीनी मिल पेराई सत्र शुरू करने से पहले किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं करती है तो अवध केसरी सेना किसानों के साथ संवैधानिक दायरे में रहते हुए शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज उपाध्याय, राम प्रकाश तिवारी, सुनील गिरी, अखंड सिंह, अमित मिश्रा, रितेश तिवारी सहित तमाम किसानबंधु मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते अवध केसरी सेना के लोग

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की एक अदालत ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 20 वर्षीय एक युवक को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर सात हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर उसे छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वरिष्ठ लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह और सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि मनकापुर थाना क्षेत्र के धुसवा गांव निवासी एक व्यक्ति ने छह दिसंबर 2020 को स्थानीय थाने में शिकायत की थी कि राजन नाम का युवक उनकी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।सिंह के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसके गांव में सरकारी स्कूल का निर्माण हो रहा है और दूसरे जिले के कई मजदूर भी इस बाबत गांव आए हुए है, जिनमें राजन भी शामिल है। सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई।

# ट्यूनीशिया और डेनमार्क का मुकाबला ड्रॉ

● गोलरहित छूटा मैच

**भाषा।** अल रयान



**ट्यूनीशिया ने** विश्व कप फुटबॉल में मंगलवार को यूरोपीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनलिस्ट डेनमार्क को गोल रहित से ड्रॉ पर रोका दिया। यह मौजूदा टूर्नामेंट का पहला गोलरहित मैच है। सऊ दी अरब की अर्जेंटीना पर उलटफेर भरी जीत के बाद हुए ग्रुप डी के इस मैच के दौरान स्टेडियम ट्यूनीशिया के समर्थकों से भरा हुआ था। ट्यूनीशिया पहली बार खाड़ी देश में हो रहे विश्व कप में प्रतिस्पर्धा कर रही इस क्षेत्र की चार टीमों में से एक है और डेनमार्क को बराबरी पर रोकना उसके लिए उपलब्धि की तरह है। मैच के दौरान ट्यूनीशिया ने बेहतर मौके बनाए। टीम दूसरे हाफ की शुरूआत में बढ़त हासिल करने के करीब पहुंच गई थी लेकिन डेनमार्क के गोलकीपर कैस्पर शमीचेल ने शानदार बचाव किया।डेनमार्क के क्लब ओडेंस के लिए खेलने वाले इस्साम जेबाली के दमदार प्रयास को शमीचेल ने शानदार तरीके से गोल पोस्ट से दूर कर दिया। उन्होंने इस शानदार बचाव से अपने पिता और मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व दिग्गज पीटर शमीचेल की याद दिला दी जो इसी तरह से गोल का बचाव करते थे। इस मुकाबले से डेनमार्क के क्रिश्चियन एरिक्सन ने बड़े टूर्नामेंट में वापसी की। उन्हें लगभग डेढ़ साल पहले यूरो 2020 के मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ा था। उन्होंने मैच में कई शानदार मौके बनाए लेकिन सफलता नहीं मिली। उनके दूर से लगाए एक शानदार प्रयास को ट्यूनीशिया के गोलकीपर अयमेन दाहमेने विफल कर दिया। मैच के आखिरी मिनटों में ट्यूनीशिया पर पेनल्टी का खतरा मंडराया लेकिन हाथ से गेंद लगाने की वीडियो सहायक रेफरी की मदद से समीक्षा के बाद खेल को जारी रखने का फैसला किया गया। डेनमार्क की टीम पिछले साल के यूरो 2020 में अपने प्रदर्शन के बाद से शानदार लय में है तो वहीं ट्यूनीशिया अपने छठे विश्व कप अभियान में पहली बार ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। ट्यूनीशिया के मिडफील्डर अइसा लाइडौनी ने मैच के शुरूआत में ही आक्रामक स्लाइडिंग टैकल के साथ एरिक्सन से गेंद को अपने नियंत्रण में लेकर टीम का दमखम दिखाया। उनके इस प्रयास के बाद पूरा स्टेडियम ट्यूनीशिया के प्रशंसकों की शोर से गूंजने लगा। दोनों टीमों ने गोल करने के 13 मौके बनाए पर किसी को सफलता नहीं मिली। दोनों टीमें का अगला मैच 26 नवंबर को होगा। डेनमार्क का मुकाबला फ्रांस और ट्यूनीशिया का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

## बेल के गोल से वेल्स ने अमेरिका से 1-1 से ड्रा खेला



**अल रेयान।** अमेरिका की युवा टीम फीफा विश्व कप में वापसी में जीत के करीब पहुंच गई थी लेकिन गेरेथ बेल के गोल की मदद से वेल्स ने मैच में।-। से ड्रा खेला। बेल ने सोमवार की रात हुए इस फुटबॉल मैच में 82वें मिनट में पेनल्टी किक से गोल कर अपनी टीम को अंक बांटने में सहायता की। अमेरिकी टीम इस ड्रा से काफी निराश हो गई जिससे उसका नॉकआउट चरण की राह और अधिक अनिश्चित हो गई है। मिडफील्डर ब्रेंडन आरोनसन ने कहा, आपको लग रहा था कि मैच आपके हाथों में है और आप मैच जीतने जा रहे हो। यह आपके मुंह पर करारा तमाचे की तरह है। अमेरिका ने टिम विया के 36वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली थी। क्रिस्टियन पुलिसिच के पास से टिम विया ने गोल दागा और दर्शकों को जीत की उम्मीद जगाई जिसमें उनके पिता पूर्व फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर और लाइबेरिया के राष्ट्रपति जॉर्ज लिया मौजूद थे।

## हर पल का लुत्फ उठाना चाहते हैं मेस्सी



**दोहा।** इस फीफा विश्व कप में अर्जेंटीनी स्टार लियोनल मेस्सी काफी सहज दिख रहे है, उन पर अपेक्षाओ के दबाव का असर नही दिख रहा है और संभवतः अपने अंतिम साबित होने वाले फुटबॉल महासमर में काफी खुश लग रहे है। शायद यह उनकी उम्र का या शायद उनके क्लब पेरिस सेट जर्मेन मे चल रही शानदार फॉर्म या फिर पिछले साल कोपा अमेरिका में खिताब का सूखा खत्म कराने का असर है कि वह सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस मे बहुत सहज नजर आए और हर वक्त उनके चेहरे पर मंद मंद मुस्कान थी। फुटबॉल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के कंधे से दबाव उठता दिख रहा है और वह काफी अलग लग रहे है जो वह खुद भी स्वीकार करते है। मेस्सी ने कहा, नही जानता कि यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण है या नही, लेकिन मै काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। शायद थोड़ा और परिपक्व हो गया हूं, हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहा हूं और हर चीज का लुत्फ उठा रहा हूं। इस विश्व कप में हर पल का मजा ले रहा हूं। इससे पहले मैने कभी इसके बारे मे नही सोचा था - मै सिर्फ खेलना चाहता था। और फिर अगले मैच के बारे मे सोचता था और कभी कभार मैने काफी चीजो की कमी महसूस की।

## सैकड़ों प्रशंसको को टिकटों को लेकर हुई परेशानी

**दोहा।** कतर में सैकड़ों फुटबॉल प्रशंसक मंगलवार को विश्व कप के अपने डिजिटल टिकट को लेकर संघर्ष करते दिखे क्योंकि फीफा के मोबाइल एप्लिकेशन में लगातार दूसरे दिन इसे लेकर भ्रम और निराशा बनी रही। दोहा मे टिकट समस्याओ को लेकर बनी डेस्क के बाहर परेशान प्रशंसको की लंबी कतार लग गई। कई लोगो ने बताया कि उनके टिकट फोन से अचानक गायब हो गए और उन्हें वापस नही लाया जा सका। इस तरह की गड़बड़ी के कारण सोमवार को सैकड़ों प्रशंसक ईरान के खिलाफ इंग्लैंड के मैच की शुरुआत के कुछ मिनटो के खेल को देखने से चूक गए थे। दोहा के मध्य स्थित कन्वेंशन सेंटर में टिकट रिजॉल्यूशन पॉइंट के सामने प्रशंसक अपने टिकट की परेशानियो के बारे में एक-दूसरे को बताते दिखे। उन्होंने यहां वालेंटियर्स को अपने मोबाइल ऐप पर त्रुटि के संदेश दिखाए। मोहम्मद साजिद नाम के एक सुरक्षा गार्ड ने कहा कि जब सुबह भीड़ चरम पर थी तो कुछ गुस्साए प्रशंसकों को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया था। मेक्सिको सिटी के 64 वर्षीय फुटबॉल प्रशंसक मार्सिया हर्नांडिज लाइन में अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐप की समस्याओ ने उन्हे एक इंग्लैंड-ईरान के खेल के पहले 20 मिनट को देखने से वंचित कर दिया। मै छह विश्व कप मे गया हूं और मुझे कभी भी इस तरह की समस्या नही हुई। उनके दो टिकट उनके मोबाइल ऐप पर नही दिखाई दे रहे है।

# जापान के खिलाफ जीत दर्ज कर 2018 की कड़वी यादों को पीछे छोड़ना चाहेगा जर्मनी



**भाषा।** बर्लिन

**पिछले** विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने का दंश झेलने वाली जर्मनी की फुटबॉल टीम बुधवार को जापान के खिलाफ जब मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ चार साल पहले की कड़वी यादों को भूलना होगा। रूस में 2018 विश्व कप में 2014 की यह चैम्पियन टीम पहले दौर से ही बाहर हो गई थी। चार बार की चैम्पियन जर्मनी की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार शुरुआती दौर से बाहर हुई थी। यह जर्मनी का 110वां विश्व कप मैच होगा और टीम इसमें दमदार प्रदर्शन कर उन संदेहों को मिटा सकती है जो पिछले विश्व कप से शुरू हुई है। टीम अगर इस मैच में जीत दर्ज करती है तो वह प्रशंसकों को भी मुकाबले देखने के लिए प्रेरित करेगी। टीम के प्रशंसक खराब प्रदर्शन के साथ कतर के मानवाधिकार रिकॉर्ड के कारण टूर्नामेंट का बहिष्कार कर रहे है। जापान के बाद जर्मनी के सामने रविवार को स्पेन और फिर एक दिसंबर को ग्रुप ई में अपने अंतिम मैच में कोस्टा रिका की चुनौती होगी। जापान की सातवीं बार विश्व कप में खेलेगा और टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## कनाडा विश्वकप में 36 साल बाद खेलेगा पहला मैच, बेल्जियम से मिलेगी कड़ी चुनौती

**दोहा।** कनाडा के फुटबॉल प्रशंसको का पिछले 36 वर्षों से चला आ रहा लंबा इंतजार बुधवार को उस समय खत्म हो जाएगा जब उनकी टीम फीफा विश्व कप में मजबूत बेल्जियम का सामना करने के लिए मैदान पर उतरेगी। कनाडा 1986 के बाद पहली बार विश्वकप मे खेल रहा है और उसका पहला मुकाबला ही बेल्जियम की टीम से है जो 2018 मे सेमीफाइनल में पहुंची थी और अभी फीफा रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज है। कनाडा 36 साल पहले जब अपने पहले विश्वकप में खेला था तो वह एक भी गोल करने मे नाकाम रहा था। उसे तब फ्रांस, हंगरी और सोवियत संघ से हार का सामना करना पड़ा था। अब कनाडा की अगुवाई नई पीढ़ी कर रही है जिसमें अल्फोंसो डेविस, जोनाथन डेविड और काइल लारिन जैसे खिलाड़ी शामिल है।

## प्रत्येक गोल पर डांस के लिए तैयार ब्राजील के खिलाड़ी

**दोहा।** पांच बार की विश्व चैम्पियन ब्राजील के खिलाड़ियों ने कतर में फीफा विश्व कप के दौरान योजना बनाई है कि वे प्रत्एक गोल का जश्न डांस करके मनाएंगे। टीम कतर मे सर्बिया के खिलाफ पहला मुकाबला खेलेगी और सभी खिलाड़ी इससे पहले काफी खुश है। उन्होंने प्रत्एक गोल का जश्न मनाने के लिए अपने डांस (नाच) की तैयारी कर ली है और इसके लिए रिहर्सल भी कर रहे है। और यह सिर्फ एक या दो या तीन गोल के लिए नही बल्कि सभी 10 गोल के लिए अलग अलग होगा। ब्राजील के फॉरवर्ड राफिन्हा ने सोमवार को कहा, सच बताऊ हमने 10वें गोल तक के लिए अपने डांस की तैयारी कर ली है। हमने प्रत्एक गोल के लिए अलग अलग डांस तैयार किया है जो 10वें गोल तक के लिए किया है। अगर हमारे 10 से ज्यादा गोल होते है तो हमें फिर से नई तरह का डांस करेंगे। विनिसियस जूनियर रियाल मैड्रिड मे अपने डांस की वजह से विवाद में फंस गए थे। स्पेन में आलोचनाओं के बावजूद वह और साथी रोड्रिगो गोल होने के बाद डांस से जश्न मनाते रहे और उन्होने कहा था कि विश्व कप मे राष्ट्रीय टीम के साथ भी इसे जारी रखेंगे। राफिन्हा और नेमार ने सार्वजिनक रूप से विनिसियस जूनियर का समर्थन किया था।

## कोस्टारिका के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी स्पेन की युवा टीम की

दोहा। **स्पेन फीफा** विश्वकप मे अपने दूसरे खिताब की कवायद मे बुधवार को जब कोस्टारिका का सामना करेगा तो इस टूर्नामेंट मे उसके लिए नए युग की शुरुआत भी होगी क्योंकि उसकी टीम मे अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल है। स्पेन की इस नई टीम की अगुवाई लगातार दो गोल्डन ब्वॉय पुरस्कार विजेता पेड्री और गावी करेंगे। इन खिलाड़ियो की कोस्टारिका की अनुभवी टीम के सामने कड़ी परीक्षा होगी। कोस्टारिका ने अपनी टीम मे कुछ उन खिलाड़ियों को शामिल किया है जिन्होंने उसे आठ साल पहले क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने में मदद की थी। कोस्टारिका को उम्मीद है कि वह ब्राजील मे आठ साल पहले खेले गए विश्वकप की सफलता को दोहराने मे सफल रहेगा और चार साल पहले रूस मे मिली निराशा से बचना चाहेगा। तब कोस्टारिका की टीम एक भी मैच नही जीत पाई थी और पहले दौर मे ही बाहर हो गई थी। स्पेन भी 2018 के टूर्नामेंट की पुनरावृति से बचना चाहेगा जब उसे मेजबान रूस ने अंतिम 16 से आगे नही बढ़ने दिया था। पिछले विश्वकप मे भाग लेने वाले कई दिग्गज खिलाड़ी अब टीम मे नही है।

## भारत की अगुआई करेंगी मीराबाई, जेरेमी विश्व चैम्पियनशिप से बाहर

नई दिल्ली। जेरेमी लालरिनुंगा चोटिल होने के कारण अगले महीने होने वाली 2022 भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप मे हिस्सा नही ले पाएंगे जिसमें भारत की चार सदस्ईय टीम की अगुआई ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू करेंगी। भारत के पहले युवा ओलंपिक चैम्पियन जेरेमी जुलाई मे राष्ट्रमंडल खेलो मे स्वर्ण पदक विजई अभियान के दौरान चोटिल हो गए थे।

## मैक्सवेल ने कहा, पूरी उम्मीद भारत दौरे पर नहीं जा पाऊंगा

मेलबर्न। स्टार आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल एक दुर्घटना में लगी पैर की चोट की सर्जरी के बाद बिस्तर पर पड़े है और उन्हे लगता है कि अगले साल होने वाले भारत दौरे पर उनके समय पर उबरने की संभावना काफी कम है। मैक्सवेल ने कहा कि फरवरी-मार्च में होने वाले इस दौरे के लिए चयन में उनकी अनुपस्थिति की संभावना काफी अधिक है।

## भारत दौरे पर आस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी एलिसा

मेलबर्न। मेग लैनिंग की अनुपलब्धता के कारण क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए मंगलवार को अनुभवी विकेटकीपर एलिसा हीली को 15 सदस्ईय आस्ट्रेलियाई महिला टीम का कप्तान चुना।

## पूरन ने सफेद गेंद की टीम की कप्तानी छोड़ी

सेंट जोंस (एंटीगा)। निकोलस पूरन ने हाल में आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के निराशाजनक तरीके से बाहर होने के बाद सीमित ओवर टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हार का सामना करना पड़ा था जबकि टीम केवल जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत हासिल कर पाई थी।

## युवराज सिंह को नोटिस

पणजी। गोवा पर्यटन विभाग ने क्रिकेटर युवराज सिंह को मोरजिम में अपने विला को पंजीकृत कराए बिना होमस्टे के तौर पर संचालित करने पर नोटिस जारी कर आठ दिसंबर को उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया है। गोवा पर्यटन व्यापार अधिनियम 1982 के तहत राज्य मे होमस्टे का संचालन पंजीकरण के बाद ही किया जा सकता है।

## इवांस के नमूने के जांच में मिला प्रतिबंधित पदार्थ

लंदन। इंग्लैंड के क्रिकेटर लॉरी इवांस के नमूने की जांच मे प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग टीम पर्थ स्कॉर्चर्स ने मंगलवार को उनके साथ करार तोड़ दिया। इवांस ने एक बयान में कहा कि वह अगस्त में हुई जांच के नतीजों से हैरान हैं। वह उस महीने इंग्लैंड में द हंड्रेड प्रतियोगिता मे मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के साथ खेल रहे थे।

# भारत ने 1-0 से जीती श्रृंखला

●बारिश से टाई हुआ तीसरा टी-20

**भाषा।** नेपियर



**बारिश के** कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को यहां तीसरा और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से टाई रहा जिससे हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली मेहमान टीम ने।-0 से श्रृंखला अपने नाम की। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज के चार चार विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 19.4 ओवर में 160 रन के स्कोर पर समेट दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने नौ ओवर में चार विकेट 75 रन बना लिए थे कि बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। कप्तान पंड्या 30 और दीपक हुड्डा नौ रन बनाकर खेल रहे थे। अंपायरों ने मैच खत्म होने का फैसला किया और दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ मिलाए। भारत का नौ ओवर के बाद स्कोर डकवर्थ लुईस पद्धति के हिसाब से टाई के स्कोर के बराबर था। इस पूरी श्रृंखला में बारिश ने विघ्न डाला। पहला टी20 बारिश के कारण रद्द हो गया था जबकि दूसरे मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रन से शिकस्त दी थी। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही, उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (10 रन) का विकेट गंवा दिया था जो एडम मिल्ने की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग में खड़े मार्क चैपमैन को कैच देकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का पारी शुरू कराने का प्रयोग पिछले मैच की तरह इसमें भी विफल रहा जो दो चौके जमाकर पांच गेंद में 11 रन ही बना सके थे कि तीसरे ओवर में टिम साउदी की गेंद को हवा में खेलकर डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर ईश सोढी को कैच देकर पवेलियन पहुंचे। टीम ने अगली गेंद पर तीसरा विकेट श्रेयस अय्यर के रूप में गंवाया जो खाता भी नहीं खोल सके और साउदी का दूसरा शिकार बने। पिछले मैच में अपना दूसरा टी20 शतक जड़ने वाले सूर्यकुमार यादव (13 रन) बड़ी पारी नहीं खेल सके और सोढ़ी की गेंद पर डीप मिडविकेट पर फिलिप्स को कैच दे बैठे। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे (49 गेंद में 59 रन) और ग्लेन फिलिप्स (33 गेंद में 54 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी निभाई। लेकिन इसके बाद मेजबान टीम ने महज 30 रन के अंदर अपने आठ विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड का स्कोर 16वें ओवर में दो विकेट पर 130 रन था लेकिन अर्शदीप (37 रन देकर चार विकेट) और सिराज (17 रन देकर चार विकेट) ने शानदार वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को दो गेंद रहते ही समेट दिया। भारत को पहला विकेट अर्शदीप ने दिलाया जब फिन एलेन उनकी फुल लेंथ गेंद पर पगबाधा आउट हुए। एलेन फैसले की समीक्षा करना चाहते थे लेकिन फिर पवेलियन लौट गए। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने तीसरे ओवर में कसी गेंदबाजी की। कॉनवे ने फिर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप पर मिड विकेट पर चौका और एक्स्ट्रा कवर पर एक छक्का जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने इस तेज गेंदबाज के सिर के ऊपर से खूबसूरत चौका लगाया, जिससे चौथे ओवर में 19 रन बने और न्यूजीलैंड की टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी। भुवनेश्वर कुमार ने फिर अगले ओवर में 14 रन गंवाए।

### स्कोरबोर्ड

**न्यूजीलैंड पारी :** एलेन पगबाधा बो अर्शदीप सिंह 03,कॉनवे का ईशान किशन बो अर्शदीप सिंह 59,चैपमैन का अर्शदीप सिंह बो मोहम्मद सिराज 12,फिलिप्स का भुवनेश्वर कुमार बो मोहम्मद सिराज 54, मिशेल का पंत बो अर्शदीप सिंह 10, नीशाम का पंत बो मोहम्मद सिराज 00, सैंटनर का चहल बो मोहम्मद सिराज 01, मिल्ने रन आउट 00, सोढी बो अर्शदीप सिंह 00,साउदी बो पटेल , फर्ग्यूसन नाबाद 05, **अतिरिक्त** : 10,**कुल योग** : 19.4 ओवर में 160 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन** :।-9, 2-44, 3-130, 4-146, 5-147, 6-149, 7-149, 8-149, 9-149, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-35-0,अर्शदीप 4-0-37-4, सिराज 4-0-17-4,हुड्डा।-0-3-0,चहल 3-0-35-0,पटेल 4-0-28-।

**भारत पारी :** किशन का चैपमैन बो मिल्ने 10, पंत का सोढी बो साउदी 11,यादव का फिलिप्स बो सोढी 13,अय्यर का नीशाम बो साउदी 00,पंड्या नाबाद 30,हुड्डा नाबाद 09,**अतिरिक्त** : 02,**कुल योग** : नौ ओवर मे चार विकेट पर 75 रन ,**विकेट पतन** :।-13, 2-21, 3-21, 4-60,**गेंदबाजी** : साउदी 3-0-27-2, मिल्ने 2-0-23-।,फर्ग्यूसन।-0-8-0, सोढी 2-0-12-।, सैंटनर।-0-5-0

## यदि कोई मौका न मिलने से आहत महसूस करता है तो बातचीत के लिए दरवाजे खुले हैं : पंड्या

**भाषा।** नेपियर



**हार्दिक पंड्या** को पूरा विश्वास है कि अगर उन्हें सबसे छोटे प्रारूप की कप्तानी सौंपी जाती है तो वह सभी खिलाड़ियों को साथ में लेकर चलने का कौशल रखते हैं। पंड्या ने कहा कि अगर उन्हें भविष्य में कप्तान बनाया जाता है तो वहां अपने तरीके से टीम की अगुवाई करेंगे और उनकी टीम वैसे ही क्रिकेट खेलेगी जिस तरीके को वह सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। पंड्या की कप्तान के रूप में टी20 श्रृंखला में यह दूसरी जीत है। इससे पहले उनकी अगुवाई में भारत ने जून में आयरलैंड को हराया था। सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री जैसे पूर्व क्रिकेटर उन्हें भावी कप्तान के रूप में देखते हैं। बारिश से प्रभावित तीसरा मैच टाई छूटने के बाद पंड्या ने इस संदर्भ में कहा, अगर लोग कहते हैं तो आपको अच्छा लगता है लेकिन जब तक इसकी घोषणा नहीं होती आप कुछ नहीं कह सकते। इमानदारी से कहूं तो मैं चीजों को सरल बनाए रखता हूं। मैं एक मैच में कप्तानी करूं या श्रृंखला में मैं अपने तरीके से टीम की अगुआई करूंगा। जब भी मुझे मौका दिया गया तो मैंने वैसे ही क्रिकेट खेली जैसा मैं जानता हूं। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और तेज गेंदबाज उमरान मलिक को श्रृंखला के दौरान मौका नहीं मिला लेकिन पंड्या ने कहा कि प्रत्एक खिलाड़ी के पास पर्याप्त मौके मिलने के लिए पर्याप्त समय है। अगर यह तीन मैच की बजाए बड़ी श्रृंखला होती तो हम उनको जरूर मौका देते। मैं कम मैचों की श्रृंखला में लगातार बदलाव में विश्वास नहीं रखता।

### इस विकेट पर आक्रमण ही सबसे अच्छा बचाव था

**नेपियर।** भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने 18 गेंद पर नाबाद 30 रन बनाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ बारिश से प्रभावित तीसरे एवं अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को टाई कराने में अहम भूमिका निभाने के बाद मंगलवार को यहां कहा कि इस विकेट पर आक्रमण ही सबसे अच्छा बचाव था। पंड्या ने मैच के बाद कहा, मैं पूरा मैच खेल कर जीत हासिल करना पसंद करता लेकिन ऐसा होता है। मुझे लगा कि इस विकेट पर आक्रमण ही सबसे अच्छा बचाव है। हम जानते थे कि उनके पास किस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है इसलिए 10 से 15 अतिरिक्त रन बनाना महत्वपूर्ण था भले ही हमने कुछ विकेट गंवा दिए थे। इस तरह के मैचों में हमें कुछ खिलाड़ियों को आजमाने का मौका मिलता है लेकिन मौसम पर हमारा नियंत्रण नहीं है। अब मैं घर लौट जाऊंगा और कुछ समय अपने बेटे के साथ बिताऊंगा।

## नए प्रारूप में खेला जाएगा अगला पुरुष टी20 विश्व कप

**भाषा।** नई दिल्ली

**टी20** विश्व कप 2024 अलग प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें भाग लेने वाले 20 देशों को पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप में विभाजित किया जाएगा जबकि पहले दौर के बाद सुपर आठ चरण होगा। वहीं 2021 और 2022 टी20 विश्व कप में पहले दौर के बाद सुपर 12 चरण आयोजित किया गया था लेकिन अगले टूर्नामेंट में प्रत्एक चार ग्रुप से शीर्ष दो दो टीमें सुपर आठ चरण में जगह बनाएंगी जिसमें इन्हें फिर चार चार के दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। फिर सुपर आठ के दो ग्रुप में से प्रत्एक से शीर्ष दो दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी जिसके बाद फाइनल खेला जाएगा। वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले अगले चरण के टूर्नामेंट के लिए 12 टीमें पहले ही अपना स्थान पक्का कर चुकी हैं। मेजबान वेस्टइंडीज और अमेरिका ने पहले दो स्थान हासिल किए। हाल में आस्ट्रेलिया में समाप्त हुए टी20 विश्व कप की शीर्ष आठ टीमें (सुपर 12 ग्रुप में प्रत्एक से शीर्ष चार टीमें) 2024 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं जिसमें मौजूदा चैम्पियन और उप विजेता पाकिस्तान शामिल हैं।

## जडेजा के बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला तक फिट होने पर संदेह, सूर्यकुमार को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के चटगांव में 14 दिसंबर से शुरू हो रही बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला से पहले पूरी तरह फिट होने की संभावना काफी कम है।यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने दी। भारत के पास पहले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव हैं के रूप में तीन विकल्प है, ऐसे में टीम में चौथे विशेषज्ञ स्पिनर की जरूरत शायद ही हो। टीम प्रबंधन अगर जडेजा की तरह किसी स्पिनर हरफनमौला को चाहेगा तो यह विकल्प भारत ए के गेंदबाज सौरभ कुमार होंगे। ऐसी अटकलें हैं कि नई चयन समिति या भारतीय टीम प्रबंधन (तब तक नई समिति का गठन नहीं होने की स्थिति में) सूर्यकुमार यादव के शानदार फॉर्म को खेल के लंबे प्रारूप में परखना चाहेगी।भारत को बांग्लादेश में दो टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलने हैं और रोहित शर्मा के नेतृत्व में मजबूत टीम पड़ोसी देश का दौरा करने के लिए तैयार है।

# विश्व युवा मुक्केबाजी : सात भारतीयों ने पदक पक्के किए



**भाषा।** नई दिल्ली

मौजूदा युवा एशियाई चैम्पियन रवीना, विश्वनाथ सुरेश और वंशज उन सात भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने स्पेन के ला नुसिया में चल रही विश्व युवा पुरुष एवं महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए। अंतिम चार में जगह बनाने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में भावना शर्मा (48 किग्रा), कुंजारानी देवी थोंगम (60 किग्रा), लशु यादव (70 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) शामिल हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत की चार महिला खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में अपने मुकाबले 5-0 के समान अंतर से जीते। रवीना ने जहां 63 किग्रा मुकाबले में रोमानिया की एलेक्जेंड्रा क्रेटू को हराया, वहीं भावना ने वेनेजुएला की एविमिर ब्रिटो को, कुंजारानी ने कजाकिस्तान की एगेरिम कबदोल्डा को और लशू ने मैक्सिको की जुजेट हर्नांडेज का शिकस्त दी। भारतीय महिला खिलाड़ियों में केवल ग्रिविया देवी हुइड्रोम (54 किग्रा) को ही हार का सामना करना पड़ा। उन्हें कजाकिस्तान की एलिना बजरोवा से 5-0 से पराजित किया। इस बीच भारतीय पुरुषों के लिए यह मिश्रित सफलता वाला दिन रहा। भारत के पांच पुरुष मुक्केबाजों में से तीन ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## विश्व टीम शतरंज : भारत ने अजरबेजान को मात दी, पर उज्बेकिस्तान से हारा

**यरूशलम।** भारत ने फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप में पूल बी के तीसरे दौर में अजरबेजान पर जीत दर्ज की लेकिन चौथे दौर में उसे उज्बेकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा। विदिति संतोष गुजराती की शखरियार मामेदयारोव पर जीत से भारत ने सोमवार को अजरबेजान को 2.5-1.5 से हराया। तीन अन्य बाजियां ड्रा रहीं। निहाल सरीन ने तैमूर राद्जाबोव से, एस एल नारायणन ने गादिर गुसेनोवा और के शशिकिरण ने रॉफ मामेदोव से अंक बांटे। लेकिन चौथे दौर में उज्बेकिस्तान के खिलाफ टीम को 0.5-3-5 से हार का सामना करना पड़ा, जिसमें केवल नारायणन ने ही शाम्सिद्दीन वोखिदोव से ड्रा खेला। गुजराती को अपने से निचली रैंकिंग के नादिरबेक याकुबोएव से हार मिली जबकि जोवोखिर सिंदारोव ने सरीन को पराजित किया। जाखोंगिर वाखिदोव ने अभिजीत गुप्ता को 51 चाल में शिकस्त दी।

# दिव्यांशी फाइनल में, यूपी का पदक पक्का

34वीं सब जूनियर अंडर-13 नेशनल बैडमिंटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दिव्यांशी गौतम** ने योनेक्स सनराईज 34वीं सब जूनियर अंडर-13 नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2022 में बालिका एकल के फाइनल में प्रवेश कर मेजबान उत्तर प्रदेश का पदक पक्का किया। दिव्यांशी ने बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हाल में मंगलवार को बालिका एकल के सेमीफाइनल में आंध प्रदेश की छठीं वरीय रेणुश्री को सीधे गेम में 21-16, 21-14 से हराया। फाइनल में 15वीं वरीय दिव्यांशी की टक्कर आठवीं वरीय ओडिशा की तन्वी पत्री से होगी जिसने दूसरे सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश की पांचवीं वरीय तन्मई धमाम को 21-10, 21-12 से हराया। दूसरी ओर बालक एकल का फाइनल 11वीं वरीय आंध्र प्रदेश के अखिल रेड्डी बोपा और चौथी वरीय तेलंगाना के निशांत भूक्या के बीच खेला जाएगा। आज बालिका एकल के 26 मिनट चले सेमीफाइनल में 15वीं वरीय यूपी की दिव्यांशी गौतम ने छठीं वरीय रेणुश्री के खिलाफ शानदार खेल दिखाया। दिव्यांशी को पहले गेम में जूझना भी पड़ा जब उन्होंने 20-12 से बढ़त बना ली। हालांकि अगली ही सर्विस पर रेणुश्री ने गेम प्वाइंट बचा लिया और लगातार चार अंक जुटाकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। वहीं दिव्यांशी को जीत के लिए एक अंक जुटाने के लिए इंतजार करना पड़ा। मैच में जब स्कोर 20.16 था तभी दिव्यांशी ने एक तेज शॉट खेलते हुए अंक जुटाते हुए गेम 21.16 से अपने नाम कर लिया।